सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-234 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 15 फरवरी 2025
16 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## लखनऊ को मिला दो नया फ्लाईओवर, 588 करोड़ की 114 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण-शिलान्यास

# शहरी विकास को लेकर संवेदनशील है केंद्र सरकार : राजनाथ

### तोहफा

- पिछले दस सालों में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक निवेश हुआ
- यूपी में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे
- लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार शहरी विकास को लेकर संवेदनशील है और पिछले दस सालों में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक निवेश हुआ है।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में लखनऊ में 1028 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर उन्होने कहा कि 2004 से 2014 तक देश में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केवल 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जबकि 2014 से 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में 28.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ इन्वेस्ट हब के रूप में लखनऊ को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। हाल के एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में लखनऊ को दुनिया के उन शहरों में शामिल किया गया है, जहां तेजी के साथ विकास हो रहा है और भूमि की कीमतें सबसे तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की मंशानुरूप यूपी में शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि उनके नेतृत्व में लखनऊ मेट्रो के विस्तार पर भी जोर दिया गया, जिसमें चारबाग से वसंत कुंज तक की परियोजना को जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे हैं। पॉलीटेक्निक चौराहे से मुंशी पुलिया तक 170 करोड़ रुपये की लागत से बने चार लेन फ्लाईओवर और इंदिरा नगर से खुर्रमनगर तक 270 करोड़ रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, अमर शहीद पथ के पास सर्विस रोड के निर्माण हेतु 45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लखनऊ के रेलवे नेटवर्क को और अधिक उन्नत किया जा रहा है। गोमतीनगर रेलवे टर्मिनस, आलमनगर सैटेलाइट स्टेशन, ऐशबाग और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ट्रांसपोर्ट नगर और उत्तरेठिया स्टेशन का उच्चीकरण भी किया जा रहा है। हवाई सेवाओं को भी विस्तार देने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुविधा और बेहतर हो सके।

### अब बीमारू राज्य नहींः गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु एवं पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें यूपी की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि अगर सड़क, जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार की व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तो उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित हो रहा यूपीः योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ न केवल आस्था का महापर्व है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## न्यूज डायरी

### अतिक्रमण को लेकर अदालत सख्त

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र देश का अकेला ऐसा राज्य है जहां अतिक्रमण करने वालों को मुफ्त आवास का लाभ दिया जाता है। लगातार हो रहे अवैध निर्माण ने सामूहिक आवास की समस्या को अधिक पेचीदा बना दिया है। 30 जुलाई 2024 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महाराष्ट्र स्लम क्षेत्र अधिनियम 1971 की समीक्षा के संबंध में स्वत- संज्ञान के आधार पर एक याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई की।

### अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लेकर फिर आ रहा जहाज

**चंडीगढ़।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों से भरा एक और प्लेन शनिवार को अमृतसर पहुंच रहा है। प्लेन में 119 लोग होंगे। इनमें से 67 पंजाबी हैं। प्लेन के आने की सूचना के बाद से अमृतसर में खुफिया एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। पंजाब पुलिस के डीसीपी हरप्रीत सिंह मंढेर ने बताया कि सूचना मिली है कि शनिवार रात को एक जहाज अमृतसर में लैंड होगा। प्लेन रात दस बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा।डिपोर्ट होने वाले लोगों में हरियाणा के 33, गुजरात के 8, यूपी के 3, महाराष्ट्र के 2, राजस्थान के 2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक लोग हैं।

### अगले हफ्ते नए मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा संभव

**नई दिल्ली।** अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति अगले सप्ताह की शुरुआत में बैठक कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की 18 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पहले समिति की बैठक रविवार या सोमवार को हो सकती है। यह खोज समिति एक नाम की सिफारिश करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 25 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं।

## चंडीगढ़ में तीन घंटे चली केंद्र और किसानों की बैठक

**22 फरवरी को फिर होगी मीटिंग**



**नई दिल्ली।** एमएसपी की कानूनी गारंटी व अन्य मांगों को लेकर एक साल से शंभू व खनौरी सीमा पर धरना दे रहे किसानों की शुक्रवार को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार से अहम वार्ता खत्म हो गई है। केंद्र सरकार के साथ चंडीगढ़ में किसानों की बैठक खत्म हो गई है। शुक्रवार को लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में दोनों तरफ से कोई हल नहीं निकल पाया है। किसानों के साथ केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक शाम 5 बजे शुरू हुई थी, जो रात 7.45 बजे तक चली। बैठक में किसानों की मांगों पर कोई हल नहीं निकल पाया है। इस वजह से अब किसानों के साथ दोबारा बैठक होगी। अगली बैठक 22 फरवरी को होगी। इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान भी शामिल होंगे। बैठक में पंजाब के मंत्री गुरमीत खुड्डियां और कटारूचक्क और डीजीपी गौरव यादव भी रहे मौजूद। वहीं किसानों के प्रतिनिधिमंडल में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर समेत 28 किसान नेता बैठक में पहुंचे थे। केंद्र और किसानों के बीच सेक्टर-26 में बैठक हुई। यह बैठक शाम पांच बजे शुरू हुई थी। बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी स्टेट इंस्टिट्यूट में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी पहुंचे थे। उन्हें एंबुलेंस के जरिये चंडीगढ़ लाया गया था।

### 81 घर मालिकों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

## नहीं गिराए जाएंगे फ्लैट्स

- रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट के फ्लैट न गिराने का आदेश
- करीब 19 साल पुराना है मामला
- एलडीए अधिकारियों को तय करनी होगी जवाबदेही



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्राधिकरण द्वारा 81 अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को फ्लैट खाली करने के नोटिस पर रोक लगाते हुए फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान की। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ये नोटिस जारी किए थे। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की पीठ ने लखनऊ महानगर स्थित 'रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट' के कुछ फ्लैट मालिकों द्वारा दायर रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया।

पीठ ने अपार्टमेंट को गिराने पर रोक लगा दी है। इससे पहले प्राधिकरण के अधिवक्ता रत्नेश चंद्र ने पीठ को बताया कि एलडीए ने 2012 की जनहित याचिका में समन्वय पीठ द्वारा पारित आदेश के कारण उक्त अपार्टमेंट को गिराने की कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने करीब 19-20 साल पहले अपार्टमेंट के बिल्डरों को जारी किए गए आदेशों के अनुपालन में उक्त अपार्टमेंट को ध्वस्त करने के लिए यह पहल की थी। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह उन एलडीए अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी, जो 19 साल पहले बिल्डरों को जारी किए गए ध्वस्तीकरण आदेशों का पालन करने में विफल रहे थे। पीठ का मानना था कि बिल्डरों की गलती के लिए, फ्लैट मालिकों को नुकसान नहीं उठाना चाहिए, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से फ्लैट खरीदे थे और उन्हें बिल्डरों को दिए गए नोटिस के बारे में पता नहीं था।

### पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच चार घंटे की लंबी मुलाकात, नौ समझौतों पर हस्ताक्षर

## आतंकवाद के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे भारत-अमेरिका : ट्रम्प

- ट्रंप-मोदी के बयान से तिलमिलाया पाकिस्तान
- ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पुस्तक हमारी यात्रा एक साथ उपहार में दी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 के आतंकवादी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण किये जाने, भारतीय वायु सेना के लिए एफ 35 युद्धक विमान की खरीद का मार्ग प्रशस्त करने तथा भारत को तेल एवं गैस की आपूर्ति के एक समझौते की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चार घंटे तक चली बैठकों के बाद ये घोषणाएं की तथा संकेत दिया कि वह भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण की दिशा में कदम उठाने वाले हैं। अमेरिका और भारत के बीच नौ समझौतों पर सहमति हुई। उन्होंने बंगलादेश के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को समुचित कदम उठाने की भी सलाह दी। व्यापार समझौतों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि वह किसी को हराना नहीं बल्कि अमेरिका के हितों की रक्षा करने के हक में हैं। वहीं पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान तिलमिला गया है। भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके।

मोदी के व्हाइट हाउस पहुंचने पर ट्रंप ने बहुत गर्मजोशी स्वागत करते हुए गले मिले। ट्रंप ने कहा, हमने आप याद आए, हमने आपको बहुत याद किया। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करके मुझे बहुत खुशी हुई। वह लंबे समय से मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों नेताओं के बीच ओवल आफिस में एकांत में मुलाकात हुई और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की बात हुई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री को एक पुस्तक हमारी यात्रा एक साथ उपहार में दी।

## राहुल और प्रियंका 19-20 को कर सकते हैं संगम स्नान



**लखनऊ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा सांसद प्रियंका गांधी भी संगम में डुबकी लगाएंगी। इन नेताओं के 19 या 20 फरवरी को स्नान करने की संभावना है। कांग्रेस नेता मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुए हादसे के मृतकों के परिजनों से मिलने के लिए उनके आवास भी जा सकते हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के संगम स्नान की कवायद कई दिनों से चल रही है। शुक्रवार को चर्चा रही कि दोनों नेता 16 फरवरी को स्नान के लिए आ रहे हैं लेकिन पार्टी के स्थानीय नेताओं ने राहुल गांधी के इस तरह के किसी कार्यक्रम से अनभिज्ञता जताई। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व शिवरात्रि यानि, 26 फरवरी से पहले संगम स्नान करेंगे लेकिन फिलहाल तारीख तय नहीं है। वहीं पार्टी के एक अन्य नेता का कहना है कि रविवार को संगम में अधिक भीड़ की संभावना है।

### प्रदेश सरकार के विशेष प्रबंधों से महाकुंभ बना ऐतिहासिक





## महाकुंभ में बना महारिकॉर्ड

**50** करोड़ के पार स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा

**महाकुंभ नगर।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है।

तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है।

इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।

### भारत की लोक आस्था का यह अमृतकाल है : योगी



महाकुंभ नगर स्नानार्थियों ने की संख्या 50 करोड़ पार होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि भारत की आध्यात्मिकता, एकात्मता, समता और समरसता के जीवंत प्रतीक महाकुम्भ 2025 में अब तक पावन त्रिवेणी में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। भारत की कुल जनसंख्या में 110 करोड़ नागरिक सनातन धर्मावलंबी हैं और उसमें से 50 करोड़ से अधिक नागरिकों द्वारा संगम में पवित्र स्नान उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति महान सनातन के प्रति दृढ़ होती आस्था का परिचायक है।

## संभल की जामा मस्जिद की दीवार पर चिपकाए गए 74 फोटो




**संभल।** 24 नवंबर, 2024 को हुई हिंसा के आरोपितों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया है। शुक्रवार को 74 पत्थरबाजों के फोटो जामा मस्जिद की दीवार पर चस्पा किए गए हैं। इन्हें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जामा मस्जिद क्षेत्र में ही आगजनी और पथराव करते चिन्हित किया गया था। गुरुवार को भी पुलिस ने एक आरोपित का फोटो चस्पा किया था। इधर, पुलिस को हिंसा के दौरान 150 से अधिक मोबाइल नंबर संदिग्ध मिले हैं। सर्विलांस के साथ विभिन्न मोबाइल कंपनियों से भी उनके बारे में जानकारी जुटाई है। माना जा रहा है, हिंसा के लिए बाहरी लोगों को भी बुलाया गया था।

### उप्र विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाणा में विधायकों को संबोधित किया

## विधायक संसदीय मर्यादाओं का सम्मान करें : सतीश महाना

**लोकतंत्र की सफलता का मूल मंत्र विधायकों की जिम्मेदारी व जनता के प्रति जवाबदेही**



**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को हरियाणा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित 'प्रबोधन कार्यक्रम' में बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया और विधायकों को विधायिका की गरिमा बनाए रखने तथा लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें जनता की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, अतः हमारा कर्तव्य है कि हम संसदीय मर्यादाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखें।

कहा कि 'किसी भी सदन का सदस्य होना बड़े ही गौरव की बात होती है, किंतु यदि व्यक्तिगत रुचियाँ अनुशासनहीनता की ओर ले जाती हैं, तो इससे न केवल व्यक्तिगत छवि, बल्कि संपूर्ण विधायिका की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।' उन्होंने सभी नवनिर्वाचित विधायकों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और अपने आचरण में शुचिता बनाए रखने का आह्वान किया। लोकतंत्र की सफलता का मूल मंत्र विधायकों की अपनी जिम्मेदारी और जनता के प्रति उनकी जवाबदेही में निहित है। उन्होंने नव-निर्वाचित सदस्यों को सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने की सलाह दी और कहा कि संसद व विधानसभा एक शिक्षण संस्थान के समान हैं, जहां प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे से सीखकर अपनी कार्यकुशलता में वृद्धि करनी चाहिए।

## मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट की दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** बयाना वापस मांगने पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। शहर को मोहल्ला कुम्हारनटोला निवासी जुगलकिशोर गुप्ता पुत्र पंचम लाल गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि तीन वर्ष पूर्व फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम फूटाकुआं निवासी सरदार महेन्द्र सिंह, सर्वजीत सिंह पुत्रगण सरदार जोगेन्द्रर सिंह से जमींन का सौदा हुआ था। जिसके एवज में उन्हें 50 हजार रूपये बयाना के तौर पर दे दिया था। इसके बाद लखीमपुर तहसील में बैनामा कराने गया तो उक्त लोग दिखाई गई जमीन का बैनामा न कराकर दूसरी जमींन का बैनामा कराने जा रहे थे। वह भी उनके नाम नहीं थी। जिसके बाद उसने बयाना की रकम वापस मांगी तो उन्होंने बाद में देने की हामी भर दी।

धीरे-धीरे तीन साल गुजर गये। जब बयाना वापस नहीं किया उसने फरधान थाना में तहरीर दी। जिसके बाद सभी को 9 फरवरी को थाने पर बुलाया गया वहां भी उक्त लोगों ने पैसा देने से मना कर दिया और देख लेने की धमकी दी। जिसके बाद वह बाइक से वापस आ रहा था।आरोप है कि इसी दौरान जमुनाबाद फार्म से पहले मुंह बांधे तीन चार लोगों ने उसे रोक लिया और लाठी डन्डो से उसकी पिटाई की।

## चीनी मांझा की चपेट में आने से युवक का कटा गला

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौर्या कॉलोनी निवासी युवक चीनी मांझा की चपेट में आ गया। युवक स्कूटी से घर जा रहा था। इसी दौरान डॉन बॉस्को के निकट उसके गले में अचानक मांझा फंस गया। मांझे से युवक का गला कट गया। इससे युवक छटपटाते हुए स्कूटी सहित सड़क पर गिर गया। उसे काफी चोटें आईं हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे मौर्या कॉलोनी निवासी योगेश रस्तोगी स्कूटी से घर जा रहे थे। डॉन बॉस्को के निकट नहरिया पर रास्ते में अचानक उनके गले में चीनी मांझा फंस गया, जिससे उनका गला कट गया। स्कूटी सहित गिरने से हाथ पैर में कई जगह चोटें भी आईं हैं। काफी खून बह जाने के चलते वह काफी देर तक बेहोश पड़े रहे। वहां से गुजर रहे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां काफी देर तक चले इलाज के बाद होश आया। योगेश ने परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों के मुताबिक योगेश का उपचार चल रहा है। मांझे से कटने से गले पर गहरा घाव हुआ है। चीनी मांझे को लेकर मकर संक्रांति पर्व पर एसडीएम के नेतृत्व में अभियान चलाकर छापेमारी की थी। हालांकि अभियान के दौरान कहीं से कुछ भी बरामद नहीं हुआ था। संदिग्ध मांझे को टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया था। त्योहार के निपटने के बाद ही अधिकारियों का अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया। बाजार के सूत्रों का कहना है कि कई जगहों पर चोरी छिपे चीनी मांझे की बिक्री की जा रही है। चीनी मांझे से कई हादसे हो चुके हैं। पलियाकलां क्षेत्र में 24 जनवरी को चीनी मांझे की चपेट में आकर एक चकबंदी लेखपाल घायल हो गए थे। उनकी नाक कट

### लापता हुई आठ साल की बच्ची को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र में एक गांव से बृहस्पतिवार शाम लापता हुई आठ साल की बच्ची को पुलिस ने शुक्रवार सुबह सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को पड़ोस का ही एक युवक टॉफी दिलाने के बहाने बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है थाना फरधान क्षेत्र की रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची बृहस्पतिवार शाम अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक उसे टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ लेकर चला गया। कुछ देर बाद जब परिजन ने बच्ची को नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की। गांव में उसका कहीं पता नहीं चला मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसी बीच कुछ लोगों ने बताया कि बच्ची को गांव का ही युवक अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में बच्ची की तलाश शुरू कर दी। रात भर कई जगहों पर बच्ची को ढूंढा गया, पर उसका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अंदेश नगर फॉर्म के पास स्थित एक ढाबे पर बच्ची मिल गई। वहीं पर आरोपी भी मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से डीसीएम की लगी टक्कर, हादसे में किसान समेत दो लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे थम नहीं रहे। थाना खमरिया क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से डीसीएम की टक्कर लग गई। हादसे में किसान समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया थाना खमरिया क्षेत्र के गांव रेहुआ निवासी किसान लालजी 28 वर्ष बृहस्पतिवार की रात पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर खमरिया की गोविंद शुगर मिल जा रहे थे। ट्रैक्टर पर संजय 35 वर्ष पुत्र मेवा और धीरू पुत्र दीपू निवासी महरिया भी बैठे थे। रेहुआ पुलिस पिकेट के पास बहराइच की तरफ से आ रही डीसीएम पीछे से ट्रॉली से टकरा गई। जोरदार टक्कर होने से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसके नीचे दबकर ड्राइवर लालजी की मौके पर ही मौत हो गई। संजय और धीरू गंभीर घायल हो गए पुलिस पिकेट पर ड्यूटी कर रहे दरोगा रामशेष यादव ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से लखीमपुर भेजा। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संजय ने भी दम तोड़ दिया। घायल धीरू का उपचार चल रहा है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का बता लगा रही है बुधवार रात ढखेरवा-निघासन स्टेट हाईवे पर गन्ना भरी ट्रॉली में कार घुस गई थी। इस दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई।

### विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुये वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 47/2025 धारा 69/115(2)/352/351 2 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्त शिवांशु पुत्र छत्रपाल निवासी लालपुर ढांका थाना पलिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया । थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 37/2025 धारा 109/351(2)/115(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त यूनुस अली पुत्र ताहुर अली निवासी ग्राम तिनघरवा मजरा चखरा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### रेलवे स्टेशनों पर लगने जा रहे है वीडियो सर्विलांस सिस्टम

**लखीमपुर-खीरी।** रेलवे स्टेशनों पर वीडियो सर्विलांस सिस्टम लगने जा रहे है। लखीमपुर स्टेशन को भी इससे लैस किया जाएगा। इनको लगाने के लिए रेलवे निर्भया फंड से खर्च कर रहा है। कार्यदायी संस्था रेलटेल इस कार्य को 2025 में पूरा किया जाना है। रेलवे नई तकनीक को तेजी लगा रही है। रोलिंग स्टाक, निर्माण, सुरक्षा, साईबर सुरक्षा को निर्भया फंड से वीडियो निगरानी प्रणाली लगाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में सबसे आधुनिक साफ्टवेयर और हार्डवेयर लगेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के कुल 33 स्टेशनों पर इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली(वीएसएस) लगाया जाना है। वीएसएस प्रणाली में प्रतीक्षालय, आरक्षण काउन्टर, पार्किंग क्षेत्र, मुख्य प्रवेश/निकास, प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज तथा बुकिंग कार्यालय सहित महत्वपूर्ण स्थलों को शामिल किया जायेगा।

## वकील के घर घुस कर मारपीट कर उसे और उसके परिजनों को दबंगों ने किया घायल

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के मोहल्ला गुप्ता कालोनी में दबंगों ने एक वकील के घर घुस कर मारपीट कर उसे और उसके परिजनों को घायल कर दिया। पुलिस ने वकील की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी वकील संजीत कुमार का कहना है कि वह सिविल कोर्ट लखीमपुर में वकालत करते हैं। आरोप है कि मोहल्ले के ही सजय पुत्र हसराम, सुनीता पुत्री विजय कुमार, राम देवी पत्नी रामपाल और रामपाल पुत्र अज्ञात उनसे काफी रजिश मानते हैं। वकील का कहना है कि 9 फरवरी की सायं वह परिवार सहित अपने घर पर मौजूद था तभी उक्त लोग गलिया देते हुये उसके घर के अन्दर घुस आए और लाठी डंडों, ईट आदि से मारने पीटने लगे। जिससे वह और उसके परिवार वालो को काफी चोटे आयी।

### फांसी से लटका पाया गया महिला का शव

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव निवासी महिला का शव फांसी से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव फांसी से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के गांव लखपेड़ा निवासी अनुज कुमार की 32 वर्षीय पत्नी बसंती देवी का शव घर में फांसी से संदिग्ध हालात में लटका पाया गया।

## ओपीडी टाइम में मरीज खड़े रहे अंदर चलती रही पार्टी

**बदायूँ।** बदायूं के जिला अस्पताल के क्षय रोग विभाग में ओपीडी टाइम में जन्मदिन की पार्टी सेलिब्रेट का मामला प्रकाश में आया है,जिसका युवा मंच संगठन द्वारा वीडियो जारी करते हुए कड़ा विरोध किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि ओपीडी टाइम में बाहर मरीजों की लाइन लगी हुई थी जबकि क्षय रोग विभाग के प्रभारी के परिजनों द्वारा पार्टी सेलिब्रेट की जा रही थी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने जिला चिकित्सालय के सीएमएस से मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिला अस्पताल भ्रष्टाचार एवं मौज मस्ती का केंद्र बन गया है जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा है।

## राजकीय चर्म सस्थान में टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**आगरा।** सरकार की मंशानुरूप युवाओं के शसक्तिकरण योजनान्तर्गत सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण एवं सत्र 2024-25 में चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन राजकीय चर्म सस्थान आगरा में किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि का संस्था परिवार द्वारा शोल ओढाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्णोपरान्त दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण एवं सत्र 2024-25 में चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह समापन उपरान्त अतिथि द्वारा सभी छात्रों को अपने उद्बवोदन में कहा कि टेवलेट के माध्यम से आई0टी0 सेक्टर में सारी दुनियों अपनी मुट्ठी में कर सकते हैं एवं समस्त जानकारी अपने घर पर बैठकर प्राप्त की जा सकती है। आपको जॉब्स सीकर नहीं बनना है बल्कि जॉब्स प्रोवाइडर बनना है। अन्त में सस्था के प्रधानाचार्य डा0एस0एच0 अब्बास द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेटकर अतिथि स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार विभागाध्यक्ष लैदर टैक्नोलोजी द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूरन डावर रीजनल चेयर मैन नार्थ, काउंसिल फॉर लैदर एक्सपोर्ट्स, आगरा सहित संस्था का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### बजट आवंटन के विरुद्ध देयक कोषागार में 25 मार्च तक प्रेषित करना करें सुनिश्चितः जिलाधिकारी

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने समस्त आहरण-वितरण अधिकारी को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है। जिसमें वित्तीय सम्बन्धी कार्यों की अधिकता मार्च के अन्तिम दिनों तक बढ़ती जाती है एवं मार्च के अन्तिम दिनों में कोषागार में देयकों की संख्या काफी अधिक हो जाती है। भुगतान सर्वर पर अत्याधिक भार बढ़ जाने के कारण उसकी गति धीमी हो जाती है, जिसके कारण देयकों के समयान्तर्गत निस्तारण में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है एवं बजट के लेप्स होने की सम्भावनायें बढ़ जाती हैं। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने समस्त आहरण-वितरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त समस्या के निस्तारण हेतु व्यवस्था की गई है कि दिनांक 28 फरवरी 2025 तक के बजट आवंटन के विरुद्ध देयक कोषागार में दिनांक 15 मार्च 2025 तक एवं 01 मार्च 2025 से होने वाले बजट आवंटन के विरुद्ध देयक कोषागार में दिनांक 25 मार्च 2025 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### एसएन मेडिकल कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा ने शोहदे से परेशान होकर की आत्महत्या

**आगरा।** सिरफिरे आशिक की हरकतों से परेशान होकर एसएन मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने सुसाइड कर ली। कमरे में लगे पंखे से उसने फंदा बनाया और जान दे दी। छात्रा किराए के मकान में रहती थी। कई महीनों से सिरफिरा युवक उसे परेशान कर रहा था। सुबह जब वह कमरे बाहर नहीं आई तो मकान मालिक ने दरवाजा खोलकर देखा, युवती फंदे पर लटकी हुई थी। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस की सूचना पर परिजन आ गए। उन्होंने युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार मूलरुप से कौशांबी जिले की रहने वाली 19 साल की अनुष्का एसएन मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन टैक्निशियन का कोर्स कर रही थी। थाना लोहामंडी स्थित राजामंडी किदवई पार्क के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि बेटी को एक सिरफिरा बहुत दिनों से परेशान कर रहा है। इसकी जानकारी उसने दी थी, लेकिन वे समाज में बदनामी के कारण खामोश हो गए थे।

वही थाना पुलिस ने बताया कि अनुष्का राजामंडी किदवई पार्क में पिछले एक साल से रह रही थी। आरोपी युवती के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे वह परेशान हो गई थी। बुधवार को वह अपने कमरे में चली गई। इसके अगले दिन युवती ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। पिता ने बताया कि उसकी बेटी से रोजाना फोन पर बात होती थी। कुछ दिनों पहले उसने एक युवक के बारे में बताया था कि उसके अश्लील फोटो एडिट करके उन्हें सोशल मीडिया पर डालकर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। युवक की लगातार धमकियों से वह परेशान हो उठी थी। मैंने बदनामी की वजह से कहीं भी शिकायत नहीं की।

## सोशल मीडिया के दुरूपयोग से मिल रहा है साइबर अपराधों को बढ़ावाः शिव कुमारी

*अवधनामा संवाददाता*




**बदायूँ।** उझानी नगर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव,अपर जिला जज शिव कुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिऐ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को फेसबुक एवं इन्सटाग्राम आदि सोशल मीडिया साइटों का उपयोग सीमित दायरे में ही करना चाहिए क्योंकि आधुनिक परिवेश में सोशल मीडिया के दुर्पयोग से विभिन्न सायबर अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है तथा इस सोशल मीडिया के माध्यम से अनभिज्ञ बच्चें, अश्लील चलचित्र, छायाचित्र देखकर ब्लैकमेल का शिकार हो जाते है और साथ ही अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। उनके द्वारा स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-15 लैंगिक भेदभाव आदि के वारे में विस्तार पूर्वक बताया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, व सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें इसके अतिरिक्त छात्राओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि आगामी 08 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है। कार्यक्रम का संचालन, बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

## भ्रष्टाचार एवं अपनी मांगों को लेकर पांचवें दिन भी किसानों का धरना जारी!



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** तहसील में फल रहे भ्रष्टाचार एवं अपनी मांगों को लेकर आरती किसान यूनियन (टिकैत) का चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा! पांच दिनों से अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरने पर बैठे किसानों ने ठान ली है कि जब तक भ्रष्टाचार अधिकारियों का ठीक प्रकार से इलाज नहीं होगा और हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा! किसानों की समस्याओं पर लेकर जालपुर बिजली घर शीघ्र बनाया जाए, नांगल भागूवाला नहर मार्ग शेरपुर अभी पूरा चमराला तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनवाया जाए, परमिट होने के बाद भी वन विभाग राजगढ़ रेंज पशु चराने नहीं देता, N H I द्वारा कल्हेड़ी उतार-चढ़ाव का रास्ता दिया जाए, किसानों की की पैमाइश कराई जाए! मुकेश कुमार कानूगो को भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबे हुए है जिस पर तुरंत कानूनी कार्यवाही की जाए और उनको हटाया जाए! चीनी मिलों पर छापामारी कर घट तोली की जांच की जाए। अधिकारियों से अभी तक हुई वार्ता बिल्कुल विफल रही! तहसील प्रांगण में पांचवे दिन भी धरना जारी रहा। तहसील प्रांगण में अवनीश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में चल रहे। धरने में उपाध्यक्ष एडवोकेट रामेंद्र सिंह, मास्टर करण सिंह, विरेश रणा, मंडल उपाध्यक्ष शिवकुमार, पप्पू, सोनू, पंकज,मुकुल, बंटी,बिजेंद्र, गजेंद्र सिंह, सत्यपाल, रंधावा सिंह, तनवीर, शमशाद आदि किसान मौजूद रहे।

## गौकशी के मुकदमें में वांछित शातिर गौकश गोली लगने से घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकि दो आरोपी पुलिस को गच्चा देकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध शस्त्र, एक जिंदा गौवंश व गौकशी के उपकरण बरामद कर उसको जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गौकशी की घटनाओं की रोकथाम व शातिर गौकश अपराधियों की धरपकड़ के लिए सघन चैकिंग अभियान चलाया रहा है। आज थाना बिहारीगढ प्रभारी जावेद खान, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, देवेश कुमार, अशोक तेवतिया व सुखवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि के दौरान गश्त व चैकिंग कर रही थी कि तभी मुखबिर से सूचना मिली



कि सुन्दरपुर जसमौर मार्ग पर पुलत्सय डेरी फार्म के पास लगे झण्डे के सामने से राव स्टोन क्रेशर की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर तीन व्यक्ति एक गोवंश को काटने के लिये लेकर जा रहे हैं। जिनके पास गौकशी करने के उपकरण भी है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा, तो तीन व्यक्ति एक गौवंश को खींचकर ले जाते हुए दिखाई दिये, जिन्हें रुकने का ईशारा किया, तो तीनों बदमाश पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख अचानक से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश बाँये पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा उसके दो अन्य साथी झाडियाँ व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से जंगल की ओर फरार हो गये। फरार बदमाशों की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान वासिफ अली पुत्र नसीम निवासी ग्राम खेडी शिकोहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड के रुप मे हुई है। घायल बदमाश को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक जिंदा गोवंश, एक तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर एंव गोकशी करने के उपरकण बरामद हुए है।

पकड़े गए आरोपी गौकश वासिफ अली ने बताया कि वह और उसके दो अन्य साथी गौकशी का काम करते हैं तथा आवारा गौवंश मिलने पर गौवंश को काटकर मांस बेच देते हैं। उसने बताया कि 6 फरवरी की रात्रि में हम सभी ने मिलकर कस्बा बिहारीगढ में टावर के पास हसनवाला रोड के पास माता कालोनी से बछिया को चोरी कर गौकशी की थी। आज भी हम सभी इस गौवंश को बांधकर अपने साथ में लिये कुल्हाड़ी व छुरियो से काटकर मारने वाले थे।

## क्षेत्र में आधार कार्ड के केंद्रों की संख्या बढ़ाएं हेतु केंद्र और राज्य सरकार से की मांग!


*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने आधार कार्ड से संबंधित, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राज्य सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में मात्र मुख्य डाकघर में ही आम जन मानस के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिस कारण नगर पालिका क्षेत्र में एक ही आधार केंद्र होने पर वहां पर बड़ी संख्या में भीड़ रहती है इससे




जहां कर्मचारियों को परेशानी आती है वहीं महिलाओं, बुजुर्गो ,बच्चो विकलांगो को काफी परेशान होना पड़ता है नगर की जनसंख्या को देखते हुए आधार कार्ड के केंद्रों को बढ़ाया जाना जनहित में अति आवश्यक है शिकायत में बताया गया है कि बैंकों में भी आधार कार्ड बनाए जाने या उन्हें संशोधित किए जाने के आदेश हैं परंतु सरकारी आदेश का कोई पालन नहीं हो रहा और किसी भी बैंक में आधार कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं ना ही ठीक किए जा रहे हैं जिसकी जांच जनहित में बेहद जरूरी है ताकि बंद आधार केंद्रों की रिपोर्ट संबंधित मंत्रालय या विभाग को जा सके।

### संत शिरोमणि रविदास जी की 648वी जयंती मनाई गई



**नजीबाबाद।** नगर नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा में धूमधाम से रविदास जयंती मनाई गई। जिसमें,डॉ राजू घाघट(अखाड़ा उस्ताद गुरु गद्दी वाल्मीकि आश्रम) ने रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए! रविदास जयंती जूलूस सभी वर्ग के मुख्य अतिथियों में हिस्सा लिया, जिसमें अध्यक्ष/अखाड़ा उस्तादः डॉ राजू घाघट (वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्ता ने अखाड़ा उस्ताद रविदास कमेटी वीरेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, एवं सभी रहे! डॉक्टर राजू घाघट ने सभी मुख्य अतिथियों को जय रविदास नाम के पटके पहनकर सम्मानित किया। वहीं डॉ राजू ने सभी से रविदास जी के विचारो पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया! इस दौरान रामकिशन, राजेश,मोंटी, अर्जुन, मुकेश, शिवा ,रिंकू,विमल, जतिन घाघट, ,पारस कुमार, एवं सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शुक्रवार को बैंकर्स के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं के ऋण सम्बन्धी आवेदनों को समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रशिक्षण योजनाओं में कौशल प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु आगामी 10 वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म ईकाइयां स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति हेतु वित्त पोषण योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना हेतु बैंकों में लाभार्थियों के ऋण स्वीकृति सम्बन्धी आवेदन की बैक वार समीक्षा की गई तथा जिन बैंकों की खराब प्रगति दर्ज की गई, उन्हें तत्काल गुण दोष के आधार पर आवेदनों का निस्तारण हेतु बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत बैंकों को प्रेषित कुल 16 आवेदनों की समीक्षा की गई, उन्हें तत्काल सम्यान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। उद्यान विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन उद्योग योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार विकसित करने की दशा में बेरोजगार लाभार्थियों को खाद्य उत्पाद के क्षेत्र में उद्योग लगाने हेतु बैको से ऋण स्वीकृत कराने की दशा में डी0 आर0 पी0 के माध्यम से लोन स्वीकृत कराये हेतु जिन बैंकों में पत्रावलियां प्रेषित की जा रही है उन बैको द्वारा पत्रावलियों को लम्बित रखने तथा खारिज करने में अनावश्यक विलम्ब करने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला आबकारी अधिकारी व समस्त आबकारी निरीक्षक के साथ आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन के सम्बन्ध में बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट चेम्बर में आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन के सम्बन्ध में जिला आबकारी अधिकारी व समस्त आबकारी निरीक्षक के साथ बैठक आहूत की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन एवं आबकारी आयुक्त के आबकारी नीति वर्ष 2025-26 विषयक निर्गत शासनादेश/अर्द्धशासकीय पत्र के अनुक्रम में जनपद-आगरा की समस्त आबकारी दुकानों 653 (देशी मदिरा-329, कम्पोजिट शॉप-266, मॉडल शॉप-24, भांग शॉप-34) का व्यवस्थापन सार्वजनिक ई-लाटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जाने, सार्वजनिक ई-लाटरी हेतु तैयार/प्रचारित/प्रकाशित किये गये चार्ट का सभी आबकारी निरीक्षकगण विशेष रूप से अध्ययन करने और आबकारी नीति में दिये गये उपबन्धों के आधार पर समस्त आबकारी दुकानों का प्रथम चरण की ई-लाटरी में व्यवस्थापन कराना सुनिश्चित करेंगे तथा विभाग द्वारा गठित



कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नम्बरों क्रमशः 9993542648, 9005784078, 8076714025, 8630017368, 9454465661, 7905303063 पर आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा की जाने वाली पृच्छाओं का नियमानुसार विनम्रतापूर्वक समाधान करेंगे। बैठक में बताया गया कि आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन ऑन लाइन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है, जिसमें किसी प्रकार से किसी भी स्तर पर मानवीय हस्तक्षेप सम्भव नहीं है। अतः आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु होने वाली सार्वजनिक ई-लाटरी पूर्णतया पारदर्शी एवं ऑन लाइन है। सार्वजनिक ई-लाटरी हेतु इच्छुक आवेदक दिनांकः 14.02.2025 से www.exciseelotteryup.upsdc.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण एवं दिनांकः 17.02.2025 से 27.02.2025 तक ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण की ई-लाटरी दिनांकः 06.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सूरसदन प्रेक्षागृह जनपद-आगरा में सम्पन्न होगी, जिसमें केवल वास्तविक आवेदकों को ही प्रवेश दिया जायेगा।

# जीवित बुजुर्ग को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दिखाकर पेंशन रोकी

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** सरकारी काम और कर्मचारी इनकी लापरवाही के कई किस्से सामने आते है। इनकी लापरवाही की वजह से कई बार गरीब लोगों को परेशानी होती है. लेकिन फिर भी इनकी लापरवाही कम नहीं होती. ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले से सामने आई है। जहां पर अतरौली के गांव कासिमपुर गदाईपुर के रहने वाले एक जिंदा बुजुर्ग को कर्मचारी ने मृतक बता दिया और इसके बाद उसकी वृद्धावस्था की पेंशन बंद कर दी गई. ये बुजुर्ग पिछले 8 महीने से अपने जिंदा होने का सबूत लेकर तहसील और अलीगढ़ के ऑफिस में जा चूका है. लेकिन अब तक इनकी पेंशन शुरू नहीं की गई है. इन बुजुर्ग का नाम भगवंत सिंह है।

जानकारी अनुसार पिछले वर्ष मई में इनकी पेंशन बंद कर दी गई थी. इसके बाद उन्होंने जब ऑनलाइन पेंशन क्यों बंद की गई , इसका पता लगाने की कोशिश की तो उन्हें पता चला कि जांच के दौरान लिख दिया था की उनकी मौत हो चुकी है. ये गलती सत्यापन करनेवाले एक कर्मचारी की थी. लेकिन परेशानी भगवंत सिंह को हो रही है. इस घटना के बाद ये परेशान बुजुर्ग कई ऑफिस के चक्कर लगा चुके है. लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. इन बुजुर्ग ने अपनी परेशानी मीडिया से साझा की. पीड़ित बुजुर्ग ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि सत्यापन के समय मुझे पिछले वर्ष मृत दिखाया गया था और मेरी पेंशन रोक दी गई थी. उन्होंने कहा की इसके बाद में ब्लॉक में जानकारी दी थी, ब्लॉक ने अलीगढ भेज दिया. लेकिन वहां भी काम नहीं हुआ. अब तक डॉक्यूमेंट में मृत ही दिखाई जा रहा है. उन्होंने बताया की साल 2021 में उनकी पेंशन शुरू की गई थी. अतरौली के गांव कासिमपुर गदाईपुर के भगवंत सिंह मजदूरी करते हैं. उन्हें वर्ष 2021 से वृद्धावस्था पेंशन मिलती रही है.भगवंत सिंह अतरौली तहसील में राजस्व कर्मियों के संपर्क में रहते हैं।

# जीरो पावर्टी सर्वे का काम पूरा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत हुए 18 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत छूटे हुए लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन का काम जारी है। सर्वेक्षण और रजिस्ट्रेशन के लिए शासन की ओर से अंतिम डेट

**लाभार्थियों के चयन की नई व्यवस्था लागू होने के बाद बेकार हुए ग्राम चौपालों और सांसद चौपालों में मिले हजारों प्रार्थना पत्र**

लाइन 28 फरवरी मुकर्रर की गई है। जीरो पावर्टी सर्वे के दौरान मिस मैच फोटो फिर से अपलोड किए जा रहे हैं। छूटे हुए लाभार्थियों को प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करके स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा प्रदान की गई है। गुरुवार तक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत जिले के तेरह विकास खंडों में अठारह हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के आवंटन का काम लगभग दो साल से बंद है। पिछले दो साल के भीतर ग्राम चौपालों में बड़ी संख्या में पी एम आवास के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सांसद विकास यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत हजारों की संख्या में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। पात्रता की जांच के बाद ये सभी प्रार्थना पत्र फाइलों में बंद पड़े हुए हैं, पूर्व में लाभार्थियों की ओर से दिए गए सभी प्रार्थना पत्र बेकार हो गये है। पंचायत सचिवों ने इन दर्खास्तों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से नयी व्यवस्था लागू होने के बाद मकान विहीन और भूमि हीन निराश्रित परिवारों का फिर से रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

## निर्धनतम परिवारों का सर्वे पूरा, कोई लाभान्वित नहीं

अमेठी। निर्धनतम परिवारों के सर्वेक्षण का काम पिछले महीने ही पूरा हो गया था। सर्वेक्षण के दौरान बड़ी संख्या में फोटो मिस मैच और गड़बड़ पाए गए हैं। सर्वे में लगाए गए कार्मिकों को ग़लत फोटो फिर से अपलोड कराने के निर्देश दिए गए हैं। जीरो पावर्टी स्क्रीम के अन्तर्गत अभी तक जिले में किसी को भी लाभान्वित नहीं किया गया है।

## फैमिली आई डी जारी करने के काम में समस्या से जूझ रहे पंचायत सहायक

**अमेठी।** फैमिली आई डी जारी करने के काम में पंचायत सहायकों को खासी दिक्कत हो रही है। साइबर क्राइम की डर से तमाम लाभार्थी ओ टी पी बताने में आना कानी कर रहे हैं। राशन कार्ड से वंचित लाभार्थियों का कोई डाटा पंचायत सहायकों के पास उपलब्ध नहीं है।

Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण

जीरो पावर्टी सर्वे पूरा हो चुका है। फोटो अपलोडिंग में हुई त्रुटियां सुधारी जा रही हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन का काम जारी है। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद स्थलीय सत्यापन और जांच के बाद पंचायत वार लाभार्थियों की सूची तैयार की जाएगी। शासन की ओर से अभी लक्ष्य का आवंटन नहीं किया गया है।

**ऐश्वर्य यादव**
**परियोजना निदेशक, अमेठी**

# एनसीसी कैडेट्स ने दी पुलवामा शहीदों को भावांजलि



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की एनसीसी 102 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने शुक्रवार को भावांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर पुलवामा के वीर शहीदों को नमन किया। कैडेट्स ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दीप जलाकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा क्षेत्र में आतंकी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। आज का दिन वीर योद्धाओं के शौर्य को नमन करने का है। शहीदों के परिवारों के साथ हम सभी की भावनाएं उन्हें जीवन का संबल देती रहेंगी। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट.डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुलवामा के वीर जवान सैन्य सेवा के स्वर्ण पन्नो पर सदैव अंकित हो गए। भावांजलि कार्यक्रम में कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ.विमल कुमार दुबे, पैरामेडिकल विभाग के प्राचार्य डॉ रोहित श्रीवास्तव, आयुर्वेद कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ शांति भूषण हंदूर, कुंवर अभिनव सिंह राठौर, डॉ कुलदीप सिंह, शुभम मौर्या, शसाध्वी नंदन पांडेय, डॉ अभिषेक कुमार सिंह समेत कई शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## डीएम ने परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी द्वारा सी0सी0टी0वी0 कैमरों से विद्यालय के कक्षों में हो रही गतिविधियों को देखा, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को शुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा के रूट निर्धारण अभियान पर बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ई रिक्शा के रूट निर्धारण व अतिक्रमण अभियान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। डीएम द्वारा नगर में संचालित ई रिक्शा के कारण लगने बाले जाम के दृष्टिगत ई रिक्शो के रूट निर्धारण कर ई रिक्शो को रुट संख्या व नंबर आवंटित करने व लाइसेंस बनाने के निर्देश दिये कहा पहले से निर्धारित 11 रूटों के अतिरिक्त और रुट चिन्हित किये जायें, ई रिक्शो की पार्किंग के लिये जगह निर्धारित कर पार्किंग बनाई जाये, रोड के किनारे अतिक्रमण करने बालो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, अधि अधिकारी नगर पालिका दोनो एआरटीओ, टीआई उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली विकास योजनाओं के सबंध में माह जनवरी की रैंकिंग के आधार पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में सभी अधिकारी अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मर्स की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी माह से विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ जाएगी ऐसे में अभी से गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तैयारी आरम्भ कर दें, जर्जर विद्युत लाइन और पोल को प्रतिस्थापित कराया जाए। डीएम ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों में प्रगति लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत 06 कस्तूरबा गॉधी विद्यालय निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जून 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। डीएम निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाकर मानक व गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम ने निर्देशित किया कि जो भी पेयजल कनेक्शन दिए जाएं वह सुचारू रहें। उन्होंने पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को हैण्डओवर कराने के भी निर्देश दिए। पर्यटन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि 10 के सापेक्ष 04 परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं। डीएम ने जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कुछ अच्छे प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में डीएम ने जिले में संचालित गौवंश आश्रय स्थल एवं निराश्रित गौवंशों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आवश्यकतानुरूप गौशाला निर्माण या उनकी क्षमता वृद्धि कराई जाए ताकि निराश्रित गौवंशों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने सीवीओ को निर्देशित किया कि हाईवे समेत प्रमुख मार्गों को निराश्रित गौवंशों से मुक्त कराना सुनिश्चित करें ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं की संभावना का न्यून किया जा सके। डीएम ने खैर के लक्ष्मणगढ़ी में निर्माणाधीन स्टेडियम के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में 1 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क निर्माण की पूर्ण-अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में धन की आवश्यकता है तो वहां शासन में पैरवी पर धनावंटन कराया जाए। बैठक में डीडीयू चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण में 35 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि सितम्बर 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है, ऐसे में अतिरिक्त कार्मिक लगाते हुए समय से कार्य पूर्ण कराया जाए। विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं नगर पंचायत मडराक में कल्याण मण्डप का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, डीएम ने जल्द से जल्द हैण्डेडओवर-टेकेनओवर की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक स्तरीय हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया विकास खण्ड सभागार में समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य / ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी सभी ए आर पी, एस आर जी नितिन पाल विकास खण्ड की आँगनबाड़ी कार्यकत्री, उनके केंद्र के बच्चे, 50 विद्यालय के नोडल शिक्षक और उनके विद्यालय के 1 निपुण बच्चे भी शामिल रहे। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकत्री एवं प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर से अक्षय कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय दौनापुर से हिना नाज़ ने टी एल एम प्रदर्शनी लगाई ए आर पी दिनेश यादव ने विस्तार से कार्यक्रम में विस्तार से आँगनबाड़ी और विद्यालय के समन्वय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न पी पी टी किट का प्रदर्शन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन गौतम त्रिपाठी ने किया। अजय पाण्डेय प्रधानाध्यापक शंकरपुर, दीपक वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## महाकुंभ स्नान के लिए बस रवाना

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लगभग 30 बुजुर्गों को प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। वृद्ध आश्रम से श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना करने के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्गों का स्वागत करते हुए उन्हें माला पहनाई और उनके मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।



## गाड़ी खड़ा करने को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार पर केस

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के पटखौली में गाड़ी खड़ा करने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। एक पक्ष से लालू यादव पुत्र भोरई पटखौली वार्ड 11 ने आरोप लगाया कि वृहस्पतिवार को सो कर उठा तो पड़ोसी सामने आटो खड़ा किया था जिसको हटाने के लिए कहा तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने अश्वनी यादव उर्फ रितेश यादव,लवलेश यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष बृजेश यादव पुत्र रामबहादुर यादव ने आरोप लगाया था। वृहस्पतिवार को रास्ते के विवाद को लेकर मनबढ़ो ने पीड़ित और पत्नी को पीटकर घायल कर दिए।

# छठीं पुण्यतिथि पर शहीद पंकज त्रिपाठी को दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**फरेन्दा, महराजगंज।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद जिले के लाल पंकज त्रिपाठी के शहादत की छठीं बरसी पर शुक्रवार को पैतृक गांव हरपुर टोला बेलहिया के शहीद स्मारक पार्क में श्रद्धांजलि देने के लिए फरेन्दा विधायक वीरेन्द्र चौधरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा समाजिक संगठनों के लोग पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। शहीद पंकज त्रिपाठी के पिता ओम प्रकाश त्रिपाठी, पत्नी रोहिणी त्रिपाठी, भाई शुभम त्रिपाठी एवं दोनों बच्चों प्रतीक व वान्या श्रद्धांजलि देने पहुंचे तो उनकी आंखें भर आई। इस दौरान शहीद पंकज अमर रहे के नारों व देशभक्ति गीतों से बेलहिया गांव गूंज उठा। श्रद्धांजलि के दौरान विधायक श्री चौधरी ने कहा कि देश की रक्षा के लिये जवान दिन और रात सेवा करते हैं। सेवा करते करते अपनी आहुति भी दे देते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद पंकज त्रिपाठी की शहादत हमेशा याद रखी जायेगी। मेरा घर शहीद पंकज जी के घर से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर है, शहीद के परिवार को मेरी जब भी आवश्यकता पड़ेगी मै हमेशा मौजूद रहूंगा। फरेंदा तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा हरपुर टोला बेलहिया के रहने वाले सीआरपीएफ जवान पंकज त्रिपाठी छह साल पहले 14 फरवरी के ही दिन पुलवामा में हुए आतंकी हमला में शहीद हुए थे। आतंकी हमला में उनकी शहादत को नमन करने के लिए हर बरसी पर उनके गांव में बने शहीद स्मारक पार्क में मेला लगता है। शुक्रवार को पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह, एस डी एम फरेन्दा मुकेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि फरेन्दा राजेश जायसवाल, पूर्व चैयरमेन महराजगंज सदर कृष्ण गोपाल जायसवाल,एस एस बी के डिप्टी कमान्डेन्ट महराजगंज अमर नाथ गुता,ए एस आई / जी डी ग्रुप केन्द्र आई सीआरपीएफ प्रयागराज वरिष्ठ यादव, त्रिभुवन मिश्रा,आधारशिला के प्रबंधक प्रदीप कटियार प्रधान शेखर यादव, डां राम नरायन चौरसिया,संतोष पांडेय, थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक, राहुल त्रिपाठी समेत दर्जनो लोगों ने बेलहिया पहुंच कर शहीद की स्मति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास सहित समस्त आख्याएं समय से न्यायालय पहुंचेगी : सीपीओ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री के स्वर्णिम विचारधारा अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश के प्रथम जनपद के रूप में जनपद गोरखपुर द्वारा जनपद के थानों से न्यायालय जाने वाले अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास सहित समस्त आख्याएं अब समय से न्यायालय पहुंचेगी इसके लिए प्रत्येक थाना स्तर पर बनाए गए उप निरीक्षक अभियोजन को आज पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अभियुक्त गण के जमानत प्रार्थना पत्र पर प्रस्तरवार आख्या समुचित तरीके से तैयार करते हुए आपराधिक इतिहास का पूर्ण विवरण अंकित किया जाएगा एवं वाहन या माल रिलीज. गवाहों के संबंध में आख्या जैसी तमाम सारी आख्या जो रोजाना थाना स्तर से न्यायालयों में भेजी जाती थी या तो समय से नहीं पहुंचती थी या अधूरी रहती थी जिससे आए दिन पुलिस को न्यायालयों में असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था और इसका लाभ अभियुक्त को मिलता था,इस समस्या के समाधान के लिए नवप्रयोगधर्मी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर द्वारा प्रत्येक थाना स्तर पर उप निरीक्षक अभियोजन के पद नामित किया गया है, अब न्यायालय में भेजे जाने वाली प्रत्येक आख्या इन उपनिरीक्षक अभियोजन द्वारा ही तैयार की जाएगी और इन्हीं के द्वारा अग्रसारित होकर न्यायालय को सही समय पर प्रेषित की जाएगी, कोई आख्या यदि समय पर न्यायालय नहीं पहुंची या अधूरी रही या उसमें कोई कमी रही तो उसके लिए यही उपनिरीक्षक अब सीधे-सीधे जिम्मेदार होंगे।

## जमीन बेचने से इंकार करने पर मनबढ़ो ने पीटा, पांच नामजद तथा अज्ञात पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा में जमीन बेचने से इंकार करने पर मनबढ़ो ने उसके घर पर चढ़ कर लाठी डंडा,रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे पुलिस ने पांच नामजद 4 और 5 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र बाढ़ागाड़ा निवासी अनिल पुत्र बनवारी जिनके भाई ने अपने हिस्से की भूमि को बेच दिया था। शेष जमीन पीड़ित के नाम दर्ज था। उसे मनबढ़ जबरजस्ती बेचने का दबाव बना रहे थे। जिसे पीड़ित ने एंकर कर दिया था। मंगलवार को रात्रि में 9 बजे के करीब मनबढ़ दरवाजे पर चढ़ आए। और गाली गुप्ता देते हुए बेटे अभिषेक निषाद,अंकुर तथा पत्नी जीयना देवी को लाठी डंडा,रॉड से मारपीट कर घायल कर दिए। और झोपड़ी को नष्ट कर दिए। पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित ने एडीजी से न्याय की गुहार लगाया। आदेश पर पुलिस ने बेचू यादव, संजय यादव, भोला यादव, दीपू यादव, रमेश मिस्त्री, बेचू की पत्नी तथा 4 से 5 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सूचना

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष- 2017, अनुक्रमांक -2282553 एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष -2019, अनुक्रमांक -2393745 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम- सुनील सैनी, पुत्र- राम लाल सैनी**
**ग्राम- अहिरौला, पोस्ट - औदही कला, जनपद- सिद्धार्थनगर।**
**पिन कोड-272201**

## सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष- 2017, अनुक्रमांक -2282480 का प्रमाण- पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम- संजय कुमार, पुत्र अनिल कुमार, ग्राम- पल्टादेवी टोला जगदीशपुर, पोस्ट- रमवापुर जनपद- सिद्धार्थनगर।**
**पिन कोड-272205**

# मथौली हादसा : मेडिकल कालेज में जीवन और मौत से जूझ रहे घायल



मेडिकल कालेज भर्ती कालेश्वरी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में गुरुवार को हुई भूषण हादसे में गंभीर रूप से घायल कालेश्वरी देवी व एक निजी अस्पताल पडरौना में मुन्नी देवी जीवन और मौत से जूझ रही है जबकि कुछ घायलों की स्थिति में सुधार आ रहा है। बता दें कि नगर पंचायत मथौली में गुरुवार की सुबह खड़ी ट्रक में श्रद्धालुओं से भरी ऑटो टकरा गई थी जिसमें मंशा देवी, कांता चौहान, गगन कुशवाहा व अवधेश चौहान की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि एक दो साल के मासूम बच्चा व 10 वर्ष का दिवाकर सुरक्षित बच गए थे। जबकि मुन्नी देवी पत्नी स्व अवधेश पड़ोली थाना महुआडीह देवरिया का इलाज पडरौना स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है जबकि कालेश्वरी देवी पत्नी राम अवतार निवासी अथरहा थाना कोतवाली हाटा गोरखपुर मेडिका कालेज में जीवन और मौत से जूझ रही है। पुलिस सभी घायलों पर नजर रखी है समय समय पर फोन वार्ता से स्थिति के बारे पूछताछ कर रही है।

**गुरुवार की सुबह खड़ी ट्रक से टकराई गई थी श्रद्धालुओं से भरी ऑटो**

## अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय कस्बे के किसान इंटर कालेज के पास गुरुवार की सुबह हुई दुर्घटना के मामले में कप्तानगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बता दें कि बिहार के वाल्मिकीनगर स्थित मदनपुर देवी मंदिर का दर्शन कर कप्तानगंज रेलवे स्टेशन से ऑटो से घर आ रहे श्रद्धालुओं की नगर पंचायत मथौली में सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में अनियंत्रित होकर टकरा गई। इस हादसे में जहां चार लोगों की मौके पर मौत हो गई वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में मृतक कांता चौहान के बेटे गोविंद चौहान निवासी फर्द मुंडेरा के तहरीर पर कप्तानगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# महिला स्वावलंबन से ही होगा स्वावलंबी भारत का निर्माण : शिप्रा सिंह



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत ग्राम के अंतर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला स्वावलंबन से ही स्वावलंबी भारत का निर्माण संभव होगा। शिप्रा सिंह ने कहा कि एमपीपीजी कॉलेज ने हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन के लिए पहल की है। सिलाई-कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण इसी पहल की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना प्रगतिशील समाज की आवश्यकता है। जितना ही महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी हमारा समाज, राष्ट्र उतनी ही तेजी से प्रगति करेगा। आज विकसित भारत की संकल्पना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने उनके आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलायी जा रही हैं। शिप्रा सिंह ने कहा कि उन्नत भारत अभियान भी एक महत्वपूर्ण योजना है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गांवों के सतत विकास के लिए शामिल है।

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **05/03/2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 01502025 dated 13.02.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 38-Sr.DEN-II-LKO/2024-2025 |
| 3. | कार्य का नाम | वरि. मंडल इंजिनियर– द्वितीय, उत्तर रेलवे, के अधिकार क्षेत्र में ANT BOY, KEH, MBDP और JNH पर RGM साइडिंग और CHH पर ट्रैक मशीन साइडिंग की व्यवस्था। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 2,72,16,396.83 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 2,86,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 21.02.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 07.03.2025 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 513/25

# उपचुनाव विजय के बाद भाजपा कर रही है कार्यकर्ता विजय सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रचंड विजय यहां के प्रत्येक कार्यकर्ता की विजयः दयाशंकर मिश्र दयालु**

**भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सुनिश्चित हुई है प्रचंड विजयः लल्लू सिंह**



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में रिकार्ड मतों से विजय के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता विजय सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मिल्कीपुर विधान सभा के पांचों मंडलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। समारोह में मंडल के चुनाव प्रभारी मंत्री, मंडल प्रभारी, अध्यक्ष व प्रवासी , शक्ति केन्द्र पदाधिकारी मौजूद रहेगें।

शुक्रवार को मिल्कीपुर मंडल के विद्या मंदिर डिग्री कालेज में समारोह का आयोजन हुआ। अमानीगंज मंडल में 15 फरवरी, हैरिंग्टनगंज मंडल का 17 फरवरी तथा कुचेरा मंडल में 23 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

समारोह में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि यह प्रचंड विजय यहां के प्रत्येक कार्यकर्ता की विजय है। हर कार्यकर्ता ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वाहन किया जिससे मिल्कीपुर में रिकार्ड मतों से विजय का इतिहास बन गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के राष्ट्रवाद तथा विकास की योजनाओं की जानकारी कार्यकताओं द्वारा घर-घर तक पहुंचाई गई। छोटी-छोटी टोलियों में कार्यकताओं ने हर घर हर मतदाता से सम्पर्क किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से प्रंचड विजय सुनिश्चित हुई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक व गुमराह करने की राजनीति का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पर्दाफाश किया है। जनता में सरकार की नीतियों के प्रति उत्साह का संचार कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मिल्कीपुर चुनाव संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ यह जनादेश है। चुनाव प्रबंधन में पदाधिकारीयों तथा कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया है। विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में चुनाव संयोजक ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, राघवेन्द्र पाण्डेय, जर्नादन मौर्या, अशोक मिश्र, बब्लू पासी, श्याम नारायण पाठक, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोलर पैनल लगाए जाने की सभासद ने की मांग, उच्चाधिकारियों को भेजा पत्र

**गोसाईगंज-अयोध्या।** मया-टांडा संपर्क मार्ग पर मुख्य मार्ग से दिलासीगंज श्मशान घाट एवं उसके परिसर में विद्युतीकरण कराने एवं सोलर पैनल लगाए जाने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्री मती आरती जयसवाल ने सीएम,ऊर्जा मंत्री कमिश्नर,डीएम को पत्र भेज कर अविलंब जनहित में दिलासीगंज घाट पर उक्त सुविधाएं बहाल करने की मांग की है। इस सिलसिले में बुधवार को सभासद श्रीमती जायसवाल अयोध्या परीक्षेत्र के मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया से भी मिली तथा एक मांग पत्र देकर अविलंब दिलासीगंज अंत्येष्टि स्थल पर विद्युतीकरण कराए जाने की मांग की।साशन- प्रशासन को भेजे गए पत्र में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दर्शाया है कि मया-टांडा सपर्क मार्ग स्थित दिलासीगंज बाजार से कुछ ही दूरी पर सरयू नदी के किनारे हिंदुओं की अंत्येष्टि करने के लिए शव दाह स्थल है।

# अयोध्या में महाकुंभ 2025: श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की सुगम व्यवस्थाएं

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** महाकुंभ 2025 के दौरान अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु मण्डलायुक्त गौरव दयाल और आई0जी0 प्रवीण कुमार ने लगातार भ्रमण और निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में मौजूद रहकर सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम भगवान के दर्शन की सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया। इस दौरान सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए कि दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जाए और उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए।मंदिर परिसर में मंदिर मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय, सीआरपीएफ कमांडेंट और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।वही अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उपजिलाधिकारी बीकापुर ने बताया कि प्रयागराज से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया मिलिट्री ग्राउंड, तहसील और परशुराम डिग्री कॉलेज तारुन में बनाए गए हैं। इन क्षेत्रों में पीने का पानी, रोशनी, मोबाइल टॉयलेट, और खाने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु यहां विश्राम करते हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भंडारे भी चलाए जा रहे हैं। श्रद्धालु इस व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं।प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को शीघ्र रामलला के दर्शन के लिए भेजा जा सके।

# विधायक अयोध्या के वैवाहिक वर्षगांठ पर हुआ समरसता भोज का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता के वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर खोजनपुर की दलित बस्ती के निवासियों के द्वारा विधायक अयोध्या व उनकी पत्नी श्रीमती नर्वदा गुप्ता का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।स्वागत समारोह में वहां की महिलाओं के द्वारा 101 किलो की माला पहनकर दंपति का स्वागत करते हुए केक कटवाया गया।वहां पर मौजूद तमाम निवासियों के द्वारा विधायक व उनकी पत्नी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।इस अवसर पर विधायक अयोध्या व उनकी पत्नी ने वहां पर आए तमाम जरूरतमंदों में कंबल वितरण भी किया।तत्पश्चात बस्ती के महिला पुरुषों के साथ विधायक अयोध्या ने समरसता भोज भी किया।स्वागत समारोह से हर्षित नजर आए श्री गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी का यह प्रेम भरा स्वागत आजीवन याद रहेगा। आप हमारे विधानसभा क्षेत्र के निवासी ही नहीं बल्कि हमारा परिवार है,और मैं सदैव एक अभिभावक की तरह आप सभी के सुख-दुख में खड़ा रहूंगा।

मेरी विधानसभा के किसी भी व्यक्ति को कभी भी किसी प्रकार की असुविधा या समस्या हो तो वह बेझिझक मुझसे संपर्क कर सकता है मैं पूरी कोशिश करूंगा कि उसकी समस्या का निराकरण कर पाऊं। इस अवसर पर पार्षद धर्मवीर, वीरेंद्र वर्मा,वरुण चौधरी, महेश श्रीवास्तव, नरेंद्र रावत, गोकुल प्रसाद, सागर रावत, अमल गुप्ता हरिभजन गौड़, अरविंद सिंह समेत मलिन बस्ती के तमाम निवासी महिला पुरुष मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं की सेवा,ईश्वर की सेवा से कम नहीं: शिवेंद्र सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महाकुंभ से पुण्य कमा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा में उतरे भाजपा और संघ परिवार के पदाधिकारी।ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई तथा राष्ट्रीय सेवक संघ पदाधिकारी गंगा जी व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के दिशा निर्देशन में बड़ी तादाद में प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए किया गया वृहद भंडारे का आयोजन।अयोध्या-अंबेडकर नगर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पूरा बाजार पेट्रोल पंप तथा गंगौली चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर किया गया वृहद भंडारे का आयोजन।आयोजन की शुरुआत से ही दोनों भंडारा स्थलों पर लगातार लगी है श्रद्धालुओं की भारी भीड़।श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित कर भोजन उपलब्ध कराने में लगे ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष के वालंटियर्स।भंडारे में शुरू कराने के बाद ब्लॉक प्रमुख से जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह का बयान,देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा



निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हुआ है सराहनीय महाकुंभ का आयोजन।महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से शुरू किया गया है श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने के लिए वृहद भंडारे का आयोजन। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित कराने में हो रही है थोड़ी समस्याएं जिसके लिए किए गए हैं पुख्ता इंतजाम।भीड़ के अंतिम श्रद्धालु को भोजन उपलब्ध करने तक निरंतर जारी रहेगा दोनों स्थानों पर वृहद भंडारा।

## आयुष्मान भारत योजना
# 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का तेजी से बन रहा कार्ड

**अब तक साढ़े 8 हजार बुजुर्गों का बन चुका है कार्ड**

**अयोध्या।** आयुष्मान योजना का अयोध्या जिले के लाभार्थी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। सरकारी ही नहीं निजी चिकित्सालयों में भी इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में योजना के तहत अब 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है। डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में जिले में अब तक 9483 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। इन्हें अब पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र वालों के लिए दिसम्बर 2024 में आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना आई थी। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को सिर्फ अपना आधार कार्ड दिखाना है। कार्ड में जन्म तिथि अगर 1954 है तो आयुष्मान कार्ड बनने के पात्र हो जाएंगे। ऐसे बुजुर्ग अपने आस-पास किसी भी स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। प्रदेश की योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कार्ड बनाने के लिए निर्देशित करती रहती है। शासन से मिले निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने प्रक्रिया शुरू करते हुए यहां विशेष शिविर व स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से अब तक 9 हजार से अधिक कार्डो को बनाया जा चुका है। आयुष्मान योजना की शुरुआत जिले में सितंबर 2018 में हुई थी। तब से लेकर अब तक 9.91 पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इस योजना के तहत अब तक 53790 मरीजों ने अस्पतालों में उपचार कराया है। इसके अलावा अब तक कई मरीज जिले के बाहर के अस्पतालों में भी इलाज करा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार बताते हैं कि हमारी कोशिश है कि सभी पात्रों का आयुष्मान कार्ड बन जाये। इसके लिए मातहतों को समय-समय पर निर्देशित भी किया जाता रहता है।

**भर्ती होने वाले मरीजों को ही मिलता है इसका लाभ**

आयुष्मान कार्ड का उपयोग ओपीडी में इलाज कराने के लिए नहीं होता है। इस योजना का लाभ सिर्फ भर्ती मरीजों को ही मिलता है। इसके लिए 24 घंटे से अधिक समय तक भर्ती होना जरूरी है। हालांकि आई ऑपरेशन में यह नियम लागू नहीं होता है। इसमें पांच लाख रुपये तक कैसलेश इलाज की सुविधा मिलती है। इलाज के बाद सात दिन की मरीजों को दवा भी दी जाती है।

## बोर्ड परीक्षा परीक्षार्थी ध्यान दे

**अयोध्या।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 15 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही है, जिसमें अयोध्या राम पथ सहित मेला क्षेत्र के अन्य मार्गो पर स्थित कालेज महाराजा पब्लिक स्कूल, राज सदन, भवदीय पब्लिक स्कूल मोहबरा रानोपाली, अवध इंटर नेशनल स्कूल आदि में सेन्टर बनाये गये है। उन्होंने परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अनुरोध किया है कि रामपथ, लता चौक, टेढ़ीबाजार के आसपास जो भी सेन्टर बनाये गये है। वर्तमान में श्रद्वालुओं की भारी भीड़ के कारण गंतव्य में अधिक समय लग रहा है। इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा के निर्धारित समय काफी पहले भेजे, जिससे वह समय से सेन्टर पहुंच सकें और सुचार रूप से अपनी परीक्षा में शामिल हो सकें।

## शब-ए-बारात जिले भर में अकीदत के साथ मनाया गया

**अयोध्या।** शब-ए-बारात जिले भर में अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान मस्जिदों और घरों में पूरी रात लोग इबादत में लगे रहे। साथ ही अपने गुनाहों से तौबा की। वहीं कब्रिस्तानों पर भी पहुंचकर अपने बुजुर्गों के लिए मगफिरत की दुआएं की। यह सिलसिला पूरी रात चलता रहा। इससे मस्जिद और कब्रिस्तान गुलजार रहे। वहीं मुस्लिम बहुल इलाकों में चहल-पहल बनी रही। जिले में शब-ए-बारात त्योहार को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारियों में जुटे रहे। मस्जिदों और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई और रोशनी आदि की व्यवस्था के अलावा सजावट में लोग लगे रहे। घरों में भी महिलाएं साफ-सफाई करने के बाद विभिन्न पकवान बनाने में लगी रहीं। शाम होते ही मस्जिदों में लोग इबादत के लिए पहुंचने लगे। पूरी रात लोग इबादत और कुरान पढ़ने के साथ ही अपने गुनाहों की माफी मांगने में लगे रहे। वहीं देश में अमन-चैन कायम रहने की दुआएं की। कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ा। साथ ही उनके मगफिरत की दुआएं की। मुख्यालय के जामा मस्जिद, शाही मस्जिद के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में बड़ों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी इबादत में लगे रहे। इसके अलावा शिया और सुन्नी दोनों समुदायों द्वारा खुसूसी आमाल और नमाजें अदा की गईं।

# वृक्ष रेखा का खिसकना हिमालय में जलवायु परिवर्तन का कारण: प्रो. नौटियाल

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज -अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 48वें कुलपति सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व मुख्य वक्ताओं ने एग्री टूरिज्म को विकसित करने व देशव्यापी स्तर पर कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के समापन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के कुलपति डा. जेड. पी. पटेल ने की। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में एग्री टूरिज्म को विकसित करने के लिए पॉलिसी बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने हाइलेवल कमेटी के गठन का सुझाव दिया जो एग्री टूरिज्म के लिए पॉलिसी गाइड लाइन का ड्राफ्ट तैयार कर सके।इस मौके पर मुख्य वक्ता जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने ÷हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और निचले महासागरों पर इसके प्रभाव÷ विषय पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण वृक्ष रेखा का ऊपर की ओर खिसकना है। यह वृक्ष रेखा प्रति दशक 10 से 50 मीटर तक ऊपर की ओर खिसक रही है। बताया कि शताब्दी के अंत तक वृक्ष रेखा कम से कम 150 मीटर ऊपर की ओर बढ़ने का अनुमान है। हिमालय में जलवायु परिवर्तन के कारण नदी के प्रवाह और तलछट भार में वृद्धि हुई इससे तटीय क्षेत्रों में जल की गंदगी और पोषक तत्वों की गतिशीलता में परिवर्तन होता है। प्रो. नौटियाल ने बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण लवणता और पोषक तत्वों के स्तर में परिवर्तन होता है। इसके बचाव के लिए हमें एकीकृतक जलसंभर प्रबंधन के साथ-साथ ग्लेशियरों की रक्षा और वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना होगा। एनआईटीटीई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर के मुख्य वक्ता डा. सरथ सेन्नीमलाई ने ÷ग्रामीण आजीविका के लिए कृषि पर्यटनः नीतिगत अंतर्दृष्टि÷ विषय पर बताया कि शैक्षिक एवं मनोरंजन गतिविधियों जैसे फार्म का दौरा, फल-फूल एवं सब्जी रोपण, वर्मी वॉश परियोजना, बकरी फार्म पोल्ट्री फार्म, गाय पालन, बच्चों के लिए पार्क, नौका विहार बैलगाड़ी की सवारी व ग्रामीण खेल के माध्यम से कृषि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। डा. सरथ ने बताया कि कि कृषि गतिविधियों तथा ग्रामीण जीवन शैली में लोगों की बढ़ती रुचि के कारण कृषि पर्यटन की मांग बढ़ रही है। इसे किसान, कृषि सहकारी समितियां, कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि विवि या किसान कंपनियां स्थापित कर सकती है और पर्यटन विभाग इन केंद्रों को प्रमाणित करेगा जिसके बाद वे ऋण और अन्य कर लाभ के लिए पात्र हो सकेंगे।कृषि पर्यटन के प्रणेता कृषक पांडुरंग थावरे ने उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर किया तो यह भी बताया कि 2003 में एक अनूठी अवधारणा के साथ कृषि पर्यटन की शुरुआत की। उनका उद्देश्य शहरी पर्यटकों को गांवों से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था। इस मॉडल में पर्यटक न सिर्फ खेती की बारीकियां सीखते हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति का अनुभव भी करते हैं और किसानों से सीधे उत्पाद खरीद सकते हैं। महाराष्ट्र की एग्री टूरिज्म नीति के निर्माता के तौर पर उन्हें दो बार राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार भी मिल चुका है। बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के चयनित जिलों में कृषि पर्यटन को विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

## महाकुंभ से अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं को पूर्व महापौर ऋषिकेश ने परोसा भोजन, कहा सेवा सत्कार ही श्रेष्ठ भारत की असल पूंजी

**अयोध्या।** अयोध्या-बस्ती हाईवे पर रामाय होटल के सामने महाकुंभ से अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने किया। गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे शुरू हुए भंडारे का शुभारंभ अवध विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं को भोजन परोस कर किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बनती थी। रात्रि में भी भक्तों की लंबी कतारें भोजन के लिए लगी रहीं। इस भंडारे में दो दिनों में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। यहां न केवल भोजन की व्यवस्था की गई थी, बल्कि श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए विश्रामलय और उनके मोबाइल चार्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। भक्त भोजन करने के बाद आयोजकों को धन्यवाद देते हुए आगे बढ़ते रहे। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने इस मौके पर कहा, ÷सेवा सत्कार ही श्रेष्ठ भारत की असल पूंजी है। यही भारत की पहचान रही है, और यह पहचान प्राचीन काल से लेकर आज तक वैश्विक मंच पर बनी हुई है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन अपनी विशिष्ट सेवा शैली के माध्यम से अन्य संगठनों से अलग है। इस पहल की सराहना करते हुए प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा, ऋषिकेश उपाध्याय ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा की जो कार्य किया, वह अनुकरणीय है। चाहे महाकुंभ के समय की बात हो या कोरोना काल की, ऋषिकेश ने हर परिस्थिति में असाधारण सेवा की है। इस कार्यक्रम में संघ चालक डा. विक्रम पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री परमानंद मिश्र, शैलेंद्र कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, पार्षद विनय जायसवाल, डा. शीलवंत सिंह, अधिवक्ता पवन तिवारी, पूर्व पार्षद घनश्याम पहलवान, आशीष सिंह, मंहत सिंह, एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, दुर्गेश तिवारी, विभाग संयोजक शशांक सिंह, आइटी प्रभारी आशीष मिश्र सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद परोसा।

## बच्चों के लिए लैब विकसित करेगा नगर निगम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने नंदीशाला व गौशाला को मिलाकर एक गौ-परिसर विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज गौशाला को लेकर निगम अधिकारियों के साथ अनेक कार्ययोजनाओं पर विचार किया। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान की मदद से गौवंश में नस्ल सुधार कराते हुए उन्नत किस्म की गाय प्राप्त करने पर जोर दिया ताकि दुग्ध उत्पादन बढ़ाया जा सके। उन्होंने किसी जोनल ऑफिस के एक फ्लोर पर लैब विकसित कर स्कूली बच्चों को गौवंश का महत्व, वर्टिकल गॉर्डन, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट तथा गोबर निर्मित उत्पादों आदि के सम्बंध में जानकारी देने की भी बात कही।

नगरायुक्त आज दोपहर अपने कार्यालय में कान्हा उपवन गौशाला को पूर्णतः आत्म निर्भर बनाने के लिए निगम अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने निगम द्वारा गोबर से बनाये जा रहे पेंट तथा गौमूत्र से बनाये जा रहे गोनाईल का निगम कार्यो में भी प्रमुखता से उपयोग करने का सुझाव दिया। नगरायुक्त ने नवनिर्मित हेबीटेट सैंटर में भी गौ निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए दो दुकानों को संरक्षित करने तथा फ्लिपकॉर्ट व एमेजॉन आदि माध्यम से ऑन लाइन गौ उत्पादों की बिक्री तथा शहर में कुछ वेंडर चिह्नित कर उनके माध्यम से गौ उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने कान्हा उपवन गौशाला की ओर से एक मिल्क पार्लर स्थापित करने का सुझाव देते हुए विभिन्न दुग्ध कंपनियों से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना बनाने तथा निगम परिसर में एक विक्रय सेंटर की स्थापना पर भी जोर दिया। उन्होंने लकड़ी के स्क्रैप से दो बैलगाड़ी बनवाने का सुझाव देते हुए कहा कि इस बैलगाड़ी से बच्चों को नंदीशाला से गौशाला के बीच तथा नंदीशाला के करीब तालाब के चारों ओर घुमाया जाए।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनायी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उप्र बॉक्सिंग संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर (बालिका) बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सेमिफाइनल में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह बनायी।

डा.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह व जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अमित जैन ने संयुक्त रूप से किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आज तीसरे दिन सभी सेमी फाइनल मुकाबले खेले गये। प्रतियोगिता का पहला मैच 31-33 किग्रा भार वर्ग में अराध्या सिंह (मेरठ) और सोनम कुमारी (गोरखपुर) के मध्य खेला गया, जिसमें अराध्या सिंह (मेरठ) विजेता रही। इसी भार वर्ग में दूसरा मुकाबला नंदनी कुमारी (प्रयागराज) और अंकिता करण राजपूत (आगरा) के मध्य खेला गया, जिसमें नंदनी (प्रयागराज) विजेता रही। 33-35 किग्रा भार वर्ग में कनिष्का साहनी (प्रयागराज) और प्रिया सिंह (गोरखपुर) के मध्य खेला गया, जिसमें प्रिया सिंह (गोरखपुर) विजेता रही। इसी भार वर्ग में वैष्णवी साहू (झांसी) और जिविका (सहारनपुर ) के मध्य खेला गया, जिसमें जिविका (सहारनपुर) विजेता रही। 35-37



किग्रा भार वर्ग में पहला मैच रूजदा जाबी (वाराणसी) और सिमरत यादव (मेरठ) के मध्य खेला गया, जिसमें रूजदा जाबी (वाराणसी) विजेता रही। इसी भार वर्ग में निशी साहू (झांसी) और अराध्या सक्सेना (मुरादाबाद) के मध्य खेला गया, जिसमें निशी साहू (झांसी ) विजेता रही। 37-40 किग्रा भार वर्ग का पहला मैच अदिति सिंह (मुरादाबाद) और सांची सिंह (मेरठ

## बहु ने ससुर पर लगाया आरोप, केस दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा गड़ौरा के बड़ा टोला निवासी एक पीड़ित महिला ने अपने ससुर पर मारपीट व जान से मारने की की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पीड़िता संगीता पत्नी कन्हैया लाल भारती ने 14 जनवरी को दिए गए तहरीर में बताया कि शुक्रवार समय करीब साढ़े आठ बजे ससुर गोबरी पुत्र स्व घिसीयावन मुझे भद्दी-भ?द्दी गाली गुप्ता देने लगे जिसके विरोध करने पर नाराज होकर बुरी तरह से मारने पिटने लगे व जान माल की धमकी देने लगे। पति काम के सिलसिले से बाहर है। घटना से काफी डरी,सहमी हूं। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच विद्यार्थियों को दी गई विदाई




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा भेड़िया में स्थित जय प्रकाश इंटर कॉलेज भेड़िया में शुक्रवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करते हुए किया। विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि विदाई एक अवनरत चलने वाली प्रक्रिया है, विदाई नई मंजिल की सीढ़ी है। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं के द्वारा कक्षा 12 के बड़े भैया बहनों का मुख मीठा करके आशीर्वाद लिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशिर्वाद दिए। उक्त अवसार पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एसके शर्मा और शिक्षक कवींद्र नाथ उपाध्यक्ष, ब्रह्मदेव पटेल, मिथिलेश, अभिषेक, हरेंद्र गुप्ता, विवेक सिंह विष्णु नन्द, मनोज सिंह, विष्णु कांत गुप्ता, प्रीति तिवारी कु अंजू, कु सोनम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत खरिकौरा व कल्याण नगर उर्फ हृदयनगर में लगा चौपाल

अनिल कुमार





- गाँव की समस्या गाँव में समाधान
- खरिकौरा के ग्राम पंचायत भवन व हिरदैनगर प्राथमिक विद्यालय कैम्पस में कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरिकौरा में शुकुवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, ग्राम प्रधान ममता व प्रतिनिधि शिवा तिवारी, रोजगार सेवक प्रमिला, पंचायत सहायक रुचि मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक राना प्रताप सिंह, अंबुज श्रीवास्तव, कोटेदार, आशा, आंगनबाड़ी सहित ग्रामवासी प्रशांत तिवारी, प्रदीप तिवारी, रामसमुझ, देवतादीन, अंशुमान त्रिपाठी , रामजी, संतोष त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत कल्याण नगर उर्फ हृदयनगर चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव ने करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां दर्जनों ग्रामीण जुटे रहे। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव, ग्राम प्रधान जय प्रकाश चौधरी ,रोजगार सेवक जयप्रकाश यादव, पंचायत सहायक बृजेश कुमार विश्वकर्मा, कोटेदार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित ग्रामवासी भगवानदीन, रामगोपाल, पंकज, तारा, जुगुरा, महिनिकी, भोला आदि लोग उपस्थित रहे।

# वरिष्ठता निर्धारण किये बिना शिक्षकों की पदोन्नति कदापि न किया जाये : संजय द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



- जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि

**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ से मिला और आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि वरिष्ठता निर्धारण किये बिना शिक्षकों की पदोन्नति कदापि ना किया जाय।समस्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की वरिष्ठता सूची 31 मार्च 2025 के पूर्व जारी किया जाये।

श्री द्विवेदी ने बताया कि पिछले कई महीनों से शिक्षक- कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस अंशदान की कटौती करने के बाद भी प्रान एकाउन्ट अपडेट नहीं है, जिस पर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। वर्तमान समय में कर्मचारी+राजयांश दोनों का बजट उपलब्ध होने के वावजूद भी प्रान एकाउन्ट अपडेट नहीं है। 31मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्युटी व सामूहिक जीवन बीमा की पत्रावली विद्यालयों से मंगाकर समय उप शिक्षा निदेशक के कार्यालय में भेजा जाये। जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के नोशनल इंक्रिमेंट की पत्रावली की समीक्षा कर उप शिक्षा निदेशक को भेजा जाय। प्रोजेक्ट अलंकार की लंबित पत्रावली का निस्तारण कर शिक्षा निदेशक माध्यमिक को प्रेषित जाय। बोर्ड परीक्षा में अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाते समय शिक्षकों की दूरी संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखा जाय। जिला मंत्री गिरजानंद यादव ने कहा कि अपार आईटी के निमार्ण में विद्यालय स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाय। त्रुटिपूर्ण आधार को ठीक कराने के लिए जनपद के सभी विद्यालयों में कैम्प लगाया जाय। मण्डलीय, जनपदीय व क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के आयोजन पर खर्च धनराशि का भुगतान समता के आधार पर किया जाय। इस दौरान संजय द्विवेदी, महेश राम, गिरजानंद यादव, पुनीत कुमार त्रिपाठी, मोहिबुल्लाह खान, रमेश पांडेय, तारकेश्वर सिंह, विजय यादव, जयप्रकाश, महेश्वर सिंह, विंध्याचल सिंह, राहुल कुमार, अरशद जलाल, अफजल खान, अभय शंकर शुक्ला, अभिषेक तिवारी सहित आने के लिए मौजूद रहे।

### शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा : डीआईओएस

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय शिक्षक हरिश्चंद्र राम ने कहा की शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो रहा है। पेंशन, जीपीएफ, नोशनल पेंशन की पत्रावली कार्यालय मंगाई गई है। परीक्षण करके तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी पर तैनात अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थाओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा।

## टप्पेबाज़ महिलाओ ने ई रिक्शा मे बैठी महिला को लगाया चूना

**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बरियावन - पट्टी मार्ग पर टप्पेबाज महिलाओं ने ई- रिक्शा में बैठी हुई महिला के पर्स से हजारों का माल उड़ा दिया। शुक्रवार दोपहर जल्लापुर मसेड़ा निवासिनी रमा पत्नी कुलदीप कमाल तिराहा से ई-रिक्शा में बैठकर अपने मायके राजेपुर धावा कुर्की बाजार के लिए निकली थी। ई-रिक्शा पर पहले से ही चार पांच महिलाएं बैठी हुई थी।ई-रिक्शा जब हिलालपुर गांव के पास पहुंचा तो पहले से बैठी हुई महिलाएं उससे उतर गई।रमा जब कुर्की बाजार में उतरकर किराया देने के लिए अपने पर्स में हाथ डाला तो उसमें रखा हुआ 4 हजार रुपए नगद,पायल, बिछुआ और भी कुछ अन्य जरूरी सामान गायब मिले। उसने अपने परिवार जनों को फोन से घटना की सूचना दी और खुद वापस उस जगह पर आई जहां वह महिलाएं उतरी हुई थी। परिवार के लोगों ने डायल 112 को घटना की सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए प्रारंभिक जांच पड़ताल की।

## सरकारी स्कूल पर शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था खराब



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोटन के कम्पोजिट विघालय पर साफ सफाई न होने पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह ने कहा कि जहां सरकार साफ सफाई पर पैसा पानी की तरह खर्च कर रही तो वही लोटन थाने के बगल में चल रहे कम्पोजिट विघालय पर साफ सफाई की व्यवस्था सही नही शौचालय उपयोग योग्य नही है क्या स्कूल बंद रहता है या बच्चे विघालय मे शिक्षा हासिल करने के लिए नही रहते है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह ने शौचालय साफ सफाई करने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग किया है।

## पृथ्वी योग मुद्रा का एडीएम (वि./रा.)/ प्रभारी अधिकारी ने किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री के प्रेरणा से नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर बन रहे पृथ्वी योग मुद्रा का अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) /प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सिद्धार्थनगर उमाशंकर द्वारा अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान के साथ निरीक्षण किया । निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा कार्य को शीघ्र ही शत प्रतिशत पूर्ण कराते हुए उद्घाटन कराने के लिए निर्देश दिया गया। इस मौके पर निकाय सहायक पुरुषोत्तम श्रीवास्तव, लिपिक हसन ताकीब रिजवी, कासिम मेंहदी, महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, रतन गुप्ता, शिवेंद्र आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के कब्रिस्तान रहे गुलज़ार



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शब-ए-बरात का त्योहार अकीदत व एहतेराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान व दरगाहों एवं मस्जिदो में पूरी रात्रि इबादत कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। शाम होते ही लोगों का परिवार के साथ कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया दिवंगतो को याद कर उनकी आंखें नम हो गईं। नगर स्थित रौज-ए-हजरत कासिम, रुहाबाद, उस्मानपुर, जाफराबाद, नगपुर, मालीपुर, आदि कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने पूर्वजों की कब्रों पर कुरान की तिलावत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी। वहीं शिया समुदाय के लोगों ने 12 वे इमाम के जन्म दिवस पर पटाखे छोड खुशियां मनाई। शब -ए-बरात के अवसर पर घरों में बनने वाले हलुआ का बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। जाफराबाद स्थित मरहूम हाजी अमजद सेठ के इमाम बाड़े में रात्रि को ज़श्न-ए-कायम का आयोजन किया गया।

## सामूहिक विवाह के कार्यक्रम का आयोजन 23 को

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गुख्यमंत्री सागूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा सामूहिक विवाह का कार्यक्रम प्रदेश के समस्त जनपदों सहित जनपद सिद्धार्थनगर में जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 23 फरवरी, 2025, आयोजन स्थल बी0एस0ए0 ग्राउन्छ, जिला कारागार के सामने, सिद्धार्थनगर में 681 से अधिक जोड़ो (वर-वधू) का विवाह कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का चल वित्तीय वर्ष 2024-25 का यह अन्तिम कार्यक्रम है। अतः जनपद के इच्छुक / पात्र जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग होकर विवाह करने चाहते है. तो विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु निर्गत वेबसाइट/पोर्टल https://cmsvy.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र के सहज जनसेवा केन्द्र अथवा स्वंय के माध्यम से भर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सिद्धार्थनगर में किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है। साथ ही ऑनलाइन आवदेन पत्र भरने में समस्या होने पर वर-वधू का फोटो, वर-वधू के मोबइल नम्बर, वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड अनिवार्य व शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें आयु निर्धारित हो), तहसील से निर्गत पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, कन्या का जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की दशा में), कन्या के बैंक पास-बुक की छायाप्रति, के अभिलेखों सहित अधोहस्तक्षरी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है एवं दूरभाष पर जानकारी हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर के मोबाइल नम्बर 9415168321 व पटल सहायक के मोबाइल नम्बर-9918904022 पर भी सम्पर्क कर सकते है। उक्त आशय की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर महिपाल सिंह द्वारा दिया गया है।

# इमाम मेहंदी अस के विलादत पर निकला जुलूस, सजी सबीलें





इमाम मेहंदी अस की विलादत पर उमड़ा जनसैलाब, घरों और मस्जिदों में आयोजित हुई महफिलें

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर कस्बे मे शिया समुदाय के बारहवें इमाम, इमाम मेहंदी अलैहिस्सलाम के जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को जश्न का माहौल रहा। घरों और मस्जिदों में महफिलों का आयोजन किया गया। वहीं जुमे की नमाज के बाद मौलाना शाहकार हुसैन जैदी के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इमाम मेहंदी अस के जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की। इमाम के जयंती दिवस पर जुलूस हल्लौर की जामा मस्जिद से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्ग से होता हुआ बस्ती डुमरियागंज मार्ग स्थित बाब-ए-अबूतालिब पर पहुँचा। यहां मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इमाम मेहंदी अस आज भी पर्दे में हैं और हमारे समुदाय की सरपरस्ती कर रहे हैं। पंद्रह सौ वर्षों से हम उनका इंतजार कर रहे हैं। उनके स्वागत के लिए हमें अपने आपको बा किरदार और बा अमल बनाना होगा, ताकि वह हमें अपनी उम्मत बता सकें। इस मौके पर हल्लौर के चौराहे पर जगह-जगह सबीलें लगाई गईं। मोमनीन हल्लौर के तत्वावधान में लगाई गई इन सबीलों में राहगीरों और ग्रामीणों को मिष्ठान्न सहित खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मौलाना कमरुल रिजवी, डॉ.फखरुल हसन मेहंदी, कसीम रिजवी ,काज़िम रज़ा,आसिफ, तसकीन हैदर, शराफत, कैफ़ी रिज़वी, कामयाब, सलमान, अमानत, उम्मीद रिज़वी, चंकी, अज्जू, जमाल, भोले, अमानत, रिंकू, अनवर, जानशीन, सरदार, अख्तर, अली सहित कस्बे के सभी मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद रहे और उन्होंने इमाम मेहंदी अलैहिस्सलाम के जन्मदिन की एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

## पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों की याद में कैंडल मार्च

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाल शहीदों को याद किया गया । जयवर्धन तिवारी की अगुवई में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों की याद में सांसद जगदंबिका पाल के कार्यालय से पाल समर्थकों भाजपा कार्यकर्ताओं सहित लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कैंडल मार्च इटवा-बिस्कोहर मार्ग स्थित सांसद जंगदंबिका पाल के कार्यालय से शुरु हुआ जो इटवा मेन चौराहे से पर पहुंचा। इसमें राजनीति पार्टी के अलावा भी लोग शामिल हो रहे। कैंडिल मार्च निकालने के दौरान जयवर्धन तिवारी ने कहा इसके पीछे का मकसद शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। सैनिक हमारे देश की सुरक्षा के लिए हर वक्त मौत से लड़ने के लिए तैयार खड़े रहते है ऐसे में उनके पराक्रम, उनकी हिम्मत को हमेशा याद रखा जाना चाहिए। इस कैंडिल मार्च मे शिवकुमार बर्मा, माधव यादव, राम निवास, संजय सिंह, राकेश शाडिल्य, आयुष दूबे, सुधीर त्रिपाठी, हरि यादव, अनिल सगरा आदि शामिल रहे।

# रात जागकर की इबादत देश में अमन चैन की भी की दुआ





अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय में शब ए बरआत पर इबादत का दौर चला। कब्रिस्तानों में विशेष साफ-सफाई की गई। लोग देर शाम से कब्रिस्तान पहुंचना शुरू हो गए। मरहूम लोगों के लिए दुआ की गई। रविवार को कई लोगों ने रोजा भी रखा। कई लोग गुरुवार की रात इबादत में गुजारने के बाद शुक्रवार को रोजा रखा। इस्लाम धर्म में मान्यता है कि शबे बरआत की रात सच्चे दिल से इबादत करते हुए गुनाहों से तौबा की जाए तो अल्लाह सारे गुनाहों को माफ कर देता है। शब माने रात और बरआत का अर्थ है बरी होना। इस्लाम में इस रात की बड़ी फजीलत है। यह शाबान माह की 14वीं तारीख (13 मार्च की शाम) से आरंभ होकर 15वीं तारीख ( 14 मार्च की शाम) तक मनाया जाएगा। गुरुवार दिन ढलने के बाद से ही ईदागाह, शाहपीर गेट, बाले मियां, छीपी टैंक आदि कब्रिस्तानों पर अकीदतमंदों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। लोगों ने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ा। घरों में महिलाओं ने भी तस्बीह की। रातभर कुरान शरीफ की तिलावत और नमाज पढ़ने का दौर चला। इटवा सुन्नी रज़ा जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उस्मान अलीमी ने बताया कि रमजान की तैयारी में शाबान के महीने में पैगंबर मोहम्मद साहब ने कई दिन रोजे रखे थे। उसी का अनुसरण करते हुए शबे बरआत पर, उसके पहले और बाद में भी रोजा रखने की परंपरा है। नायब शहर काजी ने बताया कि कोरोना के चलते प्रशासन ने जलसे की अनुमति नहीं दी। लोगों ने घरों और मस्जिदों में इबादत की। कहा इस दिन अल्लाह बंदों के कर्मों का लेखा जोखा रखता है और कई लोगों को दोजख से आजाद कर देता है।

# शिक्षा हासिल करके ही हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं : मौलाना जमील

अवधनामा संवाददाता



- बगहवा गांव में इसलहे मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के बगहवा गांव में शबे बारात को गुरुवार की शाम को इसलहे मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें मुल्क के नामवर वोलमाओं ने शिरकत कर कांफ्रेंस को संबोधित किया मौलाना जमील ने संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा हासिल कर के ही हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं जिस मनुष्य के जीवन में शिक्षा नहीं उनका जीवन अंधकार में भटकता हैं जलसे को संबोधित करते हुए साहब अली चतुर्वेदी ने कहा की आज का मुस्लिम समाज हज़रत मोहमद मुस्तफा (स.अ) के बताये हुए मार्ग से भटक गया है और हमारे समाज में तरह-तरह की बुराइयों ने और सभ्यताओं ने जन्म ले लिया है जिसे समय रहते दूर करना बहुत जरूरी है और यह बदलाव बेहतर शिक्षा से ही किया जा सकता है जलसे को खिताब करते हुए जावेद अलीमी ने कहा की सोशल मीडिया हमारी आने वाली नस्लों को जहनी तौर पर गुलाम बना रहा है जिसे हमारी नस्लों में निकम्मे पन और नकारेपन जैसी बनती जा रही है बहुत तेजी से जिसे समय रहते घर को इस वबा से अपने बच्चों को बचाना होगा ताकि हम उनके बेहतर मुस्तकबिल का निर्माण कर सकें। हाफिज अरबाब फारुकी ने कहा की शिक्षा के जरिए ही अच्छे और बुरे में सही ढंग से फर्क किया जा सकता है तिलावते कलाम पाक कारी मकसूद अकरम ने पेश की हमदे पाक सादिक रजा नेपाली ने पेश की नात ए पाक दिलशाद अहमद ने पेश किया। जलसे का संचलन सलाहुद्दीन अहमदी ने किया जलसे की अध्यक्षता जमील अहमद निजामी ने कियाद्य जलसे को मौलाना इश्तियाक, मौलाना फ़ैज़ान, मौलाना सफीक निज़ामी, मौलाना अकबर असर्फी ने भी कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर राफातुअल्लाह, इमरान, तफ़्सीर, अब्दुल वाहिद, अमीरुल्लाह, इरफान, अबरार, नसीरुद्दीन, शौकत प्रधान, अब्दुल सलाम, मेराज मलिक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल व नकलविहीन कराने के लिये हुई बैठक

**अम्बेडकरनगर।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड 2025 की परीक्षाएं 24.02.2025 से शुरू होनी है। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन और सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही साथ शिक्षा विभाग द्वारा अपनी समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। समस्त परीक्षा केंद्र पर उचित पुलिस प्रबंध किया गया है। अम्बेडकरनगर जनपद यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर, अंबेडकर नगर के आडिटोरियम हॉल में जिलाधिकारी महोदय श्री अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षाओं को लेकर समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं सचल दल और विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारियों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस वर्ष जनपद में कुल 113 परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न होगी।

# शब ए बारात में की गई इबादत अल्लाह ज़रूर कबूल करता है : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

## घरों में दिलाई नियाज़, बच्चों ने खूब फोड़े पटाखे, जलाई फुलझड़ियां





- कब्रगाहों पर फूलों मोमबत्तियों, लाइटों से की गई थी सजावट

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र में गुरुवार को शब ए बारात का त्योहार पूरे अकीदत और जोश खरोश के साथ मनाया गया। शब ए बारात के मौके पर हल्लौर में शाम होते ही लोग अपने अपने कब्रिस्तान में पहुँचकर कब्र पर फूल डालकर मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ा और मरने वाले की मगफिरत व परिवार की सलामती के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी। हल्लौर जामा मस्जिद, कर्बला स्थित मेहंदी कुआँ, पोखरवा कब्रिस्तान, कुला की बाग व दीगर कब्रिस्तान में विशेष रोशनी व कब्र पर फूलों से सजावट की गई थी। पूरी रात कब्रिस्तान में चाय पानी की व्यवस्था देंखने को मिली। 10 : 30 बजे हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में इमाम जुमा मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने 15वीं शब का आमाल कराते हुए लोगों को बताया कि यह हज़ारों रातों से अफजल रात है। इस रात अल्लाह अपने बंदों के बहुत करीब होता है और अल्लाह इस रात बरकतों, रहमतों की बारिश करता है। शब ए बारात में की गई इबादत अल्लाह ज़रूर कबूल करता है। मौलाना ज़ैदी ने आगे कहा कि 15 शाबान की रात इमाम मेंहदी अस के विलादत की तारीख़ है इमाम मेंहदी अस वो इंसान हैं जिसको परवर दिगार ने इस दुनियां से ज़ुल्म व सितम के खात्मे के लिए बचा के रखा है उनकी विलादत आज से 15 सौ साल पहले हुई थी लेकिन अभी वो अल्लाह के मोजिज़े से ज़िंदा है और जब इस दुनियां में आएंगे तो अद्ल व इंसाफ की हुकूमत कायम करेंगे और ज़ुल्म सितम को ख़त्म कर देंगे। इसलिए इस शब में और इस रात में हमे ज़्यादा से ज़्यादा अल्लाह की इबादत करनी चाहिए ताकि जल्दी से जल्दी इमाम महदी अस का ज़हूर हो। बाद में मौलाना ने नमाज़ियों को दुआएं पढ़ाई। आमाल के बाद मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी की सदारत में साहेबुज़्ज़मान हज़रत इमाम महदी (अ.ज.) की विलादत के मौके पर महफ़िल का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरों इमाम मेंहदी आखरूज़ ज़माअलैहिस्सलाम की शान में कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। ज़ाकिरे अहलेबैत सै0जमाल हैदर करबलाई ने शब ए बारात पर रोशनी डालते इमाम मेहदी अस की फजीहत पर विस्तार से रोशनी डाली। अन्त में मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि इस्लाम में शब-ए-बारात की काफी अहमियत हैं, इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से शाबान के महीने की 15वीं तारीख की रात में शब-ए-बारात मनाई जाती है। इस रात इबादत करनी चाहिए और अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। मरने वाले के हक में मगफिरत की दुआ करनी चाहिए। महफ़िल के दौरान इक़्तेदार मेंहदी, आले रजा, खुर्शीद जफर, अफसर मेंहदी, काज़िम मेंहदी, तनवीर हसन, शादाब संजू, अजादार अज्जा, हसन जमाल, नफ़ीस हल्लौरी, शान, मंज़र मास्टर, हैदरे कर्रार, शमशाद, अज़ीम हैदर नौशाद, मोहम्मद असगर, मीसम, लकी, आरज़ू, रौनक, अहसन मेंहदी, अली अब्बास, अलमदार हुसैन, शमशाद अली, सोजफ़, वसी हैदर, जमाल हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भटगवा, बसडिलिया, डुमरियागंज, जबजव्वा, बेवां मुस्तफा, टिकरिया, औराताल, बघहवा, कादिराबाद, बिथरिया, औसान कुइयां, मछिया सहित मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के लोग कब्रिस्तान में जाकर फातिहा पढ़कर अल्लाह से मग़फ़िरत की दुआ की दुआ की। कब्रिस्तान में रोशनी की भरपूर व्यवस्था रही। जिससे लोगो को आने जाने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रात क्षेत्र की सभी मस्जिदें गुलज़ार रही। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के बेहतर इंतेज़ाम किया गया था।

## मुफ्तखोरी पर 'सुप्रीम' नाराजगी

सर्वोच्च अदालत ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं। ऐसे में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने एक आशंकित सवाल किया है कि क्या हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय हम उन्हें नकारा बना रहे हैं। मुफ्तखोरी और रेवड़ियों का देश के खजाने पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। देश और राज्यों पर कर्ज के बोझ असहनीय होते जा रहे हैं। बजट में कटौतियां कर सरकारें रेवड़ियां परोसने को विवश हैं, क्योंकि अब यही राजनीति हो गई है। सवाल यह भी है कि इन लोगों को विकास में योगदान देने के अवसर क्यों न दिए जाएं? यह कर्ज का बोझ है अथवा मुफ्तखोरी बांटने का असर है कि 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना आदि के बजट में कटौतियां करनी पड़ी हैं। देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मोटा हिस्सा कर्ज और उसका ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक भी इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताते हुए कह चुका है कि जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा कर्ज लेना ठीक नहीं है। हाल ही में महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनावों में मुफ्तखोरी और रेवड़ियों की जमकर बोलियां लगाई गईं। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। अभी सरकार का गठन होना है, लेकिन अनुमान सामने आ रहे हैं कि मुफ्तखोरी की योजनाओं को लागू करने के लिए कमोबेश 25,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली का कुल बजट 76,000 करोड़ रुपए का है।

उसमें से करीब 62-64 हजार करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि पर खर्च हो जाते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करीब 6000 करोड़ रुपए ही शेष बचते हैं। तो नए खर्चों के लिए 25,000 करोड़ रुपए कहां से आएंगे? महाराष्ट्र में 1 लाख करोड़ रुपए की बजट में कटौती का खतरा आसन्न है। मुफ्त योजनाओं को मिला कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो सकता है। राज्य पर कर्ज 7.11 लाख करोड़ रुपए का है। शिव भोजन थाली, तीर्थ यात्रा, आनंद सिद्धा आदि योजनाएं या तो बंद करनी पड़ी हैं अथवा बंद होने के कगार पर हैं। जिस 'लाडकी बहिन' योजना के बल पर भाजपा-महायुति की सरकार बरकरार रही है, उस योजना के वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा रहा है, क्योंकि इस योजना पर 46,000 करोड़ रुपए अनुमानित खर्च है। जाहिर है कि कई महिलाओं की नकदी पर गाज गिरना तय है। ठेकेदार अपने काम के भुगतान मांगने को कपड़े फाड़ रहे हैं, लेकिन लगातार घाटों के कारण सरकार की सांसें फूली हैं। ऐसे फलितार्थ लगभग सभी राज्यों में सामने आ रहे हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने नाराज टिप्पणी की है, कोई फैसला नहीं सुनाया है, लेकिन मुफ्तखोरी और रेवड़ियां बांटना अब भारतीय राजनीति का अंतरंग हिस्सा बन गया है। रेवड़ियां बांट कर राजनीतिक दल चुनाव जीत रहे हैं और सत्ता में आ रहे हैं। ये राजनीतिक दल मुफ्तखोरी को 'कल्याणकारी' मानते हैं और गरीब जनता के प्रति सरकार का दायित्व भी मान रहे हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के दो न्यायाधीश कोई फटकार जैसी नाराजगी जताएं, तो उसके कोई खास मायने नहीं हैं। बहरहाल रेवड़ियों को परिभाषित नहीं किया जा सका। इस पर चिंतन होना चाहिए।

## हिंदी साहित्य की अमर कवियित्री थी सुभद्रा कुमारी चौहान

**सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

सुभद्राकुमारी चौहान का नाम हिन्दी साहित्य जगत में कौन नहीं जानता है। उनकी अनेक कृतियों ने तो उन्हे अमरत्व प्रदान कर दिया है। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी इस कविता से कौन वाकिफ नहीं हैं। खासकर देशभक्ति से ओतप्रोत वीररस एवं बालमन की अनुभूतियों पर ज्यादा अपनी रचनाओं का रूख रखा! सुभद्राकुमारी चौहान कवियत्री के अलावा कथाकार भी थीं। इनका जन्म सन् 1904 में हुआ था, शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद में पूरी हुई। वे जब मात्र पन्द्रह वर्ष की थी, तब उनका विवाह जबलपुर के लॉयर ठाकुर लक्ष्मण सिंह चौहान के साथ हो गया। सुभद्रा जी का साहित्य साधना की और झुकाव बचपन से ही था। अंग्रेजों की बर्बर हुकूमत के साये में पले बढ़े जीवन में सुभद्रा कुमारी चौहान के मन पर देशभक्ति का जब्बा कूटकूट कर भरा था। और बस वे बचपन से ही गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत भूमि को आजाद कराने वाली गतिविधियों में जुट गई। इसका सबसे अच्छा माध्यम सर्वप्रथम उन्होंने अपनी साहित्य को बनाया था, वे कविताओं के माध्यम से लोगों में देशभक्ति और गुलामी की छटपटाहट को प्रसारित करने में जो सफलता पाई। उसके लिये भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास सुभद्रा कुमारी चौहान का हमेशा ऋणी रहेगा।

सन् 1921 में सुभद्रा कुमारी चौहान और उनके पति महात्मा गांधी के आव्हान पर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इसी सिलसिले में सन् 1923 को उन्हें कारावास भी जाना पड़ा। इसके बाद तो वे राष्ट्रीय आंदोलन का एक अटूट हिस्सा ही बन गई। श्रीमती चौहान ने यह भी महसूस किया था कि स्वतंत्रता की लड़ाई काफी लंबी है। आज के लड़ने वाले जब बुढ़े होकर थक जायेंगे तो नयी पीढ़ी को लड़ना होगा। इसलिये उन्होंने बच्चों में राष्ट्रीयता, देशप्रेम, मातृभूमि के प्रति आदर और भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपरा के प्रति गौरव की बात जागने के लिए अपने साहित्य कृतित्व को माध्यम बनाया।

इनकी बाल कविता सभा का खेल कुछ ऐसी ही रचना थी। वही बुन्देले हरबोलों के मुख से हमने सुनी कहानी थी प्रत्येक भारतीयों के मन मस्तिष्क में क्रांति का शंखनाद कर रही थी। स्वतंत्रता और बगावत का यह महामंत्र लोगों में फूंकने का कार्य बड़ा रंग ला रहा था। यही कारण था कि श्रीमती चौहान ब्रिटिश हुकूमत के आंख की किरकिरी बन गई और फलतः उन्हें कई बार जेल भेजा गया। सुभद्रा जी ने अपने राष्ट्रीय कविताओं के माध्यम से जन मानस को आंदोलित करने में अभूतपूर्व सफलता पाई थी। सुभद्रा जी यूं तो कविता लिखने में सिद्धहस्त ही थीं लेकिन बच्चों के लिये कविता लिखने में वे बहुत सहज थीं। उनकी कविताओं में बालमन की जो अभिव्यक्ति हैं, वह सभी बच्चों जैसी है। उन्हें बालमन की अनुभूतियों की बड़ी गहरी समझ थी। उन्होंने इस लक्ष्य को स्वयं स्वीकार करते हुये एक कविता कुछ ऐसी लिखी है -

मैं बचपन को बुला रही थी बोल उठी बिटिया मेरी!

वंदन वन सी फूल उठी, वह छोटी सी कुटिया मेरी।

मां ओ कहकर बुला रही थी, मिट्टी खाकर आई थी।

कुछ मुंह में, कुछ लिये हाथ में, मुझे खिलाने लाई थी।

मैने पूछा यह क्या लाई बोल उठी वह मां काओ।

फूल फूल मैं उठी खुशी से, मैने कहा - तुम्ही खाओ।

बाल मनोविज्ञान की पारखी, सुभद्रा जी की कविताओं में अभिनेयता, बाल सुलभ क्रियाकलाप और कल्पना का अनूठा संगम, उन्हें बहुत ही सरस बना देता था। भाषा की सरलता, गद्य, छंद, सहज कंठस्थ हो जाने की क्षमता और अभिनेयता की विशेषताओं से भरी उनकी कविताएं हिन्दी बाल साहित्य की अक्षय निधि हैं। सुभद्रा जी जबलपुर नगर, पालिका की सदस्य भी रहीं फिर मध्यप्रदेश विधान सभा की सदस्य भी बनीं। राजनीति में भी काफी प्रख्यात हुई। उनके जीवन की पारी से कुछ और हिन्दी साहित्य और भारत, उपकृत हो पाता कि अकस्मात सड़क दुर्घटना में 15 फरवरी सन् 1948 को काल के क्रूर पंजो ने उन्हे अपना ग्रास बना लिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।**

# भारत टेक्स : भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

**मिथिलेश्वर ठाकुर**

भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज़्यादा रोज़गार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया।

इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत?वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केन्द्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।



उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरन्तरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे।

भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है। भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

# दिल्ली : हार जरूरी है यार

**भारतीय राजनीति में सरकार के लिए, मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है। दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। कोई भी मुख्यमंत्री होगा उसे सेंटर के साथ कन्फ्रांत करना पड़ सकता अहै। शीला दीक्षित तक को करना पड़ता था, जब दिल्ली राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। लड़ाई की जो बात है तो अरविंद केजरीवाल का पूरा पॉलिटिकल एग्जिस्टेंस ही सामने वाले से लड़ाई के आधार पर टिका हुआ है। बना भी उसी पर था, टिका भी उसी पर था। पिछले दो टर्म जो उन्होंने सरकार चलायी है, 2015-2020 और 2020-2025, उस दौरान भी उन्होंने विरोध और लड़ाई की ही पॉलिटिक्स की हैं।**

दिल्ली का जनादेश आ गया है और जनता ने केजरीवाल को नकार दिया है। बीजेपी के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। भाजपा जिसे चाहेगी, बना देगी। बहरहाल, भारतीय लोकतंत्र की यह खूबसूरती है कि यहां कोई अपने आप को शहंशाह समझने की भूल न करें। जनता सबको हैसियत बताती रहती है। हर बार, हर चुनाव दर चुनाव। कभी एक-दो मौके दे देती है लगातार, कभी-कभी तीन भी मौके देती है। लेकिन कोई ये ना समझे कि चुनावी लोकतंत्र में वह एक बार जीत कर आ गया है तो अगले 50 साल तक वही राज करेगा।



शशि शेखर

**चिंतन-मंथन :** दिल्ली चुनाव के नतीजे को अगर एक पंक्ति में समझना हो तो मुझे लगता है कि सबसे बेहतर पूरे हिंदुस्तान में दो ही लोग समझ सकते हैं। एक दिलीप पांडे, दूसरे अवध ओझा। ये दोनों क्लासिकल एग्जांपल है। तिमारपुर से दिलीप पांडे बहुत अच्छा काम कर रहे थे। लोग उनसे बहुत खुश थे। वह सर्वप्रिय व्यक्ति है। इन पंक्तियों का लेखक उन्हें अन्ना आंदोलन के दौर से जानता है। उन्होंने कभी पार्टी से यह नहीं कहा कि मुझे राज्यसभा भेज दीजिए या मुझे यहां टिकट दीजिए या मुझे यहां पद दीजिए! वैसे व्यक्ति का टिकट कटते ही आप के अधिकतम कार्यकर्ता भाजपा में चले गए थे। यह तथ्य है। अलग बात है कि दिलीप पांडे ने खुद कभी कोई टकराव नहीं किया, कभी किताब लिखते रहे तो कभी कुछ करते रहे। लेकिन ये एक उदाहरण है। चावल की हांडी का एक दाना देखकर ही पता चल जाता है।

कुछ काम करना, नहीं करना, भारतीय राजनीति में सरकार के लिए, मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है। दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। कोई भी मुख्यमंत्री होगा उसे सेंटर के साथ कन्फ्रांत करना पड़ सकता अहै। शीला दीक्षित तक को करना पड़ता था, जब दिल्ली राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। लड़ाई की जो बात है तो अरविंद केजरीवाल का पूरा पॉलिटिकल एग्जिस्टेंस ही सामने वाले से लड़ाई के आधार पर टिका हुआ है। बना भी उसी पर था, टिका भी उसी पर था। पिछले दो टर्म जो उन्होंने सरकार चलायी है, 2015-2020 और 2020-2025, उस दौरान भी उन्होंने विरोध और लड़ाई की ही पॉलिटिक्स की हैं। ऐसा नहीं है कि वो उस वजह से वह काम नहीं कर पाए। जितना उनको करना था, जितनी उनकी हैसियत थी उन्होंने किया। लेकिन, इस हार के बाद अब उनके लिए चिंतन और मंथन का समय है।

**अहंकार और हार :** आदमी जब बिल्कुल स्वेच्छाचारी हो जाता है, तो दिक्कतें पैदा होती ही हैं! एक कहावत है कि पावर करप्ट्स एंड अब्सोल्यूट पावर करप्ट्स अब्सोल्यूटली



(सत्ता भ्रष्टा करती है और पूर्ण सत्ता पूर्णतः भ्रष्टाचार करती है)। मैं यहां पर भ्रष्टाचार से अलग, जो व्यक्ति का स्वंय का आचार और विचार है, उसके भ्रष्ट होने के तौर पर भी भ्रष्टाचार को देखता हूं। आपको अपने लोगों की पहचान नहीं रह जाती, आपको अपने ताकत की पहचान नहीं रह पाती, धीरे-धीरे खत्म होने लगती है। आप दूसरे की ताकत पर निर्भर होने लगते है। इसलिए दिलीप पांडे और अवध ओझा का नाम लिखा है मैंने। फिर, एक बीजेपी का डबल इंजन वाला एक नेरेटिव है। कई जगह पर हम लोग देख रहे हैं कि इसी नैरेटिव के पर, इसी परसेप्शन पर बीजेपी को थोड़ा सा एज मिलता है कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह वही रहेंगे, तो अच्छा चलेगा।

हालांकि, मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि यह विकास के लिए कोई आवश्यक शर्त नहीं है। दिल्ली की स्थिति बाकी राज्यों से इसलिए अलग है क्योंकि वह वाकई संवेदनशील है। भारत की राजधानी दिल्ली है, इस वजह से शीला दीक्षित के समय भी ऐसा नहीं था, जो मेरी जानकारी है, कांग्रेस के समय में भी जब शीला दीक्षित के समय टकराव होता था। गृह मंत्रालय बनाम दिल्ली के मुख्यमंत्री में टकराव हो जाता था। उसमें 10 जनपथ को हस्तक्षेप करना पड़ता था और वहां से शीला दीक्षित जीत कर आती थीं। आम आदमी पार्टी के साथ एक दिक्कत यह रही कि इनकी शुरुआत ही तब हुई जब केंद्र में नरेंद्र मोदी एक अपराजेय नेता के तौर पर आए और उनके लिए भी दिल्ली एक चुनौती थी। मोदी जी भी सोचते रहे होंगे ही कि पूरा देश जीत रहे हैं, लेकिन नाक के नीचे की दिल्ली को नहीं जीत पा रहे।

**दोतरफा टकराव :** अकेले मैं अरविंद केजरीवाल को इस टकराव के लिए दोषी नहीं मानता हूं, जिसे दिल्ली ने देखा। भाजपा को दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर जनता ने जिताया। अब तक वहां पर स्प्लिट वोटिंग पैटर्न रहा है। लोकसभा में पूरी की पूरी सीटें जनता बीजेपी को दे देती थी, विधानसभा में अरविंद केजरीवाल को। 10 साल लगातार सरकार चलाना भी कोई छोटी बात नहीं थी। काम तो कुछ किया ही था आम आदमी पार्टी ने। चाहे वह अस्पताल के मसले हो, शिक्षा के मसले हो, स्वास्थ्य के मसले हो, ट्रांसपोर्टेशन वगैरह की बात हो। इस सब को फ्रीबीज कहा गया। लेकिन भाजपा ने भी माना कि वह भी इसको चलाएंगी, बल्कि ज्यादा। तो लोगों को लगा कि इनको भी मौका दिया जाए। इतने अधिक टकराव से लोग शायद ऊब जाते हैं कि भाई चलो एक बार डबल इंजन ही करके देखते हैं। शायद कुछ अच्छा हो जाए।

अभी तो स्थिति यह थी कि पहले केजरीवाल कहते थे कि एमसीडी में बीजेपी है तो काम नहीं हो पा रहा है लेकिन आखिरी कुछ समय पिछले एमसीडी में भी आम आदमी पार्टी आ गयी। हालांकि, मेरा मानना है कि आम आदमी पार्टी की आंतरिक राजनीति में बड़ी समस्या थी। आप देखेंगे कि आप ने इस बार बहुत सारे कांग्रेस और बीजेपी से आयातित नेताओं को टिकट दिया था। जमीनी स्तर पर आप के पार्षद या कार्यकर्ता को यह सब हजम नहीं हुआ।

अरविंद केजरीवाल को उनका ओवर कॉन्फिडेंस और अहंकार ले डूबा। उनको लगता था कि वही नेता हैं, अकेले हैं, सर्वमान्य हैं, वह जिसको चाहेंगे जिता देंगे। जैसाकि आखिरी दो चुनावों में हुआ भी। 67 और 62 सीटें ये लोग जीते थे। अब मुझे लगता है कि रिजल्ट के बाद पता नहीं इन्हें कितना मौका मिलेगा, इस बात का मंथन करने के लिए कि क्या गलतियां हुईं? हालांकि, अरविंद केजरीवाल का जो राजनीतिक सेटअप है, वह बहुत ज्यादा एकीकृत और केंद्रीकृत हो गया था। यही उनकी हार का सबसे बड़ा कारण भी है। मुझे उम्मीद है, वे इस पर मंथन और चिंतन करेंगे। हार आपको इससे बड़ा उपहार नहीं दे सकता।

# रोज़गार की जद्दोजहद में असंगठित क्षेत्र के दुकानदार

**नरेश बताते हैं कि एक मोजड़ी की सबसे कम कीमत भी करीब एक हज़ार रूपए के आसपास होती है। अक्सर देसी पर्यटक इसे कम दामों पर खरीदना चाहते हैं, लेकिन अगर हम इसके दाम कम कर देंगे तो हमारी खरीदारी की लागत भी नहीं निकल पाएगी। इसलिए मैं अक्सर विदेश पर्यटकों को इन्हें बेचने को प्राथमिकता देता हूं। कई बार कुछ देसी पर्यटक भी इसे मुंह मांगी कीमत पर खरीद लेते हैं। जिससे हमारी अच्छी बिक्री हो जाती है।**

राजस्थान देश के उन चुनिंदा राज्यों में है जहां सबसे अधिक पर्यटक आते हैं। इसके लगभग सभी ज़िले पर्यटन मानचित्र में विशिष्ट स्थान रखते हैं। लेकिन जयपुर पर्यटन नगरी होने के साथ साथ राज्य की राजधानी भी है। यहां का हवा महल अपनी अनोखी वास्तुकला के कारण दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। सालों भर पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण यहां रोज़गार के भी काफी अवसर उपलब्ध होते हैं। होटल से लेकर कपड़े और स्थानीय स्तर पर तैयार किये जाने वाले सामान भी खूब बिकते हैं। जिससे न केवल बड़े स्तर के दुकानदार बल्कि छोटे स्तर के असंगठित दुकानदारों की भी इससे रोज़ी रोटी चलती है। जयपुर आने वाले पर्यटक यहां के पारंपरिक पोशाकों के साथ साथ मोजड़ी भी खरीदते हैं। जिन्हें बड़े दुकानदारों के अलावा फुटपाथ पर अस्थाई दुकान लगाकर भी लोग बेच कर आय के साधन अर्जित करते हैं।



मंशा गुर्जर

राजस्थान की मोजड़ी देश विदेश में प्रसिद्ध है। यह एक प्रकार की जूती है जो बहुत ही हल्की होती है। इसे हाथों से तैयार किया जाता है। इस पर बहुत ही बारीकी से कढ़ाई की जाती है और फिर मोतियों तथा अन्य सजावटी सामान जोड़े जाते हैं। इसके अतिरिक्त कई मोजड़ियों पर नक्काशी और कशीदाकारी भी की जाती है। अस्थाई दुकान लगाकर इसे बेचने वाले नरेश कुमार बताते हैं कि इन मोजड़ियों की सालों भर मांग रहती है। हालांकि शादी और कुछ ख़ास त्योहारों में इसकी बिक्री बढ़ जाती है। वहीं दिसंबर से फ़रवरी तक विदेशी सैलानियों की अधिक संख्या आने से भी उनकी काफी मोजड़ियां बिकती हैं। टोंक के ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले 55 वर्षीय नरेश बताते हैं कि हाथों से तैयार किये जाने के कारण यह काफी महंगे होते हैं। वह इन्हें बड़े दुकानदारों से खरीद कर बेचते हैं। जिसमें इन्हें बहुत अच्छी आमदनी नहीं हो पाती है। वह कहते हैं कि सीज़न के अन्य दिनों में इसकी मांग तो रहती है लेकिन बिक्री में काफी गिरावट आ जाती है। जिससे घर का खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाता है।





नरेश बताते हैं कि एक मोजड़ी की सबसे कम कीमत भी करीब एक हज़ार रूपए के आसपास होती है। अक्सर देसी पर्यटक इसे कम दामों पर खरीदना चाहते हैं, लेकिन अगर हम इसके दाम कम कर देंगे तो हमारी खरीदारी की लागत भी नहीं निकल पाएगी। इसलिए मैं अक्सर विदेश पर्यटकों को इन्हें बेचने को प्राथमिकता देता हूं। कई बार कुछ देसी पर्यटक भी इसे मुंह मांगी कीमत पर खरीद लेते हैं। जिससे हमारी अच्छी बिक्री हो जाती है। वह कहते हैं कि मशीनी युग में अब मोजड़ी हाथ की जगह मशीन से तैयार की जाती है। जिसमें वह खूबसूरती नहीं होती है जो हाथों से तैयार किये हुए मोजड़ी में नज़र आती है। रोज़गार के संबंध में नरेश बताते हैं कि गांव में रोज़गार का कोई साधन नहीं होने के कारण करीब बारह वर्ष पहले वह जयपुर आ गए थे। आठ साल उन्होंने इन मोजड़ी बनाने वाले कारखाना में काम भी किया है। जब इन्होने अपना स्वरोज़गार शुरू करने का निर्णय लिया तो इसी को बेचने का विचार किया क्योंकि यहां काम के अनुभव की वजह से इन्हें माल खरीदने में आसानी होती है। नरेश कहते हैं कि अनुभव के आगे पैसे की कमी आ जाती है। आर्थिक स्थिति कमज़ोर होने के कारण वह स्थाई दुकान खोलने में भी सक्षम नहीं हैं। रोज़गार की इस जद्दोजहद में 30 वर्षीय विकास भी लगातार परिश्रम कर रहे हैं। हवा महल के सामने वह प्रतिदिन खड़े होकर बच्चों के खिलौने बेचते हैं। वह बताते हैं कि घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उन्हें 15 वर्ष की उम्र में ही पढ़ाई छोड़कर रोज़गार में लगना पड़ा था। अब उनका अपना परिवार भी हो चुका है। ऐसे में उन्हें दोगुनी मेहनत करनी पड़ती है। वह बताते हैं कि सामान बेचकर उन्हें प्रतिदिन 600 से 700 रूपए तक की आमदनी हो जाती है। जिससे परिवार का गुज़ारा चल जाता है। विकास बताते हैं कि वह अपने अस्थाई दुकान को कभी हवा महल और कभी पास के गोविंद जी मंदिर के पास लगाते हैं। इस मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ गोविंद जी के दर्शन करने आती हैं। जिससे वह उनके लिए सामान खरीदती हैं। इसकी वजह से उनकी अच्छी बिक्री हो जाती है। विकास कहते हैं कि अन्य दुकानदारों की अपेक्षा उनके सामान अधिकतर देसी पर्यटक ही खरीदते हैं। इसलिए उनके लिए पर्यटन मौसम का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। सालों भर उनके सामानों की एक समान बिक्री रहती है।

नरेश और विकास की तरह ही 58 वर्षीय किशन कुमार भी हवा महल के पास अपनी अस्थाई दुकान लगाते हैं। जहां वह प्लास्टिक के सामान और खिलौने बेचते हैं। जयपुर के ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले किशन की दुकान में अधिकतर घर के काम में आने वाले सामान होते हैं। जैसे बच्चों के टिफिन, फूलदान, किचन से जुड़ी सामग्रियां आदि होती हैं। किशन बताते हैं कि 28 वर्ष पूर्व उन्होंने बच्चों के खिलौने बेचने से अपना व्यवसाय शुरू किया था। धीरे धीरे उन्होंने मार्केट की मांग के अनुरूप इसमें घर से जुड़े सामानों को भी रखना शुरू किया। इससे उनकी अच्छी आमदनी होने लगी। वह कहते हैं कि देसी विदेशी पर्यटकों की ज़रूरतों के अनुसार उन्होंने अपनी दुकान में सामान रखना शुरू किया। विदेशी पर्यटकों को जहां सबसे अधिक फूलदान पसंद आते हैं वहीं देसी पर्यटक बच्चों के खिलौने समेत घर के काम आने वाले सामान खरीदने को प्राथमिकता देते हैं।

केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल के अनुसार असंगठित क्षेत्र से जुड़े देश में करीब तीस करोड़ से अधिक मज़दूर रजिस्टर्ड हैं। इनमें सबसे अधिक 53।6 प्रतिशत महिलाएं और करीब 46।4 प्रतिशत पुरुष हैं। इनमें सबसे अधिक 18 से 40 साल के युवा हैं। रजिस्टर्ड असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों की सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश से है जबकि इस मामले में राजस्थान छठे नंबर पर है। नरेश, विकास और किशन की तरह ऐसे हज़ारों लोग हैं जो असंगठित क्षेत्र के तहत सड़क किनारे फुटपाथ और अन्य जगहों पर अपनी अस्थाई दुकान के माध्यम से रोज़गार की जद्दोजहद कर रहे हैं। (चरखा फीचर्स)

# दर्जनों झांकियों संग निकाली भव्य शोभा यात्रा

अवधनामा ब्यूरो



**टूंडला।** नगर में महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

गुरुवार को जाट हृदय सम्राट वीर शिरोमणि अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया समाज के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पअर्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर नगर में दर्जनों आकर्षण झाकियों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा दीपा चौराहा से शुरू हुई और नगर के स्टेशन रोड़ भारत माता चौक स्वामी विवेकानंद चौक सब्जी मंडी सुभाष चौराहा होते हुए एटा रोड़ तहसील पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि सम्मलित हुए फ्तेहपुर सीकरी भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल का जन्म 13 फ्रवरी 1707 को राजस्थान के भरतपुर में हुआ, उनके पिता का नाम राजा बदन सिंह व माता रानी देवकी था। राजा सूरजमल में वीरता धीरता गंभीरता उदारता सतर्कता, दूरदर्शिता सूझबूझ चातुर्थ से सुशोभित थे। महाराजा सूरजमल के समकालीन एक इतिहासकार ने उन्हें जाटों का प्लेटों कहा है,राजा सूरजमल ने अपने जीवन काल में मुगालो व अन्य राजाओ से 80 युद्ध लड़े और सभी मे विजय प्राप्त की भरतपुर के लोहागढ़ किले पर 13 बार आक्रमण करने के उपरांत भी कभी मुगल व अन्य किले को जीत नही पाए। अंतरास्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री लोकेंद्र पोनिया ने बताया कि महाराजा सूरजमल जाट हिंदू राजा थे उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार कर उसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया था. वे एक कुशल प्रशासक दूरदर्शी और कूटनीतिज्ञ थे.उन्होंने मुगलों के आक्रमण का मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने 1743 में उसी जगह पर भरतपुर नगर की नींव रखी थी। उन्होंने अभेद्य लोहागढ़ किला बनवाया था। उन्होंने आगरा नगर की रक्षा करने वाली मुगल सेना पर अधिकार कर लिया था। उन्होंने दीन-दुखियों दलितों शरणागतों, और महिलाओं की रक्षा की थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी बाबूलाल चौधरी अमित सिंह मनु चौधरी संजीव लकड़ा भवानी सिंह किरमारा, मुख्य संयोजक लोकेंद्र सिंह पौनियां,चौ उदय प्रताप वर्मा,डॉ गौतम सिंह, शरद पूनिया बीनू वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चौ.भंवर सिंह उत्तम सिंह महेंद्र सिंह जुरेल राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मा.देशराज सिंह जाट महासभा जिलाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पूनिया चौ. निरंजन सिंह पूनिया सुशील पूनिया शंकर सोलंकी प्रधान, हरीश चौधरी,दीपक ठैनुआ, कुलदीप पूनिया रामजीत पूनिया, पंकज चौधरी उदयवीर सिंह पूनिया चंद्रवीर एडवोकेट किशोर राम तीर्थ चक चौधरी यशपाल सिंह रोहित चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## शिला पट्टिका से निर्माण की लागत व ठेकेदार का नाम गायब

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो पर अब कितनी धनराशि खर्च की जा रही है, इसका ब्यौरा लोगों तक पहुंचे। इसके लिए लोकार्पण की शिला पट्टिका पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था, संस्तुतिकर्ता के अलावा निर्माण करने वाले ठेकेदार और निर्माण की कुल लागत की धनराशि का विवरण अंकित किया जाता रहा है। लेकिन कुछ समय से अब शिला पट्टिकाओं पर नेताओं, अधिकारियों के नाम तो अंकित हो रहे हैं, लेकिन निर्माण करने वाले ठेकेदार और निर्माण की लागत में लगने वाली धनराशि गायब है, जिससे लोगों को यह जानकारी भी सहज नहीं हो पा रही है कि किस ठेकेदार ने कितनी शासकीय धनराशि से उक्त निर्माण कार्य कराया है। इसके अलावा यह भी देखने योग्य है कि निर्माण कार्य कितने समय तक के लिए वैद्य माना जायेगा और कितनी तारीख को निर्माण कार्य किया गया, यह भी उल्लेख शिला पट्टिकाओं से नदारत है। लोगों का कहना तो यह भी है कि आमजन की नजर में यह धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा है।

# कुशीनगर के क्रिकेटर सहीम का केपीएल ऑक्शन में लगी बोली

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** क्रिकेट के मैदान में अपने हुनर का लोहा मनवाने वाले सहीम हसन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से सभी को चौंका दिया है। कुशीनगर जिले के विकास खंड

**■ कानपुर प्रीमियर लीग, तैयार हो जाओ, मैदान में धमाल मचाने आ रहे सहीम**

मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मेहदी हसन के बेटे को कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) की ऑक्शन में तीन लाख रुपए में खरीदा गया है। यह न सिर्फ उनके लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है।

बता दें कि आईपीएल के तर्ज पर हो रही इस लीग में चयन होना ही बड़ी बात है, लेकिन सहीम ने अपनी मेहनत और कड़ी लगन से यह साबित कर दिया कि वह एक बड़े खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। उनका ऑलराउंड प्रदर्शन, बेहतरीन बैटिंग और धारदार बॉलिंग पहले ही कई टूर्नामेंट्स में सुर्खियां बटोर चुकी है। अब केपीएल में उनका जलवा देखने को मिलेगा, जहां वह अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरी जान झोंक देंगे।

### क्रिकेट प्रेमियों की जुबां पर सहीम का नाम

कुशीनगर के इस स्टार क्रिकेटर की कामयाबी से उनके गांव और जिले में जश्न का माहौल है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि सहीम आगे भी ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे और एक दिन बड़े मंच पर देश का नाम रोशन करेंगे।

# दुराचारी भेजा गया जेल



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र में एक 14 माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की चर्चा सरेआम होने पर आरोपी की खूब थू थू हो रही है। घटना की जानकारी देते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी श्रीराम टोला बंगला में एक 14 माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेते हुए थाना विशुनपुरा पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया गया था। जिसके क्रम में थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमे से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दूधनाथ प्रसाद पुत्र कुमार प्रसाद निवासी गौरी श्रीराम थाना विशुनपुर जनपद कुशीनगर उम्र लगभग 63 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र शीघ्र से शीघ्र न्यायालय में दाखिल करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाने व अभियुक्त को कठोर सजा दिलाने के लिए टीम गठित कर दी गयी है।

# 35 लाख से होगा रिटेनिंग वॉल निर्माण

## कार्यदायी संस्था को किया गया नामित, एच.टी. लाइन शिफ्ट करने के निर्देश जारी

अवधनामा ब्यूरो



**ललितपुर।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट साभार में जिला खनिज न्यास निधि के शासी परिषद एवं प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के क्रमिक विकास के लिए गहन विचार विमर्श के बाद प्रस्तावित कार्य अनुमोदित किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने की, जबकि विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तरगुवां तालबेहट में 35 लाख की लागत से रिटेनिग वॉल के निर्माण हेतु कार्यदाई संस्था को नामित किया। इसी प्रकार से उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वह जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के परिसर के ऊपर से निकल रही एच.टी.लाइन को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का कार्य कराएं ताकि नो निहालों को किसी प्रकार का खतरा न रहे। उन्होंने ग्राम पंचायत कुर्रट, राजस्व ग्राम लखंजर में सामुदायिक भवन निर्माण तथा शत-प्रतिशत मतदान करने वाले गांव सौल्दा में एक शादी घर के भवन निर्माण हेतु अपनी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारी को आदेशित किया कि वह इन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराएं। इसके साथ ही समिति के सदस्य व जिला पंचायत सदस्य सौंरई वीर सिंह बुंदेला द्वारा ग्राम

**■ बैठक में अधिकारियों से जिलाधिकारी ने की वार्ता**

खुटगुवां में बस्ती से धसान नदी जाने वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण की मांग करने पर मौके पर ही उनके प्रस्ताव को सम्मिलित करते हुए अनुमोदित किया गया। अब जल्द निर्माण कार्य कराया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। डीएम ने बताया कि वह व्यक्तिगत प्रयासों से कुछ कंपनी व कार्यदाई संस्थाओं से संपर्क कर जनपद के विकास के लिए 5 से 6 करोड रुपए का सीएसआर फंड लाने की कोशिश कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने संबंधित कंपनी के उच्च अधिकारियों से बात कर ली है। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि वह जनपद के विकास के लिए फंड की कमी नहीं आने देंगे इसके लिए वह हर संभव प्रयास करते रहेंगे। बैठक में विधायक, राज्यमंत्री प्रतिनिधि द्वारा शहर व जनपद के विभिन्न विकास कार्य कराए जाने के लिए सुझाव दिए गए। इस दौरान सीडीओ कमलाकांत पांडेय, सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद, डीआईओ डीएस दयाल, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कर भाव विभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित पकड़ी में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने अपने कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि जब भक्त भगवान को मिलता है तो जितनी पुलक और आनन्द भक्त में घटती है तो उससे अनंत गुना पुलक और आनन्द भगवान में घटती है। घटनी ही चाहिए क्योंकि अनंत गुना है भगवान भक्त से।भक्त तो एक बूंद है, भगवान तो एक सागर है। अगर बूंद इतनी नाचती है, तो तुम सोचो, सागर कितना नाचता होगा। लेकिन वह कोई व्यक्ति नहीं है। यह सारी समष्टि वही है। इसलिए वह सब रूपों में नाचता है,सब रूपों में हंसता है,सब रूपों में पुलकित होता है।



हरियाली में और हरा हो जाता है। रंग में और रंगीन हो जाता है, इंद्रधनुष में और गहरा हो जाता है। लेकिन वह दिखाई पड़ता है उसी को, जिसके हृदय में अहोभाव भरा है, जो नाच रहा है आज। उसे परमात्मा साथ ही नाचता हुआ दिखाई पड़ता है। यही तो अर्थ है कि सोलह हजार गोपियां नाचती हैं और प्रत्येक गोपी को लगता है कृष्ण उसके साथ नाच रहे हैं।

# युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से निकालना आवश्यक : गौरव जैन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारत में नशे की लत युवाओं के बीच में इतनी बढ़ चुकी है, जिसका अंदाजा आए दिन समाचार पत्रों में पढने् को मिलता है कि युवाओं से नशीले पदार्थ पकड़े गए और कुछ नशे की लत के लिए पैसे न मिलने पर मां-बाप के ऊपर हमला कर दे रहे हैं, जिसके कारण मां-बाप मृत्यु की आगोश में समाए जा रहे हैं और वे नशे से चूर होते जा रहे हैं। यह नशा समाज के प्रत्येक वर्ग को खोखला कर रहा है, लेकिन अकेली सरकारें कुछ नहीं कर सकती हैं। जब तक जन सहयोग समाज में नहीं मिलता है, तब तक समाज नशामुक्त नहीं हो सकता है। नशे के सौदागरों को समाज और पुलिस मिलकर समाप्त कर सकती है। जब तक समाज के बुद्धिजीवी लोग पुलिस और प्रशासन का सहयोग नहीं देंगे तब तक यह नशा बढ़ता ही रहेगा। आज देखने और सुनने को मिलता है कि स्कूल और कॉलेजों में पढने् वाले छात्र भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। यही नहीं कहीं-कहीं बड़े संस्थानों में तो लड़कियां भी इसकी चपेट से अछूती नहीं हैं जो समाज के लिए बहुत बड़ा कलंक है, नशा एक विनाशकारी समस्या है। युवा पीढ़ी देश के भविष्य के लिए संभावित शक्ति है और यदि उनके वर्तमान जीवन इस तरह के व्यसनों के तहत डूब गए हैं तो देश का भविष्य निश्चित रूप से अंधेरे में बदल जाएगा। यह वास्तव में भारतीय समाज के लिए भी एक गंभीर मामला है और

**■ भविष्य में विनाशकारी परिणाम हो, इसके लिए जागरूकता भी जरूरी**

इस मामले को समाज के लोगों के सामूहिक प्रयासों के साथ हल किया जाना चाहिए। समाज का वर्तमान परिदृश्य पहले के मुकाबले पूरी तरह से बदल गया है। अब शहरी क्षेत्रों में परिवार एकल हो रहे हैं। माता-पिता दोनों कामकाजी हैं। इसलिए वे अपने बच्चों को गुणात्मक समय नहीं दे पा रहे हैं। नैतिक मूल्यों का महत्व और विश्वास परिवारों में भी कम हो गया है। बड़ों की उपेक्षा हो रही है, बच्चे ज्यादातर समय अपने घरों से बाहर किसी को साझा करने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए देखते हैं और यह भी कभी-कभी उन्हें गलत साथियों के समूह में शामिल करने के लिए प्रेरित करता है। परिवार के सदस्यों के बीच संचार कम होता जा रहा यह भी गलत राह पकडने् का मुख्य कारण है।

# एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थो, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित

**■ शहर में पैदल भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा**

किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एवं थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पर पिकेट लगाने व पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# एडीएम ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला निरीक्षक एवं मूल्यांकन समिति के द्वारा राजकीय संम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर एवं राजकीय बाल गृह बालक दैलवारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं-चिकित्सा, शिक्षा, खानपान, खेल, व्यायाम आदि के बारे में जानकारी लेकर उनके कक्षों को देखकर निर्देश दिये गए कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। साथ ही समय-समय पर बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया जाए, ताकि बच्चों को कोई समस्या न हो। एडीएम ने कहा कि बच्चों के लिए पलंग एवं भोजन हेतु टेबिल की व्यवस्था की जाए। साथ ही इन्हें योग एवं व्यायाम कराया जाए ताकि ये स्वस्थ रहें। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को हुनरमंद बनाने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। राजकीय सम्प्रेक्षण

**■ व्यवस्थाओं की जांच कर दिये निर्देश**

गृह (किशोर) नेहरूनगर के निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में कुल 34 किशोर संस्था में निवासरत पाये गये। संस्था के रिकार्डो का अवलोकन किया गया।

संस्था में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे है। निरीक्षण में संस्था में निरूद्ध किशोरों का शैक्षिक स्तर परखा गया एवं संस्था की समस्त व्यवस्थाओं के बारे में पूंछा गया। जिसमें सभी किशोरो द्वारा सभी व्यवस्थाये ठीक बताई गयी। यहां पर गैलरी एवं कक्षों में टाइल्स लगवाने के निर्देश दिए गए। राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा के निरीक्षण में संस्था में 10 बच्चे निवासरत पाये गये। संस्था में प्रत्येक बच्चे के लिए अलग-अलग बिस्तर, कंबल, तकिया कपड़े दिये जाते है। बालकों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान आदि की गुणवत्ता परखी गयी, सभी बालकों द्वारा व्यवस्थाये ठीक बताई गयी। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संस्था में उपलब्ध जगह, कमरो, मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालयों, स्नान गृहो एवं रसोई कक्ष का निरीक्षण किया गया इसके बाद बच्चों को प्रदान किये जाने वाले कपड़ों, बिस्तर, लॉकर्स की गुणवत्ता परखी गयी।

# प्रमुख चौराहों पर चलाया गया सघन चैकिंग अभियान



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों तिराहों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ चलाया गया अभियान और वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं आदि के बारे में जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चला कर प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 113 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# 'जनहित में गये पार्षद पर लिखा मुकदमा निरस्त हो'

## राजपूत कॉलोनी में अवैध उगाही रोकने अतिक्रमण पर हो तत्काल समुचित कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने जिला कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को सौंपा, जिसमें जनहित के दो मुद्दे उठाये गये। पहला पार्षद मनमोहन चौबे एडवोकेट पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा लिखाये गये मुकदमे को निरस्त करने हेतु तथा दूसरा क्लब की पहल पर राजपूत कॉलोनी में चिन्हित किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाये जाने की मांग को लेकर था।

क्लब के पत्रकारों ने बताया कि जनपद में जन आकांक्षाओं को लेकर संघर्ष का पर्याय बन चुके पार्षद एडवोकेट मनमोहन चौबे के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक द्वारा लिखाई गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट से जनपद में गलत संदेश जा रहा है। ऐसे में हर जागरूक व्यक्ति जरूरतमंद की मदद करने के लिये किसी विभाग में जाकर सही बात करने से कतराने लगा है। वैसे भी पूर्ति विभाग एक बदनाम विभाग है जहाँ की दरो दीवारें भी बिना पैसा लिये कोई कार्य नहीं करती हैं। एक जरूरतमंद की मदद करने को गये पार्षद पर मुकदमा लिखवाना कतई सही नहीं कहा जा सकता। पत्रकारों ने डीएम से अपेक्षा की है कि इस प्रकरण की सही जाँच कराकर लिखाई गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट को निरस्त कराया जाना इसलिये उचित है ताकि आमजन में एक अच्छा संदेश जा सके। दूसरे मामले में जिला प्रशासन को बताया गया कि बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब की पहल और जिला प्रशासन के निर्देश पर राजपूत कॉलौनी में नाले पर किये गये अवैध अतिक्रमण चिन्हित कर नामजद व्यक्तियों पर कार्यवाही हेतु नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा दो दिन का नोटिस देकर कार्यवाही की घोषणा की गयी थी। परन्तु कार्यवाही में लगातार विलम्ब होने से तथाकथित लोग उक्त कालौनी में अतिक्रमणकारियों से मिलकर अवैध उगाही में जुट गये हैं। विलम्ब होने से तरह तरह की अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया है। ऐसे में अविलम्ब कार्यवाही न होने से शासन प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और अवैध उगाही करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अतएव अतिक्रमणकारियों पर तत्काल समुचित और कठोर कार्यवाही आवश्यक है ताकि अन्य दबंगों को भी सीख मिल सके। यही शासन की मंशा भी है। कलेक्ट्रेट में उपजिलाधिकारी ने दौनों मांगों पर जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन की दौनों माँगों पर जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देते समय क्लब के संरक्षकगण रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, राजाराम यादव, जावेद किरमानी, अमित लखेरा, आमिर खान, नाजिर बेग, हसीब खां वकील, शमीम खान, शिशुपाल अहिरवार, सजल दिवाकर, फहीम बख्श, मो.आसिफ खां एडवोकेट, चरन सिंह, सानू ताम्रकार, अमित रजक आदि मौजूद रहे।

# बैठक कर सचिव ने किया विचार-विमर्श



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों एवं जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा कर आगामी 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि गयी कि वह अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रयास करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें। बैठक में सीजेएम विभान्शु सुधीर, सिविल जज (सी.डि.) मयंक जायसवाल, सिविल जज (सी.डि.-एफ.टी.सी.) रविशंकर गुप्ता, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय तालबेहट रंजीत, सिविल जज (जू.डि.-एफ.टी.सी.) नवीन कुमार, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे दो शातिर बदमाश

■ बंद मकानों से करते थे चोरी, एक के पैर में लगी गोली

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** थाना महावन की पुलिस ने घरों में चोरी कर सामान को ऑटो में लादकर ले जाने वाले दो शातिर चोरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश की टांग में गोली लगी है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।महावन थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया कि 8-9 फरवरी की रात को न्यू गोकुल सिटी में एक घर में चोरी हुई थी। बंद मकान में चोरी करने के बाद चोर अपने साथ लाए ऑटो में सामान लादकर ले गए। चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस चोरों की सुरागकशी में जुट गई। बृहस्पतिवार की रात को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी करने वाले घूम रहे हैं। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम मनोहरपुर के पास बरेली हाईवे अंडरपास के नजदीक पहुंच गई और चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक ने ऑटो भगा दिया। पीछा करने पर ऑटो सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश की टांग में गोली लग गई और वह घायल हो गया। साथी को घायल देख बदमाशों ने फायरिंग बंद कर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में बदमाशों के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम सदर बाजार थाना क्षेत्र के दामोदरपुरा निवासी मनोज जोगी, शहर कोतवाली की धौलीप्याऊ निवासी श्याम बताया। मनोज जोगी ने बताया कि वह मूल रूप से अलीगढ़ के थाना पिसावा स्थित गांव बसेरा का रहने वाला है। दामोदरपुरा में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने इनके कब्जे से न्यू गोकुल सिटी स्थित घर से चोरी हुआ मोबाइल फोन, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, नकदी व अन्य घटनाओं से संबंधित सामान बरामद किया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश पहले क्षेत्र में बंद पड़े मकानों के बारे में जानकारी करते। रेकी के बाद जब उन्हें यकीन हो जाता कि मकान कई दिन से बंद है तो रात में उसका ताला तोड़कर चोरी कर लेते। चोरी का सामान ले जाने के लिए वह अपने साथ ऑटो लेकर आते हैं। चोरी का सामान इसी में लादकर ले जाते हैं और बाजार में सस्ते दामों में बेच देते हैं। दोनों बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# कोल्ड स्टोरेज भाड़ा वृद्धि किसान हित में वापस हो: प्रवीण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारीयो ने कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन द्वारा आलू भाड़े में की गई वृद्धि के विरोध मे जिला उद्यान कार्यालय पहुंचकर जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी जी से मुलाकात कर आलू भाडे मे की गई ?20 कुंतल की वृद्धि को वापस लेने की मांग के लिए ज्ञापन सोपा उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसियेशन द्वारा जिस तरीके से आलू भाड़ा बढ़ाया गया है उससे आलू किसानों के साथ आम जनता पर भी असर पड़ेगा। आलू किसानों की मुश्किलें बढ़ जाएगी। इसको लेकर किसानों में आक्रोश है। किसान पहले से ही आर्थिक रूप से तंग है। कर्ज में डूबा है। आलू किसानों को यदि एक साल अच्छे भाव मिल जाते हैं तो दो तीन साल तक वही किसान लाभकारी मूल्य के लिए तरस जाता है। ?20 रूपे कुंटल किराया बढ़ने से किसानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। राज्य सरकार को तत्काल कोल्ड स्टोरेज एसोसियेशन के इस मनमाने फैसला पर हस्तक्षेप कर रोक लगानी चाहिए वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार हैं इन सरकारों ने किसान हित में कुछ भी नहीं किया सिर्फ किसानों को लूटा है।भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव राष्ट्रीय सलाहकार राहुल एडवोकेट गुड्डू लोहिया प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत 1 मार्च को

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल की अध्यक्षता में 1 मार्च 25 को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से संशोधित 20 फरवरी 25 के सांय 04 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

## डीएम ने निक्षय पोषण किट का किया वितरण

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलनक कार्यक्रम हेतु क्षय रोग की रोकथाम एवं बचाव हेतु क्षय रोग से पीडित लोगों को निक्षय पोषण किट का वितरण लाभार्थियों को किया। राज्यपाल के निर्देशों के कम में जनपद के विभिन्न अधिकारियों द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गोद लिए गये क्षय रोगियों को पोषण किट का वितरण किया। इन रोगियों को छः माह तक पोषण किट का वितरण नियमित रूप से करते हुए स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी ने संत शिरोमणि रविदास व संतराम की जयंती मनाई



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे में शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की तरफ से संत शिरोमणि गुरु रविदास एवं संतराम बी ए प्रजापति की संयुक्त जयंती समारोह के उपलक्ष पर कस्बे पर डी जे के साथ भव्य शोभायात्रा निकल गई है। यह यात्रा की शुरुआत डाक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क मर्का रोड से की गई, जो पूरे कस्बे पर भ्रमण करते हुए पुनः डाक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क मर्का रोड पर शोभा यात्रा का समापन शाम करीब 5.30 किया गया। इस मौके पर लगभग आधा सैकड़ा की संख्या में भीम आर्मी एकता मिशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं शोभा यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव के पास शुक्रवार की दोपहर सड़क पार कर रही महिला उर्मिला यादव पत्नी राम मूरत उम्र 42 वर्ष, निवासी पतवन को बाइक सवार कुंज बिहारी पुत्र तीरथ यादव उम्र 35 वर्ष निवासी मझिवा थाना बबेरू ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार कुंज बिहारी व पैदल सड़क पार कर रही उर्मिला यादव दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई, राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस व डायल 112 पीआरबी पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

# सौरा चौकी प्रभारी की हार्टअटैक से मौत

■ रात में अचानक सीने दर्द होने पर जिला अस्पताल छतरपुर में कराया था भर्ती

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** थाना महोबकंठ के ग्राम सौरा पुलिस चौकी में एसआई के पद पर तैनात चौकी प्रभारी की दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। दरोगा की मौत से पुलिस चौकी व तैनात पुलिस कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। पुलिस की इसकी सूचना अधिकारियों को दी। दरोगा की मौत शोक की लहर दौड़ गई। अधिकारियों ने मृतक के परिजानों को मोबाइल से सूचना दे दी है। जनपद भदोही निवसी चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र तिवारी के गुरूवार की रात को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ पुलिस कर्मचारी उन्हे आनन फानन में मध्य प्रदेश के जिला अस्पताल छतरपुर ले गए। चिकित्सकों के लाख प्रयास के बाद वह दरोगा को नही बचा सके। दरोगा की मौत से पुलिस महकमें में शोक जैसा माहौल दिखाई दिया। चौकी प्रभारी की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर क्षेत्र वासियों में भी गमगीन माहौल बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया, और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। दरोगा की मौत की खबर से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# जूडो गोल्ड मेडलिस्ट का चरखारी विधायक ने किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**महोबा, चरखारी।** वर्ष 2028 में संयुक्त राज्य अमेरिका के लांस एंजिल्स में होने वाले ओलम्पिक खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रशिक्षण हेतु जार्जिया जाने वाली लगन लक्षकार का चरखारी विधायक डा0 बृजभूषण राजपूत ने सम्मानित करते हुए अन्तराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली लगन लक्षकार को सम्मानित करते हुए बधाई दी है। चरखारी निवासी परमानन्द लक्षकार की भतीजी लगन लक्षकार ने स्थानीय' प्रादेशिक स्तर पर जीत परचम लहराते हुए अब चरखारी का नाम अन्तराष्ट्रीय स्तर पर दर्ज कराने का श्रेय हासिल कर लिया है और वर्ष 2028 में संयुक्त राज्य अमेरिका के लास एंजिल्स में होने वाले ओलम्पिक खेलों में भारतीय जूडो टीम से प्रतिनिधित्व करने वाली हैं।



चरखारी विकास खण्ड के ग्राम रिवई के मॉडल इण्टर कालेज में अध्ययनरत लगन लक्षकार पुत्री अरविन्द लक्षकार ने अपना सफर स्थानीय प्रतियोगिताओं से शुरू किया और जिला मण्डल से निकलकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने पहुंची जहां उन्होंने चरखारी व जिले का परचम लहराया। जूडो कराटे नेशल लीग नार्थ जोन में सिल्वर मेडल हासिल करने के बाद महाराष्ट्र के पुणे में हुयी राष्ट्रीय चेम्पियन शिप में गोल्ड मेडल जीत कर देश की टीम में अपनी जगह बनाई है। उनका चयन 57 किलो ग्राम वर्ग में जूडो के लिए चयनित किया गया है। भारत सरकार द्वारा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के लिए 25 मार्च को जार्जिया भेजा जा रहा है। चरखारी विधायक डॉ0 बृजभूषण राजपूत ने चरखारी की होनहार खिलाड़ी लगन लक्षकार को अपने आवास पर सम्मानित किया है तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ0 राजपूत ने कहा कि चरखारी ही नहीं बल्कि पूरे बुन्देलखण्ड के लिए यह गौरव का विषय है कि चरखारी की एक बालिका अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम दर्ज कराने जा रही है।

## छात्रों ने जेईई मेन में किया शानदार प्रदर्शन

**बांदा।** शहर के विद्यावती निगम मेमोरियल स्कूल के मेधावी छात्र कुशाग्र बैंगहा ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जेईई मेन परीक्षा में 99.95 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। उसी के साथ-साथ आशुतोष सिंह (98.40प्रतिशत), प्रियांश चौरसिया (96.40 प्रतिशत) और सिद्धांत कुमार (90.00 प्रतिशत) अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। छाबी तालाब मोहल्ला निवासी एवं व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष, प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी अशोक गुप्ता बैंगहा (राजू भैया, गणेश राइस मिल वाले) और श्रीमती कंचन गुप्ता के पुत्र कुशाग्र ने अपनी मेहनत और लगन से यह शानदार सफलता प्राप्त की है। हालांकि, ऑल इंडिया रैंकिंग की आधिकारिक घोषणा अभी एनटीए द्वारा नहीं की गई है, लेकिन उनके उच्च अंक बेहतरीन रैंक की ओर इशारा कर रहे हैं।

## कागजों में मृत किसान को जिलाधिकारी ने किया जिंदा

**मथुरा।** 39 वर्ष पहले लेखपाल द्वारा कागजों में मृत दर्शाए गए 70 वर्षीय किसान को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने तीन दिन में जिंदा करवा दिया। सोमवार को किसान ने डीएम से जिंदा करवाए जाने की गुहार लगाई और गुरुवार को उसे न्याय मिल गया।

किसान पिछले चार दशक से तहसील के चक्कर काट रहा था। दोषी लेखपाल के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को डीएम सदर तहसील के निरीक्षण को पहुंचे। वहां सुखराम निवासी फैंचरी डीएम के पैरों में गिर पड़े। गुहार लगाई कि उसे पांच अक्टूबर 1986 को हल्का लेखपाल ने मृत दर्शा दिया है। उसकी मौजा सकना की भूमि किसी खजान सिंह निवासी नगला तुंदला हाथरस के नाम कर दी है। बुजुर्ग की समस्या सुन डीएम भी चौंक गए। उन्होंने इसकी जांच तहसीलदार सौरभ यादव को सौंपते हुए जल्द समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। जांच में वह जीवित पाए गए। तहसीलदार ने न्यायालय से त्रुटिपूर्ण विरासत को निरस्त कर सुखराम का नाम खतौनी में दर्ज कराया। कल तक जो किसान तहसील सदर के चक्कर काट रहा था, गुरुवार को तहसीलदार उसके गांव फैचरी पहुंचे और उसे खतौनी सौंपी। सुखराम व उसके परिजन डीएम की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

# बीएसए कॉलेज में वार्षिक खेल महाकुंभ का भव्य समापन

■ खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में आयोजित वार्षिक खेल महाकुंभ का आज भव्य समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याणम करोति के महासचिव सुनील शर्मा, प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा एवं समाजसेवी बृजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, यह अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सकारात्मकता का स्रोत भी है। इस तरह के आयोजन युवाओं को एक नई दिशा देने में सहायक होते हैं।÷ प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा ÷खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन है। खेल अनुशासन, सहनशीलता और टीम वर्क सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। बीएसए कॉलेज हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस वार्षिक खेल महाकुंभ के माध्यम से हमने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित की।द्वितीय दिवस में वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। बैडमिंटन (पुरुष एकल) में आराध्या गोस्वामी और डबल्स में आराध्या गोस्वामी और कार्तिके सनाढ्य (बीएससी पीसीएम प्रथम वर्ष)ने बाजी मारी।टेबल टेनिस (महिला वर्ग) में अनुषी गौतम (बीए) विजेता रहीं। टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग)में विपुल सिंह (एलएलबी तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, डॉ. एस.के. कटारिया, डॉ. विद्योत्मा सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खेल महाकुंभ की सफलता में महाविद्यालय परिवार की अहम भूमिका इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ एस के कटारिया, डॉ एस के सिंह, डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ प्रवीण शर्मा, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ यू के त्रिपाठी,डॉ आनंद त्रिपाठी,सोनू ठाकुर, प्रदीप प्रकाश कपिल अत्री, डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ रेखा राय, डॉ अनु गर्ग, डॉ विनोद, डॉ अंकुश, डॉ विवेक कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीके गोस्वामी ने किया। बीएसए कॉलेज का यह वार्षिक खेल महाकुंभ जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मंच साबित हुआ।

## कार पलटने से मासूम बच्ची की मौत, चार लोग घायल

**महोबा।** महोबा चरखारी मार्ग पर करहरा कला गांव के पास स्टेयरिंग फेल हो जाने से मारूति ईको कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे कार सवार छह वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। जबकि कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

जनपद हमीरपुर के कस्बा मुस्कुरा निवसी कल्पना तिवारी, अपने पति की मौत के बाद से कोतवाली मुस्कुरा के ग्राम पहाड़ी में अपने मायके में रह रही है। शुक्रवार को वह अपने एक रिश्तेदार के बेटे के यहां छतरपुर में मुंडन जनेऊ संस्कार में शामिल होने जा रही थी। तभी मारूति ईको कार की करहरा गांव के पास स्टेयरिंग फेल हो जाने से कार पलट गई। जिससे कार में सवार कल्पना की छह वर्षीय भतीजी अनाया की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में कार सवार कल्पना का बेटा अंशुल 16, कमला त्रिपाठी 55, और सुरेद्र 26 सहित चार लोग शामिल है। अंशुल की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

# विश्व रेडियो दिवस: आकाशवाणी में हुई किसान गोष्ठी

■ कृषि से आय दोगुनी करने की चुनौती पर चिंतन

■ बदलती परिस्थितियों में किसानों को ट्रेनिंग की जरूरत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व रेडियो दिवस पर आकाशवाणी स्टूडियो में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों की आय दोगुनी करने की वचनबद्धता एवं कृषि क्षेत्र की चुनौती विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में निष्कर्ष निकाला कि तकनीक, प्रजातियां, पर्यावरणीय परिस्थितियों के बदलाव के चलते हर स्तर पर किसानों को ट्रेन्ड करने के लिए स्कूल खोलने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि बगैर ट्रेनिंग के पुराने तरीकों से खेती लाभकारी नहीं होगी। आधुनिक मशीनें, रसायन, बीज किस्मों से अच्छा उत्पादन भी ट्रेन्ड किसान ही ले सकते हैं। सरकार का मुंह ताकने से ही काम नहीं चलेगा। किसानों को ताश-पत्ता खेलने में समय को जाया करने से बचना होगा। प्रसंस्करण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। प्रगतिशील किसान सुधीर अग्रवाल ने कहा कि खेती की जमीन बेचने की किसानों की आदत उन्हें सड़क पर ला रही है। जमीनें करोड़ों बिकती हैं लेकिन किसान व्यापार करना नहीं जानते लिहाजा जमीन और करोड़ दोनों से हाथ धो बैठते हैं। जीएलए विश्वविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डाक्टर विकास राणा ने कहा कि सरकार को देशों की मांग के अनुसार निर्यात होने और अच्छी कीमत मिल सकने वाली जिंस लगाने की नीति पर काम करना चाहिए। एम एस पी पर सरकार समूचे अनाज नहीं खरीद सकती। किसानों को बहुत अधिक गंभीर होकर खेती करनी होगी। खेती के उत्पादन का प्रसंस्करण और मार्केटिंग में भी हाथ-पैर चलाने होंगे। प्रगतिशील किसान संजय गुप्ता ने सब्जी उत्पादन, विजय सिंह ने पशुपालन व शिवराम सिंह ने समूह बनाकर मार्केटिंग आदि से सतत आय की संभावनाओं पर विचार रखे। गोष्ठी का संचालन वीरेंद्र व दिलीप कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम प्रमुख विजय सिंह नौलखा ने विशेषज्ञ व किसानों का स्वागत किया।

## खड़े ट्रक से स्कार्पियो टकराने से एक की मौत, छह घायल

**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में बांदा तिराहे के पास खड़े ट्रक ने स्कार्पियों टकरा गई। जिससे स्कार्पियों सवार अधा दर्जन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कबरई पहुंचाया। जहां पर एक बाराती की हालत नाजुक होने पर उसकी मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी भोले राजा की बारात में चित्रकूट जा रही थी। बारात में उसके आधा दर्जन दोस्त भी स्कॉर्पियो कार चित्रकूट जा रहे थे गाड़ी जैसे ही बांदा तिराहे पर पहुंची तभी अनियंत्रित होकर बांदा रोड पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल सिंह 35 पुत्र प्यारेलाल निवासी अलीपुरा को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने अन्य घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। घायलों में विशाल, प्रांजल, नारायण, अंकित और अतुल कुमार शामिल है। इनमें से अंकित और अतुल की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किया गया।

# प्रो. मुशीयर को नवोदय सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रोफेसर मुशीर अहमद को राष्ट्रीय सम्मेलन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशन और समानता को बढ़ावा देना में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा, इंदिरा नगर, लखनऊ द्वारा नवोदय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 14 फरवरी 2025 को कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII), विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने यह पुरस्कार सौंपा, जो प्रो. अहमद की उल्लेखनीय उपलब्धियों और शिक्षा में समावेशन को बढ़ावा देने की उनकी अथक प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है। प्रोफेसर मुशीयर अहमद, जो ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग अध्यक्ष हैं। उनकी अद्वितीय शैक्षिक यात्रा और शिक्षा में योगदान ने उन्हें अकादमिक क्षेत्र में एक अग्रणी व्यक्तित्व बना दिया है, और विशेष रूप से दिव्यांगजन के लिए वे एक प्रेरणा स्रोत हैं। नवोदय सम्मान के साथ 21,000 का पुरस्कार भी प्रदान किया गया, जो उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देने और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाधाओं को तोड़ने के उनके सतत प्रयासों की सराहना करता है। पिछले वर्षों से, प्रो. अहमद समावेशी शिक्षा के लिए एक मजबूत अधिवक्ता रहे हैं और उन्होंने सुनिश्चित किया है कि दिव्यांग छात्रों को उचित सहायता और अवसर मिलें। पुरस्कार प्रदान करते हुए, बृजेश पाठक जी ने प्रो. अहमद की असाधारण उपलब्धियों की सराहना की और एक समावेशी समाज के निर्माण के महत्व पर जोर दिया, जहां सभी क्षमताओं वाले लोग समान अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने प्रो. अहमद की संघर्ष, नेतृत्व और उत्कृष्टता की भावना को सराहा और कहा कि वे छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने पर, प्रो. मुशीयर अहमद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित हैं जहां हर बच्चे को, चाहे उनकी क्षमताएं कुछ भी हों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुरस्कार न केवल उनकी व्यक्तिगत यात्रा का सम्मान करता है, बल्कि उन सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों को भी स्वीकार करता है, जो समावेशी शिक्षा को वास्तविकता बनाने में जुटे हैं। नवोदय सम्मान यह याद दिलाता है कि समानता और समावेशन का मार्ग उन व्यक्तियों के समर्पण और दृढ़ संकल्प से तैयार होता है, जो समाज में परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, और प्रो. अहमद इस दिशा में एक प्रेरणा बने हुए हैं।

# दिव्यांगों को नि:शुल्क वितरण की गई ट्राई साइकिल

अवधनामा संवाददाता



**बबेरू/बांदा।** बबेरू ब्लाक परिसर में दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा बबेरू कमासिन, बिसंडा, तिंदवारी,विकासखंड के लाभार्थियों को शुक्रवार की दोपहर निरूशुल्क ट्राई साइकिल का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल रहे, वहीं आए हुए अतिथियों को दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं दिव्यांगों को सरकार के द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में दिव्यांग जनों को अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी गई। और सभी चारों विकास खंड से आए 40 दिव्यांग जनों को निशुल्क ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विशंभर सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल, के द्वारा फीता काटकर दिव्यांग जनों को माला पहनकर ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। उसके बाद विधायक व ब्लाक प्रमुख के द्वारा हरी झंडी दिखा कर दिव्यांगों को ट्राई साइकिल के साथ रवाना किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल दिव्यांग कल्याण अधिकारी अभिषेक चौधरी, कनिष्ठ लिपिक किशन कुमार, कामता प्रसाद, राम सिया, एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह, आईएसबी अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय समीक्षा समिति ;डीएलआरसीद्धएवं जिला समन्वयक समिति ;डीसीसीद्ध की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है वे इसमे सुधार करें तथा सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जाय। विभिन्न प्रकार की सरकारी ऋण योजनाओं, एनपीए की स्थिति, एनपीए में जारी आरसी वसूली पर भी जोर दिया गया। वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, वित्तीय समावेशन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना अटल पेंशन योजना,आधार सीडिंग, एफपीओ आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण आदि का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाए, इसमें जितने आवेदन पत्र लंबित हैं उनका संबंधित बैंक तत्काल निस्तारित कराएं। कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं उनका निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरण कराए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जो भी आवेदन पत्र लंबित है उनका शीघ्रता से निस्तारण कराए। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित बैंकर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब नहीं फटेगा पराठा बनाते समय इन जरुरी टिप्स को फॉलो करें, फूले-फूले बनेंगे पराठें



सर्दियों के दौरान आलू और गोभी का पराठा खूब खाया जाता है। सुबह-सुबह नाश्ते में कई घरों में पराठें जरुर बनते हैं। कई लोगों को पराठा खाने का शौक भी होता है। लेकिन जब पराठें बनाते हैं तो स्टाफिंग के कारण वो फटने लगते हैं। लेकिन अब आप इन टिप्स को फॉलो करेंगी तो आपके पराठें एकदम में परफेक्ट बनेंगे। चलिए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

***नहीं फटेगा आपका पराठा***

- सबसे पहले जरुरी है कि सही तरह से आटा गूंदना, जिससे बेलते समय आपके पराठें का स्टाफ नहीं फटेगा। इसके अलावा आटा गूंदते समय उसमें एक चम्मच बेसन और चम्मच घी मिला लें। इसके बाद गुनगुने पानी से आटा को गूंदें, जिससे आटा मुलायम होगा और परांठा भी नहीं फटेगा।

- ऐसे कई लोग है जो आटा गूंदने के तुरंत बाद परांठा बनाना शुरु कर देते हैं, जिसके कारण परांठा अच्छा नहीं बन पाता है। आटा गूंदने के बाद कम से कम 10 से 15 मिनट तक इसे ढककर रख दें। ऐसा करने से ग्लूटन सेट होता और आपका परांठा भी स्वादिष्ट बनेगा।

- पराठें के लिए स्टाफ तैयार करते समय सब्जियों से अतिरिक्त पानी निकाल लें। उबले आलू से नमी कम करने के लिए उसे फ्रिज में रख दें। जैसा कि गोभी, मूली और मेथी जैसी सब्जियों को निचोड़कर पानी निकाल लीजिए।

- जब आप पराठें बनाएं तो डबल लेयर वाला बनाएं। रोटी बेलकर आधे हिस्से पर स्टाफिंग रखें और फिर रोटी को बीच से मोड़ दें। आधे हिस्से पर भरानवन लगाकर रोटी को दोबारा मोड़ें और तिकोना आकार दें। फिर पराठे को बेलकर तवे पर सेंक लीजिए।

- भरावन कम होने पर पराठें में कोई स्वाद नहीं रहता है, इसलिए ज्यादा भरावन होने से पराठा बेलना मुश्किल हो जाता है जिस कारण से पराठा फटने लगता है। यदि आप टेस्टी और खूबसूरत भरावन परांठा बनाना चाहती है, तो ऐसे में भरावन की मात्रा का ध्यान रखें।

# मेथी मटर मलाई बनाते समय ये छोटे-छोटे टिप्स आएंगे आपके काम

जब हम हर दिन एक ही तरह की डिश खाते हैं तो बोरियत होने लगती है। ऐसे में कुछ अलग व नई तरह की रेसिपी खाने का मन करता है। अगर आप भी छुट्टी के दिन एक क्रीमी और नई डिश खाना चाहती हैं तो ऐसे में मेथी मटर मलाई बनाकर खा सकते हैं। इसे ताज़ी मेथी के पत्ते, मटर और क्रीम की मदद से बनाया जाता है। इसका स्वाद बेहद ही लाजवाब होता है। जहां मटर स्वाद में मिठास लाते हैं और ताज़ी मेथी के पत्तों का क्रिस्पीनस और क्रीमी टेस्ट इस डिश को एक अलग ही टेस्ट देते हैं। क्रीम डालने से इस डिश का स्वाद और भी बढ़ जाता है। मेथी मटर मलाई को आप रोटी से लेकर नान, पराठा या फिर चावल किसी के साथ भी सर्व कर सकते हैं। यह डिश खाने में काफी अच्छी लगती है, बस जरूरत है कि आप इसे बनाते समय कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स के बारे में बता रहे हैं।

***फ्रेश इंग्रीडिएंट का ही करें इस्तेमाल***

अगर आप मेथी मटर मलाई का एक बेहतरीन टेस्ट चाहती हैं तो कोशिश करें कि आप फ्रेश इंग्रीडिएंट का ही चयन करें। ध्यान दें कि मेथी के पत्ते ताजा हो, वे पीले या मुरझाए हुए ना हो। इसी तरह, मटर भी ताजा व मीठी हो। अगर आपके पास ताजी मटर नहीं है, तो आप फ्रोजन मटर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। क्रीम का हैवी व फ्रेश होना भी जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता है तो इससे सब्जी का स्वाद बिगड़ जाता है।

***मेथी के पत्तों को करें तैयार***

मेथी मटर मलाई बनाते समय ताजा मेथी के पत्तों का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ उन्हें सही तरह से तैयार करना भी उतना ही आवश्यक है। वरना मेथी के पत्तों का कड़वापन स्वाद को खराब कर सकता है। इसलिए इसे आप अपनी डिश में डालने से पहले मेथी के पत्तों को उनकी कड़वाहट कम करने के लिए उबाल सकते हैं। इसके लिए आप एक बर्तन में थोड़ा पानी डालकर उबालें और फिर उसमें एक चुटकी नमक डालें। अब आप इसमें कटी हुई मेथी की पत्तियां डालकर पानी के उबलने के बाद दो से तीन मिनट तक पकाएं। ब्लांच करने के बाद, मेथी को जल्दी से बाहर निकालें और इसे बर्फ के पानी में डुबो दें ताकि यह पकना बंद हो जाए और इसका चमकीला हरा रंग बना रहे।



***तैयार करें क्रीमी बेस***

मेथी मटर मलाई काफी क्रीमी होती है और इसलिए इसे सही तरह से बनाना जरूरी होता है। मेथी मटर मलाई को क्रीमी बनाने के लिए आप सही रेसिपी को फॉलो करें। इसके लिए एक पैन में एक बड़ा चम्मच तेल या घी डालकर गर्म होने दें। काजू, कटे हुए प्याज डालें और उन्हें भूरा होने तक पकाएं और फिर उन्हें हरी मिर्च के साथ पीसकर पेस्ट बना लें। दूसरे पैन में थोड़ा तेल गर्म करें। एक बार जब यह गर्म हो जाए तो जीरा डालें और उन्हें फूटने के लिए कुछ सेकंड दें। काजू प्याज का मिश्रण, और अदरक लहसुन का मिश्रण डालें ताकि यह गाढ़ा और गर्म हो जाए। उसके बाद कटे हुए टमाटर डालें और उन्हें नरम होने तक गर्म करें और एक समान मिश्रण बनाने के लिए मिलाएं। थोड़ा गरम मसाला, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और अधिक स्वाद के लिए लाल मिर्च पाउडर छिड़कें। इससे एक स्वादिष्ट मसाला बनता है जो आपकी चिकनी करी का बेस है। जब मसाले अच्छी खुशबू देने लगें और पूरी तरह पक जाएं, तब ब्लांच की हुई मेथी की पत्तियां और मटर डालें। अंत में, हैवी क्रीम डालकर लगातार फेंटें।

# बालों को लंबा और घना बनाने के लिए लगाएं ये हेयर जेल, खुश कर देगा रिजल्ट

वैसे तो लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन बाल तभी बढ़ते हैं, जब बालों की अच्छे से केयर की जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि बालों को सही पोषण की जरूरत होती है। बालों की सही केयर करने से यह लंबे और मजबूत होते हैं। ऐसे में बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए हम में से बहुत से लोग मार्केट के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आप घर के बने हेयर जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। घर पर बना हेयर जेल बालों को हेल्दी रखने में भी सहायता करता है।

आप फ्लैक्स सीड्स की मदद से इस हेयर जेल को बना सकते हैं। हालांकि आप इसको लगाने से पहले एक्सपर्ट सलाह ले सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फ्लैक्स सीड्स से आप हेयर जेल कैसे बना सकती हैं और इसको लगाने से क्या-क्या फायदे मिलते हैं।



***जेल बनाने की सामग्री***

एलोवेरा जेल - 2 चम्मच
फ्लैक्स सीड्स - 2 चम्मच
पानी - 1 कप
नारियल तेल - 1 चम्मच

***इस तरह बनाएं हेयर जेल***

एक पैन में पानी डालकर फ्लैक्स सीड्स को अच्छे से पकाएं। इसको मीडियम आंच पर पकाएं, जबतक यह अच्छे से गाढ़ा न हो जाए।

वहीं पैन का पानी जब जेल में बदल जाए, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें।

अब फ्लैक्स सीड्स के जेल को छानकर एक कटोरी में निकाल लें।

इसके बाद इसमें ताजा एलोवेरा जेल और नारियल तेल को मिक्स करें।

ऐसे करें हेयर जेल का इस्तेमाल

सबसे पहले बालों को सुलझा लें।

फिर स्कैल्प में जेल अप्लाई करें और हल्के हाथों से मसाज करें।

वहीं 30-40 मिनट लगा रहने दें।

फिर हल्के शैंपू से बालों को साफ कर लें।

***हेयर जेल के फायदे***

एलोवेरा जेल बालों को नमी और डैंड्रफ को करने का काम करता है। इससे बाल हेल्दी नजर आते हैं।

फ्लैक्स सीड्स बालों को मजबूती देने का काम करता है। इसलिए आपको बालों में फ्लैक्स सीड्स का जेल लगाना चाहिए।

नारियल तेल बालों को गहराई और पोषण देने का काम करता है।

बालों को लंबा करने के लिए आप सही नुस्खों को ट्राई करें। वहीं किसी भी चीज को इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। इससे आप सही चीजों को बालों में इस्तेमाल कर पाएंगी। साथ ही बालों की स्कैल्प हेल्दी रहेगा और आपको बालों पर मार्केट के केमिकल्स वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# वैलेंटाइन वीक को यादगार मनाने के लिए, घर पर बनाएं चॉकलेट कप केक, रिश्तों में घुलेगी मिठास

फरवरी का महीना प्यार का महीना कहा जाता है। क्योंकि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है। वैलेंटाइन वीक से ही लव बर्ड्स अपनी-अपनी तरह से हफ्ते भर चलने वाली परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। प्यार के इस खास पर्व पर अपने रिश्ते में मिठास का प्यार डलना चाहते हैं, तो आप घर पर चॉकलेट कप केक जरुर बनाएं। इसे बनाना काफी आसान है, जो इसको एक बार खाएगा, इसको बार-बार खाना पसंद करेगा। आइए आपको वैलेंटाइन स्पेशल टेस्टी चॉकलेट कप केक की रेसिपी बताते हैं।



***चॉकलेट कप केक बनाने के लिए सामग्री***

- 1/2 कटोरी कंडेन्स्ड मिल्क
- 2 चम्मच चीनी का बूरा
- 1/4 चम्मच चीनी पाउडर
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा
- 1/2 चम्मच वनिला एसेंस
- 1 चम्मच कोको पाउडर
- 1/4 कटोरी रिफाइंड ऑयल
- 1 कटोरी मैदा
- 1/2 गिलास दूध
- 1 चम्मच आइसिंग शुगर सिरप
- 1 चम्मच स्प्रिंकल्स

***चॉकलेट कप केक बनाने की विधि***

सबसे पहले आप एक बर्तन में कंडेन्स्ड मिल्क डालकार उसमें चीनी का बूरा, बेकिंग सोडा, वनिला एसेंस और कोको पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। फिर आप इसमें रिफाइंड ऑयल, मैजा और दूध डालकर अच्छे से सभी चीजों को मिला लें। अब कप केक के तैयार बैटर को मफिन मोल्ड में डालकर 200 डिग्री सेंटीग्रेड पर 18 से 20 मिनट तक बेक करें। फिर आप कटर से मफिन को काटकर ऊपर से आइसिंग शुगर और स्प्रिंकल्स से सजा लें और आपका स्वादिष्ट वैलेंटाइन स्पेशल चॉकलेट कप केक तैयार है।

# एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स, सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि

भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है। इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# चेहरे पर ग्लिसरीन लगाना पड़ सकता है भारी, इस्तेमाल करने से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

ग्लिसरीन हमारी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार यह त्वचा के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। अधिकतर लोग खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल करते हैं। ग्लिसरीन एंटी-एजिंग के तौर पर काम करती है। इससे मुंहासे कम होते हैं और ब्लैकहेड्स दूर होते हैं। लेकिन ग्लिसरीन के तमाम सारे फायदों के साथ कई नुकसान भी होते हैं। कई बार इसके इस्तेमाल से जलन, एलर्जी और सूजन आदि की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्लिसरीन लगाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

त्वचा का लाल होना

कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है, तो त्वचा लाल होने लगती है। ऐसे में आपको अगर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है या फिर एलर्जी है, तो आपको फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में ग्लिसरीन लगाने से त्वचा लाल हो सकती है। इसलिए जब फेस पर पिंपल्स हों, तो आपको फेस पर ग्लिसरीन नहीं लगाना चाहिए।

चेहरे पर चकत्ते होना

त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से कई बार फेस पर चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ग्लिसरीन लगाने से पिंपल्स की समस्या हो जाती है। या फिर दाने का खतरा बढ़ सकता है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले थोड़ा सा हाथ पर पैच टेस्ट करके जरूर देखें।

सूजन की समस्या

बता दें कि त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से सूजन की समस्या हो सकती है। कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर सूजन ला सकते हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

# अनईवन स्किन टोन से खराब हो रही चेहरे की सुंदरता, इस फेसपैक से मिलेगी ग्लोइंग स्किन

अनईवन स्किन टोन एक कॉमन समस्या है। लेकिन यह आपके फेस की सुंदरता को बिगाड़ने का काम कर सकती है। इस तरह की स्किन होने पर त्वचा कहीं ज्यादा डार्क हो जाती है, तो कहीं पर लाइट रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए आप घरेलू फेसपैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे चेहरे की सुंदरता खराब हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक फेसपैक के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको अप्लाई करने से आपको अनईवन स्किन टोन से छुटकारा मिल सकता है।



***ऐसे बनाएं ये फेसपैक***

इस फेसपैक को बनाने के लिए आप सबसे पहले चावन को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। जब चावल पक जाएं, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें और साथ ही इसका पानी भी ब्लेंड कर लें। ब्लेंड करने के बाद गाढ़ा पेस्ट बनाएं। फिर इसको एक कटोरी निकालें और एक टमाटर का गूदा चावल के पेस्ट में मिलाएं। फिर इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं और अच्छे से मिक्स करें। इस तरह से आपका फेसपैक बनकर तैयार हो जाएगा।

***ऐसे करें अप्लाई***

इस फेस पैक को अप्लाई करने के लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। आप फेस को साफ करने के लिए फेसवॉश का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर किसी अच्छे क्लींजर से चेहरे को साफ कर सकते हैं। वहीं अगर आप अपने चेहरे पर केमिकल वाले प्रोडक्ट्स नहीं लगाते हैं, तो सबसे पहले चेहरे को पानी से धोएं और थपथपाकर सुखाएं। फिर थोड़े से दूध में रुई डिप करके अपने पूरे फेस पर रुई अच्छे से फेरकर चेहरे को साफ करें। अब साफ चेहरे पर फेसपैक अप्लाई करें और इसको लगाने के कम से कम 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।

***ऐसे हटाएं फेसपैक***

जब यह फेसपैक अच्छे से सूख जाएं, तो सबसे पहले अपने हाथों को गीला करें और फिर सर्कुलर मोशन चेहरे की मसाज करते हुए इस पैक को साफ करना है। आखिरी में चेहरे को पानी से अच्छे से धोएं और फिर फेस पर गुलाब जल अप्लाई करें।

# बिना तेल के पानी में चिकन बनती है फराह खान

## तंदूर या ओवन की नहीं जरुरत, नोट करें आसान विधि

अगर आपको चिकन खाना सबसे ज्यादा पसंद हैं और इसे नए तरीके बनाना चाहते हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। यदि आप तंदूर या ओवन के बिना टेस्टी और जायकेदार चिकन बनाना चाहते हैं, तो आप फराह खान की इस रेसिपी को जरुर फॉलो करें। इस खास तरीके में चिकन को तेल या घी में फ्राई करने की जरुरत नहीं हैं बल्कि इसे आप पानी में उबालकर पका सकते हैं। इससे यह कम कैलोरी वाला और हल्का लेकिन काफी स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए बिना देर किए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।



***सामग्री***

- चिकन- 500 ग्राम (बोनलेस या हड्डी वाला)
- पानी- 2 कप
- अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला- आधा छोटा चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच
- सरसों के बीज का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- फ्रेश धनिया- 2 चम्मच

***पानी में पकने वाला चिकन को बनाने का तरीका***

- सबसे पहले चिकन को अच्छे से धो लें। फिर इसे एक प्लेट में निकालकर रख दें। अब आप ऊपर से नमक, तेल और लाल मिर्च पाउडर को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं।

- इसके बाद काली मिर्च, नींबू का रस, लहसुन-अदरक का पेस्ट और सरसों का पेस्ट डालकर अच्छी तरह से मिलाकर चिकन को पर मसाला लगा दें।

- अब इसे आप एक पैन में डालकर रखें और इतना डालकर रखें, ताकि चिकन आधा भीग जाए। फिर इसे ढक्कर पकाएं और तब तक इसको पकाए, जब तक इसका पानी सूख न जाए।

- जब पानी सूख जाएं तभी गैस बंद करनी है और प्लेट में निकालकर सर्व करना है, जिससे स्वाद अच्छा रहे। ऊपर से नींबू का रस और हरा धनिया भी डाल सकते हैं।

# ब्रेकफास्ट में बनाएं एगलेस अंडा भुर्जी, नोट कर लें प्रोटीन से भरपूर इस डिश की रेसिपी

कुछ डिश ऐसी होती हैं, जो कम समय में बनकर तैयार हो जाती हैं और यह टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी होती हैं। ऐसी ही एक डिश अंडा भुर्जी है। सुबह ऑफिस के लिए देर हो रही हो, या फिर कुकिंग में हाथ तंग हो। तो आप कम समय में आसानी से अंडा भुर्जी बनाकर तैयार कर सकती हैं। यह डिश प्रोटीन से भरपूर होती है और सेहतपसंद लोगों की लिस्ट में टॉप पर आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना अंडा के भी बिलकुल यही अंडा भुर्जी बनाकर तैयार कर सकते हैं।

भले ही यह आपको सुनने में अजीब लगे, लेकिन यकीन मानिए बिना अंडे के भी आप स्वादिष्ट अंडा भुर्जी बना सकती हैं। अगर आप वेजिटिरियन हैं या फिर आप किसी अन्य वजह से अंडा नहीं खा रहे हैं, तो आप फटाफट बनने वाली प्रोटीन रिच एगलेस अंडा भुर्जी बना सकते हैं। आपको एक बार इसे जरूर ट्राई करना चाहिए।



***एगलेस भुर्जी बनाने की सामग्री***

बेसन- 1 कप
फ्रेश दही- 4-5 चम्मच
अलसी के बीजों का पाउडर- 1 चम्मच
नमक- स्वादानुसार
पानी- 1 तिहाई कप
एक प्याज- बारीक कटी हुई
शिमला मिर्च- कटी हुई
गाजर- आधी कटी हुई
टमाटर- आधा कटा हुआ
हरी मिर्च- 2
लाल मिर्च- 1 चम्मच
हल्दी- 2 चम्मच
हरा धनिया- बारीक कटा हुआ

***ऐसे बनाएं प्रोटीन रिच एगलेस भुर्जी***

एगलेस भुर्जी बनाने के लिए सबसे पहले बैटर तैयार कर लें। अब एक बड़े बाउल में अलसी के बीजों का पाउडर, बेसन, दही, पानी और नमक डालकर गाढ़ा घोल बनाकर तैयार कर लें। जैसा आप डोसा के लिए बैटर बनाते हैं। इसकी कंसिस्टेंसी भी वैसी ही रखें। अब गैस पर पैन या तवा चढ़ाएं और उसको गर्म होने दें। फिर तवे पर थोड़ा सा तेल डालें और इसमें सरसों के दाने चटका लें। अब कटी हुई प्याज डालकर सुनहरी होने तक भून लें।

फिर कटा हुआ बारीक टमाटर डालें और इसको भी सॉफ्ट होने तक भून लें। इसके बाद कटी हुई शिमला मिर्च, हरी मिर्च, गाजर और सभी सब्जियों का कच्चापन निकलने तक पकाएं। सभी सब्जियों का पका लें और इसमे कुछ बेसिक मसाले जैसे जीरा पाउडर, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिला लें। इन सब चीजों को अच्छे से मिलाएं फिर पैन पर अच्छे से सब्जियों को अच्छे से फैला लें। इसके ऊपर बेसन वाला बैटर डाल दें। इस दौरान ध्यान रखें कि यह बैटर एक ही जगह पर नहीं डालना है, बल्कि इसको पूरी सब्जियों को कवर करते हुए पैन पर फैलाते हुए डालें। अब इसको कुछ देर ढककर पकने दें। जब बेसन साइड से हल्का सा पकने लगे, तो इसको चलाते हुए कुछ देर पकाएं। इसको तब तक पकाना है, जब तक कि इसका टेक्सचर भुर्जी की तरह न हो जाए और इसका रंग थोड़ा सा ब्राउन हो जाए। इसके पकने के बाद गरमा-गरम भुर्जी को रोटी-पराठे या फिर ब्रेड के साथ सर्व करें।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 15 फरवरी 2025



# भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से अतिवाद की वैश्विक चुनौती से बचा जा सकता है, पीएम मोदी का बयान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि भगवान बुद्ध की मध्यमार्गी शिक्षाओं से अतिवाद की



वैश्विक चुनौती से बचा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की आज की कई समस्याएं संतुलित सोच की बजाय अतिवादी कदम उठाने की वजह से पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड में आयोजित वैश्विक हिंदू-बौद्ध सम्मेलन संवाद के चौथे संस्करण को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए ये बात कही।

पीएम मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के धम्म सिद्धांत ही एशिया की साझा परंपरा का आधार है और इससे पर्यावरण समस्या का भी समाधान मिल सकता है। हिंदुत्व, बौद्ध और अन्य एशियाई परंपराएं लोगों को प्रकृति के साथ मिलकर रहने की सीख देती हैं। ये परंपराएं खुद को प्रकृति से अलग नहीं मानती। प्रधानमंत्री ने ट्रस्टीशिप के सिद्धांत पर भी प्रकाश डाला, जो इस बात पर जोर देता है कि प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल विकास के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी भी समझी जानी चाहिए। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि संसाधनों का उपयोग विकास के लिए किया जाए, लालच के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संकट और तनाव जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भगवान बुद्ध के शिक्षाओं में मिलता है। उनका संयम का सिद्धांत आज वैश्विक चुनौतियों का सामने करने में हमारा मार्गदर्शन करता है। आज संघर्ष देशों और लोगों के बीच ही नहीं बल्कि इससे आगे बढ़कर पर्यावरण संकट तक पहुंच गए हैं। जिससे हमारे ग्रह के लिए खतरा पैदा हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि, हमारी सरकार ने पाली को शास्त्रीय भाषा घोषित किया है, जिससे इसके साहित्य का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। हमने प्राचीन पांडुलिपियों की पहचान करने और उन्हें सूचीबद्ध करने के लिए ज्ञान भारतम पहल शुरू की है। इससे बौद्ध धर्म के विद्वानों को दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण का फायदा मिलेगा।

**क्या है ये संवाद कार्यक्रम**

थाईलैंड में आयोजित हो रहा संवाद का यह संस्करण धार्मिक गोलमेज सम्मेलन है, जिसमें विभिन्न धार्मिक नेता एक साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया किया कि इस मंच से बहुमूल्य अंतर्दृष्टि सामने आएगी, जिससे एक अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व का निर्माण होगा। पीएम मोदी ने थाईलैंड की समृद्धि संस्कृति, इतिहास और इसकी विरासत की तारीफ करते हुए कहा कि थाईलैंड, एशिया की साझा दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपरा का सुंदर उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने भारत और थाईलैंड के बीच दो हजार वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे गहरे सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र किया और कहा कि रामायण और रामकियेन दोनों देशों को जोड़ते हैं और भगवान बुद्ध के प्रति साझा श्रद्धा हमें एकजुट करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने बौद्ध सर्किट के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों को जोड़ने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया है। साथ ही इस सर्किट पर यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस विशेष ट्रेन और तीर्थयात्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन की भी बात कही। उन्होंने बोधगया के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी दी और दुनिया भर के तीर्थयात्रियों, विद्वानों और भिक्षुओं को भारत आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इस आयोजन को संभव बनाने के लिए भारत, जापान और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यक्तियों की सराहना की।

# वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें, महाकुंभ के चलते लग रहे जाम से निपटने को लेकर सीएम योगी के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ के कारण कहीं भी जाम न लगे। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें और जवाबदेही सुनिश्चित करें।

महाकुंभ के कारण प्रयागराज सहित प्रदेश के कई जिलों में बनी भीषण जाम की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे।

प्रदेश में महाकुंभ के पलट प्रवाह से अवध के अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल अयोध्या का



है। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह सबसे ज्यादा रामनगरी की ओर है। इस कारण बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।

सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा रहा। अमहट से लेकर लंभुआ तक वाहनों की कतार लगी रही। यहां बुधवार रात 10 बजे से बृहस्पतिवार शाम चार बजे तक अयोध्या के लिए आवागमन बंद कर दिया गया। 17 घंटे तक जाम में फंसे श्रद्धालु भूख-प्यास से बिलबिला उठे।

# मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा नेताओं पर बोला बड़ा हमला, कहा- संविधान के मूल्यों को खत्म कर रही सरकार

**बंगलूरू।** मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान के मूल्यों को खत्म कर रही है और नागरिकों के अधिकारों, खासकर महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बयान का भी मजाक उड़ाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भाजपा नेताओं पर तीखा हमला किया। उन्होंने भाजपा नेताओं को नरकवासी बताते हुए कहा कि इन नेताओं ने देश को आजादी दिलाने या अर्थव्यवस्था और समाज की भलाई के लिए कुछ नहीं किया। खरगे ने विशेष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ. बी आर अंबेडकर वाले बयान को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी आर अंबेडकर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा कि भाजपा सरकार



संविधान के मूल्यों को खत्म कर रही है और नागरिकों के अधिकारों, खासकर महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बयान का भी मजाक उड़ाया और कहा कि भाजपा सरकार देश की अर्थव्यवस्था को पिछड़ा कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों और ताकतवर लोगों को फायदा दे रही है, जबकि गरीबों को नजरअंदाज कर रही है।

खरगे ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार देश के संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि संसद में कामकाज में गिरावट आ रही है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार धार्मिक कट्टरवाद को बढ़ावा दे रही है, जिससे समाज में नफरत और विभाजन फैल रहा है और अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों के खिलाफ भेदभाव किया जा रहा है।

इसके साथ ही मणिपुर हिंसा को लेकर भी भाजपा का घेराव किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा जारी है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कोई जवाबदेही नहीं है। बता दें कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोमवार को इंदौर जा रहे हैं, जहां वह गांधी और अंबेडकर के विचारों को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# अब सभी को अपनाना होगा भारतीय मानक समय, सरकार ने तैयार किया नियमों का मसौदा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश में जल्द ही एक देश एक समय को लागू करने जा रही है। सरकार ने भारतीय मानक समय को अनिवार्य बनाने के लिए नियमों का मसौदा तैयार किया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 14 फरवरी तक जनता से प्रतिक्रिया मांगी है।

सरकार की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, समय-निर्धारण को मानकीकृत करने के लिए सरकार ने सभी आधिकारिक और वाणिज्यिक प्लेटफार्मों पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के विशेष उपयोग को अनिवार्य करने के लिए व्यापक नियमों का मसौदा तैयार किया है। कानूनी माप विज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम, 2024 का मकसद समय पालन प्रथाओं को मानकीकृत करने के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित करना है।

यह ढांचा कानूनी, प्रशासनिक,




वाणिज्यिक और आधिकारिक दस्तावेजों के लिए एकमात्र समय संदर्भ के रूप में आईएसटी को अनिवार्य बनाता है। नियम के मसौदे के अनुसार, वाणिज्य, परिवहन, सार्वजनिक प्रशासन, कानूनी अनुबंध और वित्तीय संचालन सहित सभी क्षेत्रों में आईएसटी अनिवार्य समय संदर्भ होगा। इसके मुख्य प्रावधानों में आधिकारिक और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए आईएसटी के अलावा अन्य समय संदर्भों पर प्रतिबंध शामिल है। यह प्रस्ताव दूरसंचार, बैंकिंग, रक्षा और 5जी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसंरचना में सटीक समय-पालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत आया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया, रणनीतिक और गैर-रणनीतिक क्षेत्रों के लिए नैनोसेकंड सटीकता के साथ सटीक समय जरूरी है। खगोल विज्ञान, नेविगेशन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे विशेष क्षेत्रों के लिए अपवादों की अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए पहले सरकारी मंजूरी लेनी होगी। उपभोक्ता मामलों का विभाग राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर एक मजबूत समय निर्माण और प्रसार तंत्र विकसित कर रहा है। हितधारकों से 14 फरवरी तक नियमों के मसौदे पर सुझाव देने के लिए कहा गया है।

## मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं: भाजपा

**इंफाल।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से भाजपा का दावा किया गया है कि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं कांग्रेस की तरफ से केंद्र और पीएम मोदी पर निशाना साधा गया है। इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, राष्ट्रपति शासन लागू करना, अपनी ही पार्टी की सरकार को निलंबित करना इस बात की सीधी स्वीकारोक्ति है कि आपने मणिपुर के लोगों को कैसे निराश किया है। मणिपुर में बीरेन सिंह के इस्तीफे के चार दिन बाद राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है। वहीं भाजपा की तरफ से दावा किया गया है कि, मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इंफाल में भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा, मणिपुर के राज्यपाल की रिपोर्ट के बाद भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर विधानसभा को निलंबित कर दिया है।

## पीएम मोदी-राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बांग्लादेश के हालात पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह जानकारी दी। गुरुवार को व्हाइट हाउस में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बात हुई। मीडिया से बातचीत में विक्रम मिसरी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर भी बात हुई। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों और भारत उस स्थिति को किस तरह देखता है, इस संबंध में अपने विचार और असल में अपनी चिंताएं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साझा कीं।

# पार्सल वैन से टकराने के बाद ट्रेन के दो खाली डिब्बे पटरी से उतरे, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**कोलकाता।** अधिकारी ने बताया कि दो खाली डिब्बे पद्मपुकुर के पास साइडिंग लाइन पर पटरी से उतर



गए और बगल के ट्रैक के एक हिस्से को अवरुद्ध कर दिया। इससे रेलवे यातायात आंशिक रूप से बाधित हो गया।

पश्चिम बंगाल में हावड़ा के पद्मपुकुर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक पार्सल वैन से टकराने के बाद ट्रेन के दो खाली डिब्बे पटरी से उतर गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारी ने बताया कि यह घटना हावड़ा स्टेशन से ज्यादा दूर नहीं घटी। इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई जानकारी नहीं है। ट्रेन के खाली डिब्बों को पद्मपुकुर से शालीमार यार्ड ले जाया जा रहा था, तभी पार्सल वैन ने डिब्बों को टक्कर मार दी।

अधिकारी ने कहा, पार्सल वैन ने पद्मपुकुर स्टेशन पर एक एक्सप्रेस ट्रेन के दो खाली डिब्बों को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। उन्होंने आगे कहा, इस बात की जांच की जा रही है कि ट्रैक बदलते समय पार्सल वैन डिब्बों के रास्ते कैसे आ गई और खाली डिब्बों से कैसे टकराई सवाल ये भी उठ रहे हैं कि क्या पार्सल वैन के चालक ने सिग्नल की अनदेखी की? हालांकि, यह कोई बड़ी घटना नहीं थी, इस हादसे के कारण शालीमार-संतरागाछी मार्ग पर रेलवे यातायात केवल 20 मिनट के लिए आंशिक रूप से बाधित रहा।

अधिकारी ने बताया कि दो खाली डिब्बे पद्मपुकुर के पास साइडिंग लाइन पर पटरी से उतर गए और बगल के ट्रैक के एक हिस्से को अवरुद्ध कर दिया। इससे रेलवे यातायात आंशिक रूप से बाधित हो गया। ट्रैक को साफ करने और रेल यातायात को पूरी तरह से बहाल करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिब्बों को साइडिंग पर ले जाया जा रहा था और इन्हें किसी विशेष लंबी दूरी की ट्रेन से नहीं जोड़ा गया था।

# बलूचिस्तान में बम विस्फोट, नौ की मौत, इस्लामाबाद में पोलियो के दूसरे मामले की पुष्टि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की प्रमुख खबरों पर नजर दें तो एक तरफ कोयला खनिकों को ले जा रहे वाहन के बम के चपेट में आने से नौ लोगों की मौत हो गई, वहीं सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तो दूसरी ओर पोलियो वायरस जैसी घातक बीमारी से जुझ रहे पाकिस्तान में इस वायरस के दूसरे मामले की पुष्टि हुई है। ये दूसरा मामला बुधवार को सामने आया है।

**पहले बात बम विस्फोट की**

खबर है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक भीषण बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, यह विस्फोट बलूचिस्तान के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ, जब कोयला खनिकों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक सड़क किनारे बम की



चपेट में आ गया। विस्फोट के कारण मौके पर ही नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि घायल खनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पुलिस कमिश्नर ने दी जानकारी**

मामले में हरनाई के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली काकर ने बताया कि यह विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (एलईडी) के कारण हुआ, जिसे सड़क किनारे रखा गया था। पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया है।

**बलूचिस्तान सरकार ने जताया दुख**

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रैंड ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि जांच जारी है। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अतीत में ऐसी घटनाओं के लिए प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है।

पाकिस्तान इन दिनों पोलियो वायरस जैसे बड़ें संघर्ष से जुझ रहा है। इसी बीच पाकिस्तान में इस वायरस के दूसरे मामले की पुष्टि होने के बाद देश में डर का महौल है। मामले में इस्लामाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान की क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि सिंध के बादिन जिले में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 का नया संक्रमण पाया गया है। इससे पहले इस साल का पहला मामला दक्षिण खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के डेरा इस्माइल खान जिले से रिपोर्ट हुआ था। बता दें कि 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के कुल 74 मामले सामने आए हैं, जिनमें 27 बलूचिस्तान, 22 केपी, 23 सिंध, और पंजाब और इस्लामाबाद से एक-एक मामला शामिल है।

# भारतीय मूल के नागरिक को सिंगापुर में जेल की सजा, पूर्व राष्ट्रपति को जान से मारने की धमकी का आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के नागरिक विक्रम हार्वे चोट्टियार को पूर्व राष्ट्रपति हलीमा याकूब को जान से मारने की धमकी मामले में 10 महीने और 12 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। खबर है कि चेट्टियार को राष्ट्रपति हलीमा याकूब के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है।

मामला है कि आरोपी विक्रम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति हलीमा याकूब के बारे में कहा था कि उन्हें घसीटकर बाहर निकाला जाना चाहिए और मार दिया जाना चाहिए। विक्रम ने 12 फरवरी को उत्पीड़न के तीन आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी।

बता दें कि विक्रम ने यह पोस्ट 30 अप्रैल, 2023 को की थी, जब वह ड्रग तस्करों की फांसी से परेशान था। सिंगापुर में दोषी ड्रग तस्करों को मौत की सजा दी जाती है और



राष्ट्रपति के पास दया की अपील करने का अंतिम अधिकार होता है। विक्रम ने इस पर गुस्से में आकर इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट किया था। साथ ही विक्रम ने एक पुलिस अधिकारी से यह भी कहा था कि वह उस समय सुनवाई कर रहे एक न्यायाधीश को चाकू मारना चाहता था।

सुनवाई के दौरान विक्रम ने मानसिक विकारों का दावा किया था, लेकिन सिंगापुर के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने उसकी शिकायतों को निराधार पाया। इसके बाद विक्रम को जमानत पर शर्तें लगाई गईं, जिसमें उसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को हटाने और भविष्य में किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई पोस्ट या टिप्पणी न करने की शर्त दी गई थी।

लेकिन इसके बावजूद, विक्रम ने 1 मार्च, 2024 को एक ईमेल भेजा जिसमें न्यायाधीश को हिंसा की धमकी दी गई थी। इसके बाद विक्रम की जमानत रद्द कर दी गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जहां विक्रम के खिलाफ यह मामला न्यायालय में लंबित था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब उसे जेल की सजा सुनाई गई है।

विक्रम ने जज को चाकू मारने की धमकी दी थी और एक ईमेल भेजकर जज को हिंसा का शिकार बनाने की बात की थी। इस धमकी के बाद, विक्रम ने दावा किया था कि उसके ईमेल खाते से छेड़छाड़ की गई थी, लेकिन यह झूठा था। इसके बाद, अभियोजन पक्ष ने विक्रम की जमानत रद्द करने के लिए अदालत में आवेदन किया क्योंकि उसने फिर से अपराध किया था। गौरतलब है कि 18 मार्च, 2024 को विक्रम ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें उसने कहा कि ईमेल में जो लिखा गया था, वह झूठा था। फिर अदालत ने सुनवाई 22 मार्च, 2024 तक स्थगित कर दी। विक्रम उस तारीख को अदालत में नहीं पहुंचे, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया।विक्रम को 5 अप्रैल, 2024 को गिरफ्तार कर लिया गया और अब वह रिमांड पर हैं।

# रूस के ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा कवच को निशाना बनाया, विकिरण का स्तर सामान्य



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तरफ से दावा किया गया है कि रूसी ड्रोन से चेर्नोबिल प्लांट पर हमला किया गया है। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने आगे बताया कि, लेकिन इस हमले के बाद विकिरण स्तर सामान्य बना हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया। यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखे एक पोस्ट में लिखा- कल रात, एक रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था, साथ ही अमेरिका के साथ - वे सभी जो मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया का एकमात्र देश जो इस तरह के स्थलों पर हमला करता है, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कब्जा करता है, और परिणामों की परवाह किए बिना युद्ध छेड़ता है, वह आज का रूस है। यह पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है। जेलेंस्की ने आगे कहा- हर रात, रूस यूक्रेन के बुनियादी ढांचे और शहरों पर ऐसे हमले करता है। रूस अपनी सेना का विस्तार करना जारी रखता है और अपने विक्षिप्त, मानव-विरोधी राज्य बयानबाजी में कोई बदलाव नहीं दिखाता है। इसका मतलब है कि पुतिन निश्चित रूप से बातचीत की तैयारी नहीं कर रहे हैं - वे दुनिया को धोखा देना जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं।

## दक्षिण कोरिया में निर्माणाधीण रिसॉर्ट में लगी भीषण आग, कम से कम छह लोगों की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में एक निर्णाणाधीण रिसॉर्ट में भीषण आग लग गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि करीब 90 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

दक्षिण कोरिया के बुसान शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में आग लग गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। मामले ह्यमें बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10÷20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि करीब 90 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

# प्रेम प्रसंग में किशोरों ने मारी थी युवक को गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**आरोपित तीन किशोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया सुधार गृह**

**जौनपुर।** पटैला मार्ग के तबेला मैदान के पास सेंवई नाला पुल पर तीन दिनों पूर्व साइकिल सवार युवक को बाइक से आये बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से तमंचा निकाल कमर पर गोली मारने के मामले में पुलिस ने घटना में सामिल तीन नाबालिग आरोपितों को गिरफ्तार कर पर्दाफाश कर दिया। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद पकड़े गए तीनों किशोरों को सुधार गृह भेज दिया गया। प्रेम प्रसंग में आपसी विद्रोह के चलते घटना को अंजाम दिया गया।

मूलरूप से ख्वाजापुर गांव निवासी मुन्नीलाल लगभग छह वर्षो पूर्व रसूलपुर गांव में घर बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं। वह सूरत शहर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बेटे और पत्नी घर पर रहते है। गत मंगलवार की सुबह उनका बड़ा पुत्र 22 वर्षीय सचिन मौर्या खेत में तैयार चुकंदर उखाड़ खुटहन मंडी में बेचने गया था। जहां से वह साइकिल से वापस लौट रहा था। उक्त नाले के पुल पर पीछे से आये बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया था। वह कुछ समझ पाता कि पीछे बैठा बदमाश उसे लक्ष्य कर तमंचा से फायर कर दिया। गोली कमर में लगते ही सचिन लहुलुहान होकर सड़क पर गिर गया। दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस छानबीन के साथ साथ सर्विलांस की मदद से आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तभी सूचना मिली कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसे आधार मान छानबीन आगे बढ़ाई गई तो घटना में कई नाम जुड़ते चले गए। पुलिस ने 17 वर्षीय अनुराग उर्फ मंगला, 17 वर्षीय छोटू उर्फ कृष्ण कुमार मिश्रा और 16 वर्षीय प्रिंस यादव निवासी गण रसूलपुर को शुक्रवार की भोर पटैला बाजार से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसको लेकर उसे कई बार सचेत किया गया था कि वह उसका चक्कर छोड़ दे। लेकिन वह माना नहीं। तो हम लोगों ने उसे हमेशा के लिए हटाने का प्लान बना लिया। जिसमें कई लोग सामिल रहे। पकड़े गए आरोपितों में अनुराग घटना के समय बाइक चला रहा था। तमंचा से फायर करने वाला आरोपित अभी फरार बताया जाता है।

# जौनपुर महोत्सव की तैयारी को लेकर राज्यमंत्री ने की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में आगामी जौनपुर महोत्सव की तैयारी के संदर्भ में बैठक निरीक्षण भवन जौनपुर में संपन्न हुई। बैठक में मंत्री द्वारा बताया गया कि आगामी 17, 18, 19 मार्च 2025 को जौनपुर महोत्सव आयोजित होना प्रस्तावित है।

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान रोजगार मेले का आयोजन, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक विवाह के आयोजन सहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाने आदि विषयों पर चर्चा हुई।

मंत्री द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से सम्बन्धित तैयारिया समय से पूर्ण कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव, समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लेखपाल संघ भवन का डीएम ने किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा तहसील सदर में बने लेखपाल संघ भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर नेपियर घास बोई जाए जिससे मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से गौशालाओं में और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें। जिलाधिकारी ने लेखपालों को यह भी निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में खाली जमीनो पर नैपियर घास बोये जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा पूर्ण ढंग से कार्य करने और बैठने के लिए एक स्थान की आवश्यकता होती है जनपद में लेखपाल संघ भवन का जीर्णोद्धार कराया गया है उसका आज लोकार्पण किया गया जहां पर लेखपाल बैठकर जनता की सुनवाई करेंगे और सरकार की मंशा के अनुरूप त्वरित रूप से उनकी समस्याओं को निस्तारित करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम मूर्ति यादव, उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पालिका परिषद मुबारकपुर की बैठक हंगामा और शोर शराबा के बीच हुई सम्पन्न



**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पालिका परिषद की एक बैठक शोर शराबा के बीच सम्पन्न हुई। बैठक में विकास कार्य कराने को लेकर तीखी नोंकझोंक हुई। विभिन्न वार्डो में ठप पड़े विकास कार्यो में तेजी लाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। मुबारकपुर नगर पालिका परिषद में विकास कार्य कराने को लेकर सभासदों ने जमकर हंगामा किया। अलग-अलग वार्डो के सभासद विकास कार्य कराने की मांग किया। कहीं नाला निर्माण कार्य, टूटी पटिया , सहित अन्य समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा परिचर्चा होने के दौरान सभासदों ने अपना पक्ष रखा। इस प्रकार शोर शराबा व हंगामा के बीच विकास कार्य में और तेजी लाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम, अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र, सभासदों में बशीर अहमद, बाबू भाई,कासिफ मसूद,न ईमुद्दीन, सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## 7 वर्ष के कारावास व 14 हजार रुपये जुर्मानें की सजा

**बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2018 में थाना बिसंडा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अमलोहरा में व्यक्ति की मारपीट कर गैर इरादन हत्या करने वाले अभियुक्त को 07 वर्ष के कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 04.08.2018 को थाना बिसंडा क्षेत्र के ग्राम अमलोहरा के रहने वाले रामदयाल को गांव के ही जागेश्वर पुत्र प्यारे ने मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी शिवकुमारी द्वारा दिनांक 08.08.2018 को थाना बिसंडा पर तहरीर दी गयी जिस पर थाना बिसंडा पर मु0अ0सं0 141/18 धारा 304/323/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 विनोद कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की गयी।

## महिला शिशु में दुर्लभ बीमारी का सफल ऑपरेशन

**प्रयागराज।** केंद्रीय अस्पताल, नार्थ सेंट्रल रेलवे , प्रयागराज में 6 वर्षीय रितिका मंजनपुर कौशाम्बी निवासी जो एक दुर्लभ बीमारी महिला हाइड्रोसील से पीड़ित थी, का सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. संजय कुमार, वरिष्ठ सर्जन द्वारा किया गया। यह हाइड्रोसील 6.8×2 सेमी का था, जो महिला शिशुओं में बहुत ही दुर्लभ है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि ऐसे मामले बहुत कम देखे जाते हैं। उपलब्ध शोध के अनुसार, Canal of nuck का हाइड्रोसील, जिसे महिला हाइड्रोसील भी कहा जाता है, एक बहुत ही दुर्लभ स्थिति है, जिसमें अध्ययनों में 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में लगभग 0.74 प्रतिशत से 0.76 प्रतिशत की प्रवृत्ति की होती है, जिसका अर्थ है कि यह महिला आबादी के बहुत छोटे प्रतिशत को प्रभावित करता है; अधिकांश मामले बच्चों में देखे जाते हैं और वयस्कों में असामान्य माने जाते हैं। डॉ. संजय ने कहा कि इस दुर्लभ मामले की रिपोर्ट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिकाओं में प्रकाशित करने के लिए भेजा जाएगा। इस ऑपरेशन की सफलता से रितिका के परिवार को बहुत राहत मिली है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लिए आनलाइन आवेदन हुआ शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी 2.0 के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो गया। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा डा0 दिनेश चन्द्र ने बताया कि ऐसे लाभार्थी परिवार जिनको 20 वर्षो में केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी भी आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त न हुआ हो, वह प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के वेबसाइट https://pmaymis.gov.in/PMAYMISww®wy/PMAYSURVEY/àßligiblityCheck.asp& पर आन-लाइन आवेदन सकते हैं। इस सम्बन्ध में निकाय द्वारा मांग को सत्यापित करते समय लाभार्थी को एक स्व-घोषणा पत्र देना होगा। आवेदक को नगर पालिका परिषद अथवा नगर पंचायत क्षेत्र का स्थाई निवासी होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि आवास के लिए आवेदक के पास न्यूनतम 30-45 वर्गमीटर विवाद रहित जमीन होना जरूरी है। आवेदक एवं उसके परिवार के अन्य सदस्यों के पास देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लाभार्थी के लिए अधिकतम तीन लाख रूपये का वार्षिक आय निर्धारित है। लाभार्थी के परिवार में पति-पत्नी, अविवाहित पुत्र और अविवाहित पुत्री शामिल होंगी।

उन्होंने बताया कि लाभार्थी के परिवार के यदि किसी सदस्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 में लाभ प्राप्त किया है तो वह प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में आवेदन करने हेतु अपात्र होगा। आवेदक को आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के घटक बेनिफिशरी लेड कन्स्ट्रक्शन (बीएलसी) में आवेदन करना होगा तथा आवेदन के समय सभी कालमों में वांछित सूचना भरना होगा। आवेदन के समय आवेदक के पास मोबाइल नम्बर लिंक आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक जो आधार कार्ड से जुड़ा हो, जमीन के कागजात, परिवार के लोगों का आधार कार्ड एवं आवेदक के माता-पिता का आधार कार्ड होना आवश्यक है। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवेदक रू0 2.50 लाख तीन किस्तो में प्राप्त होगा। लाभार्थी द्वारा यदि एक वर्ष के भीतर आवास पूर्ण करा लेता है, तो 10 हजार, विधवा अथवा तलाकशुदा महिला द्वारा एक वर्ष में आवास पूर्ण कराने पर 20 हजार एवं वृद्धजनों द्वारा 01 वर्ष में आवास पूर्ण कराने हेतु 30 हजार और दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत विधवाओं, अविवाहित महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर्स, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों एवं समाज के अन्य कमजोर व वंचित वर्गो, सफाई कर्मियों, पी0एम0 स्वनिधि योजना में लाभान्वित स्ट्रीट वेंडरों, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से आच्छादित विभिन्न कामगारों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गियों/चॉल के निवासियों को स्पेशल फोकस ग्रुप में सम्मिलित करते हुए प्राथमिकता दी जायेगी।

# बच्चों को खिलाई एल्बेण्डाजोल 400 एम.जी. टैबलेट



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं. एस.पी.एम.यू./ किशोर स्वास्थ्य / एन.डी.डी./09/2024-25/6588-2, दिनाँक 06.01.2025 के क्रम में 14.02.2025 को अटल आवासीय विधालय, अछरौड, बाँदा में अजीत कुमार, मण्डलायुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा तथा जे. रीभा, जिलाधिकारी बाँदा के कर कमलों द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी.) कार्यक्रम के मॉपअप दिवस का उद्घाटन किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी बच्चों को प्रत्येक कार्य तन्मयता एवं एकाग्रचित होकर करने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही बच्चों को साफ सफाई का ध्यान रखते हुए पौष्टिक भोजन खाने हेतु प्रेरित किया गया। मण्डलायुक्त तथा जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को एल्बेण्डाजोल 400 एम.जी. टैबलेट खिलाई गयी। इस कार्यक्रम मे विद्यालय की प्रबन्ध समिति की ओर से प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. अजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी-आर.सी.एच., डा. आर.एन.प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. विजय शंकर केशरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. साहब हुसैन, डा. उपासना खरे, मनीष मिश्रा, फार्मासिस्ट आर.बी.एस.के. टीम अर्बन क्षेत्र, कुशल यादव, डी.पी.एम., एन.एच.एम., वीरेन्द्र प्रताप, डी.ई.आई.सी. मैनेजर आदि उपस्थित रहे। एन.डी.डी. कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाजसेवियों एवं समस्त नगरिकों से अपील की गयी है, कि सभी लक्षित बच्चों को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाने में सहयोग प्रदान करें। ताकि देश के भविष्य नौनिहाल बच्चों एवं युवाओं को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित रखा जा सके।

## एक दिवसीय जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**बांदा।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शान्ति सदन, कटरा जनपद- बाँदा द्वारा विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को विकासखंड बड़ोखर खुर्द के मीटिंग हाल, बड़ोखर खुर्द जनपद बाँदा में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों/ बेरोजगार नवयुवकों/ नवयुवतियों को जो रोजगार में रूचि रखते हों को उद्योग स्थापना हेतु उद्योग स्थापित करने के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। , उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र बांदा जनपद बाँदा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर खुर्द प्रतिनिधि मिथलेश द्विवेदी, जिला अग्रणी प्रबंधक, बाँदा, DDM नाबार्ड बांदा, निदेशक आर.सेटी. बांदा, अमित यादव जी, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, बाँदा, ग्राम प्रधान लड़ाका पुरवा, एवं राजिन्दर कौर वरिष्ठ प्रबन्धक/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। तथा अन्य वक्ताओं द्वारा बैंक तथा अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गयी।

# मासिक समीक्षा एवं समन्वयन गोष्ठी तथा कार्यशाला संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के रोडवेज स्थित होटल दीप कॉन्टीनेन्टल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात /नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी. /एस.जे.पी.यू. के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर जनपद आजमगढ़ की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) व एएचटी (मानव तस्करी रोधी/एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) की मासिक समीक्षा एवं समन्वयन बैठक व जन विकास संस्थान द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउन्डेशन के सहयोग से जनपद आजमगढ़ में संचालित ÷एक्सेस टू जस्टिस÷ परियोजना के अन्तर्गत बाल विवाह, बालश्रम पर कार्यरत सभी विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। बैठक में निम्न अधिकारी तथा स्वंय सेवी, हत्तह के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए- उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 चौधरी जिला चिकित्सालय आजमगढ़, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी आजमगढ़, सहायक अभियोजन अधिकारी आजमगढ़ संजय सिंह, सी. डब्लू.सी. अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी रोहित प्रताप श्रम विभाग आजमगढ़, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य रवि प्रताप सिंह, चाइल्ड लाइन आजमगढ़ से संजय शाही, वन स्टॉप सेन्टर आजमगढ़ से सरिता पाल, सोशल वर्कर रिंकी सिंह डी.सी.पी.यू. आजमगढ़ से, एडवोकेट प्रशान्त कुमार विधिक सलाहकार जन विकास संस्थान, प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार जन विकास संस्थान मय टीम, आली संस्था से सोनी यादव आदि एन.जी.ओ., आर.पी.एफ. जी.आर.पी. , DCRB, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन आजमगढ़ के प्रतिनिधि व थानों के बाल कल्याण अधिकारी /सहायक बाल कल्याण अधिकारी तथा थाना ए.एच.टी. के अधिकारी/कर्मचारीगण। बैठक में जन विकास संस्थान द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन के सहयोग से जनपद आजमगढ़ में संचालित एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के अन्तर्गत बाल विवाह, बालश्रम, भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी की रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला में पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी।

## महिला की ट्रेन से गिरकर मौत, देवर घायल

**जौनपुर (जफराबाद)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की रात में ट्रेन से गिरकर 60 वर्षीय महिला की मौत हो गयी तथा उसको बचने में देवर भी गिरकर घायल हो गया। बिहार के मुजफ्फरपुर जनपद करजा थाना क्षेत्र के रक्षा गांव निवासी एक 13 लोग जिनमे महिला व पुरूष शामिल थे।यह सभी लोग महाकुंभ स्नान करके वाराणसी काशीविश्वनाथ जी का दर्शन पूजन किये। उसके बाद महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम दर्शन करने जा रहे थे। ट्रेन जफराबाद जंक्शन पर आकर खड़ी हुई। उसी समय फुला देवी ट्रेन से नीचे उतर गयी। जब ट्रेन चलने लगी तो वह ट्रेन में चढ़ने लगी। उनको चढ़ता देखकर उनके देवर जगदेव महतो उन्हें अंदर खींचने का प्रयास किये। अचानक जगदेव भी फुला देवी को ट्रेन में चढ़ाने के चक्कर गिर पड़े। फुला देवी तथा जगदेव प्लेटफार्म पर गिर कर घायल हो गए। आर पी एफ चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह ने दोनों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। वहां पर चिकित्सक ने फुला देवी को मृत घोषित कर दिया। देवराज का उपचार चल रहा है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

पत्रांक : 1270/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/निर्माण/2024-25 दिनांक : 05.02.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू. में | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2024-25 विधायक निधि, विधान सभा क्षेत्र-कटरा बाजार। | | | | |
| 1 | गोण्डा | ग्राम परसपुर ऐलहवा-चोलपुरवा मार्ग से द्वारिका साहू के घर होते हुए अंगनू कोरी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 8.551 | 0.17 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 2 | गोण्डा | ग्राम दुल्लापुर पहाड़ी के डारीडीह पुरवा में ग्राम पंचायत सचिवालय से पुराने इण्टरलाकिंग सम्पर्क मार्ग (बच्चा वर्मा) के हाता के पास रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 6.653 | 0.13 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 3 | गोण्डा | ग्राम पुरैनिया में कश्मीरपुरवा-पुरैनिया सम्पर्क मार्ग से सुखदेव शुक्ल के घर से पप्पू शुक्ल के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3.686 | 0.07 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 4 | गोण्डा | ग्राम बभनीसराय में मुख्य सम्पर्क मार्ग से पासीपुरवा में लक्ष्मन पासवान के घर खडन्जा पर रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 5.356 | 0.11 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 5 | गोण्डा | ग्राम पंचरूखीमनोहर जोत में भोलाहवा तालाब से रामदेव मिश्रा के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 18.881 | 0.38 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 6 | गोण्डा | ग्राम पंचायत परशुरामपुर में इण्टरलाकिंग से ननके तिवारी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3.729 | 0.07 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 7 | गोण्डा | ग्राम तेलियाकोट के चन्दनवापुर में खडन्जा से रामचरित्र के घर होते हुए पुलिया तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 19.907 | 0.40 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 8 | गोण्डा | ग्राम ठढ़वरिया पश्चिमी में गोण्डा बहराइच मेन रोड से काली जी स्थान के सामने से जयजयराम शुक्ल के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 8.492 | 0.17 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 9 | गोण्डा | ग्राम पंचायत खनवापुर में पक्की रोड से मुन्ना शुक्ल के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 12.602 | 0.25 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 10 | गोण्डा | ग्राम अनेगी हर्रेयाबान में नहर पक्की रोड से रामसुन्दर के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य बाबादीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 14.254 | 0.29 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 11 | गोण्डा | ग्राम वीरपुरभोज के मजरा करियापुरवा में खडन्जा से अलखराम यादव बी0डी0सी0 के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 2.212 | 0.04 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 12 | गोण्डा | ग्राम पड़री सविता में पक्की सड़क से हरिमोहन मिश्रा के घर होते हुए उत्तर डामर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 11.941 | 0.24 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 13 | गोण्डा | ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी में रामनाथ के घर के सामने इण्टरलाकिंग से मिश्र पुरवा मार्ग पर (स्व0 श्री बाबू राम मिश्र के साधि के आगे तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 12.186 | 0.24 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 14 | गोण्डा | ग्राम पंचायत गौनरिया में रामअचल धोबी के घर से बेनी बेनीमाधव व किशोरीलाल के घर होते हुए कृपाराम दीक्षित के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.915 | 0.16 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 15 | गोण्डा | ग्राम पंचायत पिपराबोधर बाबापुरवा खास में पक्की सड़क से संतोष बाबा के घर रामविलास, सहदेव के घर होते हुए ननकू गोस्वामी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 7.025 | 0.14 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 16 | गोण्डा | आर्यनगर रोड से गोकरन शिवाला पर राम मनोहर मिश्र के घर के आगे तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 2.017 | 0.04 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 17 | गोण्डा | ग्राम पंचाायत अमडोहवा में दिलीप पाण्डेय के घर के सामने खडन्जा से बउरहवा बाबा के स्थान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6.288 | 0.13 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 18 | गोण्डा | ग्राम बराराय में मेन पक्की सड़क से पारसनाथ सैनी के घर के सामने से राजू सिंह के गेट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 1.992 | 0.04 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 19 | गोण्डा | ग्राम चिलबिला खत्तीपुर के मजरा खत्तीपुर में पक्की सड़क से मिश्रीलाल तिवारी एवं शिवदत्त तिवारी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 7.458 | 0.15 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 20 | गोण्डा | ग्राम पैड़ी अजब सिंह में हवलदार सिंह के घर से खडन्जा पर शेष नरायन सिंह के घर पक्की सड़क तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 12.483 | 0.25 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 21 | गोण्डा | ग्राम कोनगवा के मजरा खम्हरिया में सरयू नहर पुल से सरपंच के घर होते हुये कृपाराम पाण्डेय के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 16.288 | 0.33 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 22 | गोण्डा | ग्राम मुण्डेरवा माफी के लोनियनपुरवा में पक्की रोड से छेद्दन के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 9.144 | 0.18 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 23 | गोण्डा | आर्यनगर पृथ्वीनाथ मार्ग पर नव्वागांव में भक्तिदाई तालाब तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.542 | 0.09 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 24 | गोण्डा | ग्राम कोटियामदारा के चौहानपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से विजयराज सिंह पूर्व प्रधान के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 10.119 | 0.20 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 25 | गोण्डा | ग्राम खैरमललवाचक में लल्लन सिंह के घर के बगल से इण्टरलाकिंग से विरवा-रामपुर काली रोड तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 17.915 | 0.36 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 26 | गोण्डा | ग्राम विरवा-बौनापुर मार्ग पक्की सड़क काली रोड से महान्थिन पुरवा में राजू दूबे सम्पर्क मार्ग इण्टरलाकिंग (नहर के पास) तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.356 | 0.09 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 27 | गोण्डा | कौड़िया-अशोकपुर मार्ग से ग्राम बसन्तपुर में काली जी के स्थान एवं आदर्श रामलीला प्रांगण/चबूतरा बसन्तपुर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 6.576 | 0.13 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 28 | गोण्डा | ग्राम उड़िला के बिहारीपुरवा बार्डर से जूनियर हाईस्कूल तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 6.890 | 0.14 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 29 | गोण्डा | आर्यनगर-करनैलगंज मार्ग पर ग्राम बनगाई में राम जियावन ढ़ावली के कंधई बड़े बाबू के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 13.653 | 0.27 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 30 | गोण्डा | ग्राम पंचायत कुरासी के मझौवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से पंकज सिंह के घर होते हुए आकाश सिंह के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 7.322 | 0.15 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 31 | गोण्डा | ग्राम नेवादा हरसिंहपुर में मलमतिया पुल के बगल पुलिया से लेकर पुल्लू सिंह पुरवा में हनोमान सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 5.678 | 0.11 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 32 | गोण्डा | आर्यनगर पृथ्वीनाथ मार्ग पर नव्वागांव में अंजनी पाण्डेय के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 3.229 | 0.06 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 33 | गोण्डा | ग्राम भोंका में फार्म से नइकेपुरवा सम्पर्क मार्ग तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 5.712 | 0.11 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 34 | गोण्डा | ग्राम मनोहरजोत में पिच रोड से झुरईलाल के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 8.119 | 0.16 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 35 | गोण्डा | देवापसिया-चूंटीपुर माधौपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से खजूहा अवस्थीपुरवा सम्पर्क मार्ग पर रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 13.695 | 0.27 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 36 | गोण्डा | ग्राम लखनापुर के बाबूपुरवा में मुन्ना लोध के घर से नहर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 9.661 | 0.19 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 37 | गोण्डा | ग्राम पंचायत रूपईडीह में गिरधारी मिश्र के घर से डॉ0 पंकज कुमार मौर्य के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 11.805 | 0.24 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 38 | गोण्डा | ग्राम परसिया रानीपुर के बगिया मजरे में बड़गहिया के घर के घर से जगमोहन के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 12.246 | 0.24 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 39 | गोण्डा | ग्राम गौनरिया केपरसोहनी पुरवा में आर्यनगर-गोकरन शिवाला मेन रोड से राम समुझ के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6.153 | 0.12 | 300 + 500 + GST | चार माह |
| 40 | गोण्डा | ग्राम बड़ेरिया दरगाही में सीताराम के घर से हनुमान मंदिर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6.619 | 0.13 | 300 + 500 + GST | चार माह |

3. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 21.02.2025 से 04.03.2025 तक।
4. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-04.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-05.03.2025 को अपरान्ह् 12.30 बजे।
6. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

(इं. जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गोण्डा

UPID-228723 Dated-10-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# अमेरिका की ओर से व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ लगाना भारत को कैसे प्रभावित करेगा?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका पर लगने वाले ऊंची टैरिफ का जवाब ऊंची टैरिफ से देने का एलान कर दुनिया को चिंता में डाल दिया है। जानकारों के अनुसार, भारत अमेरिकी आयातों पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए जाने वाले अमेरिकी टैरिफ से 10 प्रतिशत अधिक शुल्क लगाता है। ऐसे में अमेरिका अगर जवाबी टैरिफ लगाता है तो भारत पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है। अमेरिका जिस टैरिफ की बात कर रहा है, वह अमल में लाया जाता है, तो भारत कितना प्रभावित होगा आइए जानते हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से सभी व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा वैश्विक स्तर पर व्यापक चिंता और अनिश्चितता का कारण बन गई है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक से पहले उठाए गए इस कदम का उद्देश्य व्यापार संबंधों में लंबे समय से चले आ रहे असंतुलन को दूर करना बताया गया है। अमेरिका के कई व्यापारिक साझेदार देश अमेरिका में बनी वस्तुओं पर ऊंची टैरिफ लगाते हैं, हालांकि, अमेरिका अपेक्षाकृत खुली अर्थव्यवस्था बनाए रखता है। अब ट्रंप ने अमेरिका पर लगने वाले ऊंची टैरिफ का जवाब ऊंची टैरिफ से देने का एलान कर दुनिया को चिंता में डाल दिया है। जानकारों के अनुसार, भारत अमेरिकी आयातों पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए जाने वाले अमेरिकी टैरिफ से 10 प्रतिशत अधिक शुल्क लगाता है।

ट्रम्प ने अपने एक बयान में अमेरिका के व्यापारिक साझेदार देशों के बारे में कहा, ÷वे यहां एक कारखाना, एक संयंत्र या जो कुछ भी हो, बना सकते हैं, और इसमें चिकित्सा, कार, चिप्स और सेमीकंडक्टर शामिल हैं, इसमें सब कुछ शामिल है÷ उन्होंने कहा, ÷यदि आप यहां निर्माण करते हैं, तो आपको किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा और मुझे लगता है कि यही होने जा रहा है। मुझे लगता है कि हमारा देश नौकरियों से भर जाएगा। लेकिन अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, और अपने यहां चीजें बनाकर अमेरिका में बेचते हैं तो आपको टैरिफ का भुगतान करना होगा।

अमेरिका राष्ट्रपति की ओर से पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत भी अमेरिका का अहम व्यापारिक साझेदार है, ट्रंप की टैरिफ से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में से एक है। फिलहाल भारत अमेरिका से अपने यहां होने वाले निर्यात पर औसतन 9.5त्न का टैरिफ लगाता है। दूसरी ओर, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर 3त्न का टैरिफ ही लगाता है। ऐसे में अगर अमेरिका जवाबी टैरिफ लगाता है तो भारत को भी कम से कम 10 प्रतिशत के टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। जिससे भारतीय वस्तुओं के लिए अमेरिका में बाजार तलाशना मुश्किल हो सकता है। नोमुरा के विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी निर्यात पर भारत का भारित औसत प्रभावी शुल्क भारतीय निर्यात पर अमेरिका की शुल्क दर से काफी अधिक है।

मोदी के साथ अपनी बैठक से पहले भी ट्रंप ने कहा कि भारत उच्च टैरिफ के कारण ÷व्यापार करने के लिए एक कठिन जगह÷ है। ÷लेकिन फिर, वे हमसे जो भी शुल्क लेते हैं, हम उनसे वसूलते हैं। इसलिए, यह बहुत अच्छी तरह से काम करता है। यह एक सुंदर, सरल प्रणाली है, और हमें बहुत अधिक या बहुत कम शुल्क लेने के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।÷ अमेरिकी टैरिफ का असर दूरगामी होने की उम्मीद है। भारत के खाद्य उत्पाद, सब्जियां, कपड़ा और परिधान क्षेत्र पर सबसे अधिक असर पड़ने की संभावना है। विद्युत मशीनरी, रत्न और आभूषण, फार्मा उत्पाद, ऑटो, लोहा और इस्पात भी उन प्रमुख वस्तुओं में शामिल हैं जिन्हें भारत अमेरिका को निर्यात करता है, ये सभी उत्पाद अमेरिका की ओर से घोषित पारस्परिक टैरिफ से प्रभावित हो सकते हैं।

# सेंसेक्स में 200 अंकों की गिरावट, निफ्टी 102 अंक गिरकर 22,929 पर बंद

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भी शुरुआती बढ़त गंवाकर टूट गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 199.76 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक या 0.91 प्रतिशत गिरकर 75,439.64 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 102.15 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर आ गया।

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार आठवें दिन गिरावट जारी रही। बाजार ने कारोबार की शुरुआत आशावादी रुख के साथ की, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त खो दी और नकारात्मक दायरे में आ गया।



आठ कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क 2,644.6 अंक या 3.36 प्रतिशत गिरा है, और निफ्टी 810 अंक या 3.41 प्रतिशत गिरा है। 30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में से अडानी पोर्ट्स में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और टाटा स्टील भी पिछड़ गए। नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयरों में लाभ रहा।

जानकारों के अनुसार, ÷जोखिम से बचने की भावना निवेशकों के मन में बनी हुई है, क्योंकि वर्ष की शुरुआत में कॉर्पोरेट आय, विशेष रूप से मध्यम और लघु कैप के लिए, बाजार की अपेक्षाओं से काफी कम है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आय में नरमी, रुपये में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी कारकों के कारण निकट भविष्य में धारणा कमजोर रहने की आशंका है, जिससे एफआईआई की निकासी बढ़ सकती है। टैरिफ पर स्पष्टता आने और कॉर्पोरेट आय में सुधार होने तक अस्थिरता बनी रहने की उम्मीद है।÷

एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और हांगकांग में तेजी रही, जबकि टोक्यो में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को यूके नाइटहुड से सम्मानित किया



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन) से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। चंद्रशेखरन ने इस सम्मान पर कहा, मैं इस प्रतिष्ठित मान्यता से बहुत अभिभूत हूं, जिसके लिए मैं महामहिम, किंग चार्ल्स का आभारी हूं। मैं यह व्यक्त करना चाहूंगा कि टाटा समूह में हम प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, आतिथ्य, इस्पात, रसायन और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में यूके के साथ इतने मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखने पर कितना गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, हमें जगुआर लैंड रोवर और टेटली जैसे अपने प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांडों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। हम यूके में 70,000 से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। हम इस देश के महान संस्थानों के साथ उपयोगी और विश्व स्तरीय अनुसंधान और शैक्षणिक साझेदारी का आनंद लेते हैं, जिसमें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, वारविक विश्वविद्यालय और स्वानसी विश्वविद्यालय शामिल हैं। टाटा समूह के चेयरमैन ने कहा, मैं टाटा समूह की ओर से ब्रिटिश सरकार को समूह के समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक मजबूत और स्थायी संबंध है और मैं ब्रिटेन में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तत्पर हूं। मुझे यह बड़ा सम्मान देने के लिए एक बार फिर धन्यवाद।

# लोकप्रिय अभिनेता पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**लखनऊ।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों




किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3% तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं, इंजन के टूट-फूट को कम करने, ईंधन की अर्थव्यवस्था में सुधार देश को इस सक्रिय तकनीक को कार्रवाई में लाइव देखने में मदद करने के लिए, Jio-bp ने नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अभिनव स्प्लिट फ्यूल कार का अनावरण किया। स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे Jio-bp में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है।

## जनवरी में थोक महंगाई दर में राहत, दिसंबर 2024 के 2.37% से घटकर 2.31% पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** जनवरी में भारत का थोक मूल्य सूचकांक दिसंबर 2024 के 2.37 प्रतिशत से घटकर 2.31 प्रतिशत पहुंच गया। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए।

खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट के कारण जनवरी में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 2.31 प्रतिशत पर आ गई। । वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। दिसंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.37 प्रतिशत थी। जनवरी 2024 में यह 0.33 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी।

आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही, तथा प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में जनवरी में 2.78 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि दिसंबर में 3.79 प्रतिशत की अपस्फीति थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.14 प्रतिशत की तुलना में 2.51 प्रतिशत रही।

बुधवार को जारी खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चला कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 4.31 प्रतिशत रह गई जो पांच महीने का निम्नतम स्तर है।

# पैंथर अपने नए सिंगल 'उत्तर प्रदेश' में गर्व और बुलंदी के साथ अपनी जड़ों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** भारत के हिपहॉप उद्योग में बेमिसाल हस्ती, अनुभव शुक्ला उर्फ पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक, उत्तर प्रदेश रिलीज़ किया है। यह ट्रैक पहले से ही उद्योग में हलचल मचा रहा है। यह बेहतरीन गाना भारत के हृदय की सांस्कृतिक धड़कन को श्रृद्धांजलि दे रहा है, जिसमें जबरदस्त बीट्स के साथ शुद्ध हिपहॉप की बेजोड़ ऊर्जा है। बोल्ड और ऑथेंटिक आवाज में उत्तर प्रदेश एक अत्यधिक जोशीला गीत है, जिसमें आकर्षक वाईब्स के साथ इस क्षेत्र की शुद्ध भावना को आत्मसात किया गया है। इसकी पहली बीट्स से ही आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। पैंथर ने केवल सोनी म्यूज़िक के साथ साईन करके भारतीय हिपहॉप के परिदृश्य में अपनी ट्रेलब्लेज़र की पहचान को मजबूत किया है।

पैंथर अपने धारदार अंदाज और जबरदस्त धाराप्रवाह के साथ भारतीय हिपहॉप के क्षेत्र में अपना दबदबा बनाते हुए एक बार फिर हलचल मचा रहे हैं। उत्तर प्रदेश एक जोशीला ट्रैक है, जिसमें संक्रामक बीट्स के साथ




बेमिसाल रैप है, जो उनकी मातृभूमि की ऑथेंटिक वाईब्स पेश करता है। यह गाना उत्तर प्रदेश की भावनाओं के सार को समर्पित है। इस म्यूज़िक वीडियो में इस राज्य की भव्यता को जीवंत किया गया है। लखनऊ के रूमी दरवाजा से लेकर वाराणसी के घाट तक दिखाए गए हैं। इस गाने का हर फ्रेम उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और गर्व को सिनेमेटिक श्रृद्धांजलि देता है। तो इस सफर का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो जाईये, जो इतिहास, हिपहॉप और गर्व का बेजोड़ मेल कराता है।

'उत्तर प्रदेश' बनाने की प्रेरणा के विषय में पैंथर ने कहा, ''यह गाना उत्तर प्रदेश का होने की शुद्ध ऊर्जा, गर्व और स्वैग को पेश करता है। इस गाने में यहाँ के लोगों का अंदाज है। वह आत्मविश्वास है, जो उत्तर प्रदेश की हर गली और हर व्यक्ति में पाया जाता है। इस गाने के माध्यम से मैंने उत्तर प्रदेश की भावना को सम्मानित किया है। मुझे उम्मीद है कि इस गाने की शक्ति और जोश को हर कोई महसूस करेगा।''

इस गाने में उत्तर प्रदेश का गर्व और देसी स्वैग झलकता है, जो एक संपूर्ण सांस्कृतिक अभियान है। उत्तर प्रदेश के हृदय से निकला यह गाना भारतीय हिपहॉप के जोश के माध्यम से यहाँ के लोगों के आत्मविश्वास, साहस और गलियों के आकर्षण को दर्शाता है। तो इस जबरदस्त गीत को सुनने की तैयारी कर लीजिए, जो अब तक की सबसे तेज गर्जना पेश कर रहा है!

## खाने में ज्यादा तेल का इस्तेमाल करना जोखिमः नम्रता शुक्ला

**लखनऊ।** तेल हमारे खान-पान का एक अहम हिस्सा है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इस बारे में लेखिका नम्रता शुक्ला बता रही कि कई लोग यह नहीं जानते कि ज्यादा तेल खाने से शरीर पर क्या असर पड़ता है। अत्यधिक तेल का सेवन करने से वजन बढ़ने, दिल की बीमारियों का खतरा, पाचन तंत्र पर असर, त्वचा संबंधी समस्याएं और लिवर पर दबाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस लेख में हम इन पांच स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बात करेंगे।

**वजन बढ़ने की समस्या**

ज्यादा तेल का सेवन करने से शरीर में चर्बी जमा होती है, जिससे वजन बढ़ने की समस्या उत्पन्न होती है। जब हम अपने भोजन में जरूरत से ज्यादा तेल का उपयोग करते हैं तो यह अतिरिक्त कैलोरी के रूप में शरीर में जमा हो जाता है। इससे न केवल वजन बढ़ता है बल्कि मोटापे जैसी समस्याएं भी पैदा होती हैं। मोटापा कई अन्य बीमारियों जैसे मधुमेह और हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

**दिल की बीमारियों का खतरा**

अत्यधिक तेल के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर अगर आप ट्रांस फैट या सैचुरेटेड फैट वाले तेलों का अधिक उपयोग करते हैं तो यह आपके कोलेस्ट्रॉल स्तर को बढ़ा सकता है और धमनियों को ब्लॉक कर सकता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा स्वस्थ विकल्प चुनें जैसे कि जैतून या सरसों के तेल जिनमें अच्छे फैटी एसिड होते हैं।

**पाचन तंत्र पर असर**

ज्यादा तैलीय खाना पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डालता है। यह पेट फूलना, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है क्योंकि भारी मात्रा में चर्बी पचाने में मुश्किल होती है। इसके अलावा अत्यधिक तैलीय भोजन आंतों की गति को धीमा कर देता है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए हल्का और कम तैलीय खाना खाने की आदत डालनी चाहिए ताकि पाचन सही तरीके से काम करे और पेट संबंधी परेशानियां न हों।

# बुक माय शो फाउंडेशन ने बुक अ चेंज पहल शुरू की

**लखनऊ।** बुक माय शो फाउंडेशन ने बुक अ चेंज की शुरुआत की है, जो संगीत और प्रदर्शन कला के जरिए जरूरतमंद प्रतिभाओं की जिंदगी संवारने के लिए समर्पित है।2014 में बुक माय शो ने इसे बुक अ स्माइल के रूप में शुरू किया था, जो अब बुक अ चेंज बन गया है। बुक अ चेंज सिर्फ़ संगीत और कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देता है। इसका लक्ष्य जिम्मेदारी, आत्म-सम्मान, सहानुभूति, उद्देश्य और लचीलापन जैसे गुण विकसित कर, एक बेहतर और सशक्त व्यक्तित्व तैयार करना है।बुक अ चेंज ने 500 संगीत छात्रवृत्तियों की घोषणा की है, जिससे जरूरतमंद लेकिन प्रतिभाशाली लोगों को सशक्त बनाया जाएगा। यह छात्रवृत्तियां छात्रों और सड़क कलाकारों को मान्यता प्राप्त संस्थानों में संगीत और संगीत व्यवसाय की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेंगी। बुक अ चेंज की छात्रवृत्ति में इंस्ट्रुमेंटल, वोकल्स, ऑडियो प्रोडक्शन, म्यूजिक बिजनेस और सोंग राइटिंग




की सहायता भी प्रदान करेगी। बुक अ चेंज जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक मदद देगा। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करें। बुक अ चेंज के लॉन्च पर, इसकी प्रमुख फरजाना कामा बालपांडे ने कहा,÷यह एक नए अध्याय की शुरुआत है, जहां कला के जरिए बदलाव लाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है। हमारा लक्ष्य सपनों को संवारना और नए अवसर प्रदान करना, ताकि हर कोई आगे बढ़ सके। हम संगीत और प्रदर्शन कलाओं को सबके लिए सुलभ बनाना चाहते हैं, जरूरतमंद लोगों और समुदायों को सशक्त बनाना चाहते हैं और अगली पीढ़ी के कलाकारों को प्रेरित करना चाहते हैं। हमारी यह यात्रा सिर्फ कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रेरणा, सहयोग और एक बेहतर दुनिया की तलाश का हिस्सा है।÷ एक दशक से बुक अ स्माइल बुक माय शो का दिल रहा है जो म्यूजिक, आर्ट, थिएटर, डांस और स्पोर्ट्स के अनुभवों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के जीवन को समृद्ध करते हुए अनगिनत मुस्कान फैलाता है। ऐसे लोगों को ऊपर उठाने और उन्हें सशक्त बनाने की यह भावना हमेशा से बुक अ स्माइल का सार रही है। बुक अ चेंज में बदलाव के माध्यम से, यह संगीत और प्रदर्शन कला की परिवर्तनकारी शक्ति पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करते हुए इस विरासत को आगे बढ़ाएगा। बुक अ चेंज अब संगीत और प्रदर्शन कला के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देगा, बुक अ स्माइल द्वारा रखी गई नींव पर निर्माण जारी रखेगा।

## जनवरी 2025 में जीवन बीमा क्षेत्र की बड़ी छलांग, नए कारोबार में रिकॉर्ड वृद्धि, प्रीमियम कलेक्शन 7.78% बढ़ा!

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल द्वारा जारी जनवरी 2025 के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बीमा कंपनियों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

भारतीय जीवन बीमा कंपनियों द्वारा नए बीमा प्रीमियम में 7.78% की वृद्धि हुई है। इस वर्ष अब तक का कलेक्शन 2,83,833.52 करोड़ से बढ़कर 3,05,912.09 करोड़ हो गया है, जो बीमा क्षेत्र के बढ़ते दायरे को दर्शाता है। व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में भी 16.26% की बढ़ोतरी हुई है, जो जनवरी 2025 में 4,127.67 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं, व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम में भी 10.52% की वृद्धि देखी गई, जो 10,632.32 करोड़ तक पहुंच चुका है।


इस मजबूत प्रदर्शन की मुख्य वजह जीवन बीमा कंपनियों का उन लोगों तक पहुंचने पर जोर देना है, जो पहली बार जीवन बीमा खरीद रहे हैं। इस प्रयास के कारण जनवरी 2025 में कुल व्यक्तिगत प्रीमियम कलेक्शन में 12.07% की वृद्धि हुई है, जबकि पूरे साल की तुलना में यह आंकड़ा 14% तक पहुंच चुका है।

भारत में जीवन बीमा उद्योग लगातार अपने विस्तार की दिशा में काम कर रहा है। बीमा कंपनियां अब उन क्षेत्रों और वर्गों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं, जिन्हें पहले पर्याप्त सेवाएं नहीं मिल पाती थीं। इसके लिए 8,72,055 से अधिक नए जीवन बीमा एजेंट जोड़े गए हैं, जिससे कुल एजेंटों की संख्या में 4.82% की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, बीमा कंपनियां डिजिटलीकरण को तेजी से अपना रही हैं, जिससे बीमा सेवाओं की पहुंच और अधिक सुलभ हो रही है।

इन सभी प्रयासों का असर वित्तीय वर्ष 2025 और आगे के वर्षों में देखने को मिलेगा। बीमा कंपनियों के डिजिटल परिवर्तन और व्यापक विस्तार योजनाओं के कारण नए बिजनेस प्रीमियम में लगातार बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है, जिससे जीवन बीमा क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी।

# दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया गया अंजाम

**लखनऊ।** देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का



अभिन्न हिस्सा बन जाएगी।

रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ़ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज़ उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी ज़ाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीज़ों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। टेलीसर्जरी के द्वारा हम किसी भी इलाके में स्थित मरीज़ों को सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मुहैया कराना चाहते हैं।

## JioCinema और Disney+ Hotstar का मिलन, भारत में मनोरंजन और स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग का नया अनुभव

**नई दिल्ली।** हाल ही में Viacom18 और Star India के विलय से बने Jiostar ने JioHotstar लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म पर JioCinema और Disney+ Hotstar जैसे दो प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एक साथ आ गए हैं। करीब 3 लाख घंटे के मनोरंजन, लाइव स्पोर्ट्स कवरेज और 50 करोड़ से अधिक यूजर्स के साथ JioHotstar मनोरंजन की दुनिया को नए आयाम देने और दर्शकों के लिए infinite possibilities के द्वार खोलने के लिए तैयार है।

लॉन्च के अवसर पर JioStar के डिजिटल सीईओ किरण मणि ने कहा, "JioHotstar का मकसद भारत के हर व्यक्ति तक प्रीमियम मनोरंजन पहुंचाना है। हमारा वादा है infinite possibilities, जिससे मनोरंजन सबका हक बने। हम AI-ड्रिवन कंटेंट सुझाव और 19 भाषाओं में स्ट्रीमिंग के जरिए दर्शकों को बेहतरीन एक्सपीरियंस देंगे।

प्रीमियम मनोरंजन को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने वादे के अनुरूप, JioStar ने सभी को आमंत्रित किया है कि वे बिना किसी सब्सक्रिप्शन के अपने पसंदीदा शो, फिल्में और लाइव स्पोर्ट्स का आनंद लें। जो लोग बिना रुकावट और बेहतर अनुभव चाहते हैं, उनके लिए JioHotstar ने सिर्फ 149 प्रति तिमाही के किफायती सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। । मौजूदा JioCinema और Disney+ Hotstar यूजर्स आसानी से अपने सब्सक्रिप्शन को JioHotstar में बदल सकते हैं।

**मनोरंजन का नया संसार**

JioHotstar 10 भाषाओं में 1.4 अरब भारतीयों के लिए खास तौर पर तैयार की गई कंटेंट लाइब्रेरी के साथ मनोरंजन को नया स्वरूप दे रहा है। इसमें टीवी प्रोग्राम, ऑरिजिनल वेब शोज़, रियलिटी एंटरटेनमेंट, ब्लॉकबस्टर फिल्में, एनीमे और इंटरनेशनल प्रीमियर शामिल हैं।

## मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच में महर्षि टीम विजेता व विधार्थी टीम उप विजेता



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया की ओर से संस्थान के डी0 एल0 एड0 प्रशिक्षुओ के बीच शुक्रवार को मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के प्रशिक्षुओं का उत्साह देखने को मिला।

मैच का शुभारंभ डायट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक क्षमता का विकास होता है। मैच से पूर्व खेल प्रशिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता गोविंद गुप्ता ने खेल के नियमों से अवगत कराया और बताया कि खेल से सर्वांगीण विकास होता है। मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच में कुल छ्ः टीमों ने हिस्सा लिया। वही फाइनल मुकाबला महर्षि टीम बनाम विधार्थी टीम के बीच खेला गया। जिसमे महर्षि टीम ने विधार्थी टीम को 25/23 प्वाइंट से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को डायट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। रेफरी के तौर पर अखिलेश राय रहे। इस अवसर पर आदर्श कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, डॉ0 सतीश कुमार मिश्र, शिव प्रताप सिंह, सीमा कुमारी, जितेंद्र कुमार, डॉ0 दिलीप कुमार, रामदास, अफताब अहमद, परशुराम, कनिष्ठ सहायक सत्यम श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मौर्य आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 329 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड खीरों के बसिगवां मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 329 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड बछरावां 103, हरचंदपुर 42, सतावं 17, खीरों 14, लालगंज 9, सरेनी 06, महराजगंज 54, शिवगढ़ 67, न0प0 बछरावां 01, न0प0 शिवगढ़ 16 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह में मंत्री , जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंत्री जी ने वर-वधुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है, जिसके क्रम में आज यहां भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में 329 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आज के इस आयोजन में 329 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के तहत प्रति जोड़ों के लिए 51000 की धनराशि अनुमन्य है, जिसके अंतर्गत 35000 रुपए कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 10000 रूपए से नव विवाहित जोड़ों को घरेलू व व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करने हेतु सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है।

**उद्यान मंत्री व डीएम-एसपी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद**

## डीएम-एसपी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** लखनऊ जोन की 27वीं अंतर जनपदीय (महिला/पुरुष) एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन दिनांक 12 से 14 फरवरी 2025 तक पुलिस लाइन ग्राउंड में कराया गया। उक्त कार्यक्रम का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन ग्राउंड में समापन किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर, उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलवामा के शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कर हमले में शहीद हुए अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अमर जवानों को पूरा देश नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अमर जवानों की शहादत को सदैव याद रखेगी और देश के प्रति उनके शहादत और साहस को याद रखेगी। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को देश युगों-युगों तक याद रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण कुमार मिश्र, विजय कुशवाहा, डॉ विनोद पाण्डेय, राजू सिंह, शुभम त्रिपाठी, धनजी वर्मा, राहुल कुमार उपस्थित रहे।

## अपर जिला जज ने किया वन स्टॉप सेण्टर का औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो कें प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा, कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें तथा कोई भी पीड़िता निर्धारित समयावधि से अधिक वन स्टाप सेण्टर पर न रूके, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

## थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत की गयी वाहन चेकिंग



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में शांति/ सुरक्षा/ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु तथा तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई करने, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने, नाबालिकों द्वारा दो पहिया तीन पहिया सवारी चलने के खिलाफ कार्यवाही करने व यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत रुद्रपुर मोड़ पर भारत पेट्रोलिया पेट्रोल पम्प के पास क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री दिलीप सिंह, यातायात उ0नि0 श्री भूपेन्द्र सिंह, महिला थाना प्रभारी उ0नि0 सुश्री कुमुद सिंह व भारी पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग की गयी। इस चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों, ट्रिपल राइडिंग, बिना नंबर प्लेट, ओवर स्पीडिंग, गाड़ियों में लगी ब्लैक फिल्म एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गयी। महोदय के नेतृत्व में किये गए इस चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 150 वाहनों का ई-चालान किया गया व 06 मोटर साइकिलों को सीज किया गया।

## सांड़ खदेड़ने में चोटहिल हुआ सफाईकर्मी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अवारा गोवंशो को पकड़ने के लिए गांवों में तैनात किए गए सफाई कर्मी खतरों से खेलने को मजबूर हैं। शुक्रवार को टीम में ड्यूटी कर रहे एक सफाई कर्मचारी पर सांड ने हमला कर दिया। सफाई कर्मी को काफी चोंटे आई हैं। बाईक क्षतिग्रस्त हो गई है। शुक्रवार को नरैनी और कोरारी गिरधरशाह न्याय पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को महमदपुर में घूम रहे अवारा गोवंशो को सरैया दुबान की गोशाला में संरक्षित करने से लगाया गया था। सांडो को खदेड़कर गोशाला ले जाते समय एक सांड ने सफाई कर्मी सभाजीत रावत को दौड़ा लिया। सांड सभाजीत के मोटरसाइकिल पर कूद गया। सभाजीत बाईक के साथ जमीन पर गिर पड़े और बाईक उनके ऊपर आ गई। सभाजीत को काफी चोंटे आई है। बाईक क्षतिग्रस्त हो गई है।

## आठ शातिर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर रामगंज और संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कुल 8 शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। रामगंज थाना क्षेत्र में 5 अपराधियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें गैंग लीडर आदित्य सिंह (बस्ती), विशेष पांडेय और अभय यादव (सुलतानपुर), सचिन अग्रहरि और आर्यन शर्मा (सुलतानपुर) शामिल हैं। ये सभी अमेठी और सुलतानपुर सहित कई जिलों में गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं। संग्रामपुर थाने में तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। इनमें गैंग लीडर सुनील कुमार सरोज (गोपालपुर, अमेठी), सोनू सरोज (रामनाथपुर, अमेठी) और शिवा (परसावां, अमेठी) शामिल हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

## तहसील सलोन के 167 तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी 27 व 28 को

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप जिलाधिकारी सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली के अन्तर्गत पड़ने वाले राजस्व ग्रामों में 167 तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी किये जाने हेतु 27 से 28 फरवरी 2025 तक मत्स्य पालन पट्टा नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सलोन के सभागार में किया जायेगा। जिसमें इच्छुक पात्र व्यक्तियों के प्रातः 10 से 1 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा 1 बजे के बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की नीलामी हेतु नायब तहसीलदार सलोन को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया जाता है। तालाबों की नीलामी के सम्बन्ध में उ0प्र0 राजस्व संहित 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा की जायेगी जो तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाइट https://bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। सर्वोच्च बोली बोलने वाले समिति/व्यक्ति को नीलामी धनराशि एक वर्ष के लगान का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा। शेष 3/4 भाग नीलामी तिथि के 15 दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। सभी बोलीदाता को विज्ञापन की तिथि से आय, निवास प्रमाण पत्र जो 06 माह से अधिक पुराना न हो बोली के समय प्रस्तुत करना होगा। मत्स्य पालन पट्टे की अवधि 10 वर्ष जिसका न तो आगे नवीनीकरण होगा न ही बढ़ाया जायेगा।

## उद्यान विभाग ने लागू की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संरक्षित कृषि को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में एकीकृत बागबानी विकास मिशन योजना लागू की है। योजना के लाभ के लिए किसानों से पोर्टल पर आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजना लागू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त किसान जो फल, शाकभाजी, मसाला, पुष्प कार्यक्रम एवं प्रोजेक्ट बेस कार्यक्रम जैसे संरक्षित खेती (पॉली हाउस, शेडनेट हाउस), शीतगृह, राइपनिंग चौम्बर आदि का लाभ प्राप्त करने हेतु वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कृषि भवन, ताला (प्रथम तल) में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के मद्देनजर डीएम ने किया निरीक्षण



राजकीय बालिका विद्यालय में रखे गए प्रश्नपत्रों की जानकारी लेते डीएम

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शुक्रवार को राजकीय बालिका विद्यालय पडरौना में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं हेतु डबल लॉक में रखे गए प्रश्नपत्रों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान कैमरा, लाईट की व्यवस्था, कितने प्रश्नपत्रों के बंडल आए और कितने आने बाकी हैं, सुरक्षा व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित से जानकारी ली गई। निरीक्षण दौरान निर्देशित किया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होंगे। उन्होंने परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन अनुरूप सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए। इसी क्रम में विद्यालय भवन का निरीक्षण भी किया गया, जिसके अंतर्गत टूटी हुई बाउंड्री वाल, विद्यालय कैंपस में चल रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी लेते हुए विद्यालय का मरम्मत कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं/अध्यापकों आदि की भी जानकारी ली गई। इस अवसर पर परियोजना निदेशक सहित जिला विद्यालय निरीक्षक एवं विद्यालय के शिक्षक, सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## हाईवे पर जाम ख़त्म करने को पुलिस प्रशासन ने रुट डायवर्जन किया

### दुर्गापुर से लम्भुआ और कल्याणपुर होकर सुल्तानपुर भेजे जा रहे हैं श्रद्धालुओं के वाहन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्रयागराज में गंगा स्नान और अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की भारी संख्या और वाहनों की भीड़ को देखते हुए पीपरपुर, रामगंज और भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में जाम की स्थिति बन हुई है। जाम को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन का सहारा लिया है। प्रयागराज से आने वाली गाड़ियों को दुर्गापुर होते हुए लंभुआ की ओर मोड़ा जा रहा है, जहां से श्रद्धालु सुल्तानपुर के रास्ते अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी तरह, वरिसगंज-थौरी मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को हैदरगढ़ होते हुए अयोध्या भेजा जा रहा है। शुक्रवार को दुर्गापुर से तमाम वाहनों को कल्याणपुर होते हुए भादर-भाई मार्ग से सुल्तानपुर भेजा गया। शुक्रवार को अयोध्या -प्रयागराज हाइवे पर जाम की समस्या नहीं रही। रामगंज और पीपरपुर थाने की पुलिस के साथ हाइवे पर पी ए सी को भी यातायात व्यवस्था में तैनात किया गया है।



पुलिस अधीक्षक अर्पण रजत कौशिक ने अयोध्या-प्रयागराज बॉर्डर पर स्थित सभी थानों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के कारण जिले के किसी भी राजमार्ग पर जाम की स्थिति नहीं है और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। पुलिस अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा को सुनिश्चित कर रहे हैं।

# विधायक पी.एन पाठक ने एयरपोर्ट ऑथारिटी के साथ किया बैठक

### कुशीनगर से घरेलू के साथ जल्द शुरु होगा नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ाने



एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ बैठक करते विधायक

अवधनामा संवाददाता


**कसया, कुशीनगर।** शुक्रवार को श्रीराम जानकी मठ स्थित शिविर कार्यालय पर कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुआ। जिसमें कुशीनगर से नई विमान सेवाओं को चालू करने व कुशीनगर एयरपोर्ट में आ रही अड़चनों को दूर करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में आने वाले बाधाओं पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट ऑथारिटी के अधिकारियों ने समस्याओं को विधायक पी.एन पाठक के समक्ष रखा। जिसका कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने हर संभव मदद व जल्द ही समस्या के निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान के लिए सकारात्मक पहल किया गया है।कुशीनगर एयरपोर्ट से जल्द ही नियमित अंतराष्ट्रीय व घरेलू उड़ाने चालू होगी। इस बाबत अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर के डायरेक्टर प्रणेश कुमार राय ने बताया कि रनवे के दो साइड वन वन व टू नाइन होते है। वन वन की सारी बाधाएं दूर कर ली गयी है। टू नाइन में कुछ अड़चनें आ रही है। जिसका जल्द ही निस्तारण कर लिया जाएगा।

इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर प्राणेश कुमार राय, सीएसओ राजीव श्रीवास्तव, सेफ्टी इंजीनियर गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# महाकुंभ मेले में भेजी गई 41 बसें लम्बी दूरी की बस सेवाएं बंद






**कुम्भ मेले से लोड फैक्टर बढ़ा, बुकिंग स्कीम फेल**

**अमेठी।** माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर डिपो को सबसे अधिक आय हुई है। पिछले दो दिनों से लोड फैक्टर 70 है। डिपो से प्रयागराज के लिए बसों की बुकिंग स्कीम फेल रही है। एक भी बस मेले के लिए बुक नहीं हुई है। भाजपा के कुछ नेताओं और ग्राम प्रधानों ने स्वयं प्राइवेट बसें बुक करके श्रद्धालुओं को प्रयागराज भेजने का काम किया है।

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** महाकुंभ -2025 के चलते अमेठी डिपो की लम्बी दूरी की सभी बस सेवाएं बंद है। कानपुर और लखनऊ के लिए भी बसें उपलब्ध नहीं है। अनुबंधित सेवा की तीन बसें लखनऊ चलाई जा रही हैं। लखनऊ और कानपुर जाने के लिए ट्रेनों पर भीड़ बढ़ी हुई है। लोकल सवारियों को घंटों इंतज़ार करने के बाद सुल्तानपुर जाने के लिए बस मिलती है।

गुरुवार को दो दर्जन से अधिक यात्री बस न मिलने पर निराश होकर दूसरे साधनों से गन्तव्य को रवाना हुए। अमेठी डिपो में कुल 48 बसें है। 38 बसें कुंभ मेला में रुट पर चलाई जा रही हैं। तीन नयी बसों को प्रयागराज में शटल सेवा में लगाया गया है। सुल्तानपुर लोकल सेवा में चार बसों को चलाया जा रहा है। तीन बसें क्षेत्रीय कार्यशाला मसौधा में खड़ी हैं। सुशीला देवी, स्टेशन अधीक्षक अमेठी ने कहा शासन और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के निर्देश पर सभी बसों को कुम्भ मेले में लगाया गया है। लम्बी दूरी की बस सेवाएं स्थगित है। कुम्भ मेले में डिपो का कैम्प लगा हुआ है। एआर एम साहब काशी प्रसाद जी आधा दर्जन स्टाफ के साथ मेला ड्यूटी कर रहे हैं।

# जल जीवन मिशन : 487 में से 205 परियोजनाओं में हो रही जलापूर्ति



**कलेक्ट्रेट में डीएम ने की समीक्षा, नामित एजेंसियों की मनमानी से तेज नहीं हो पा रही काम की प्रगति**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति 42 फीसदी है। कार्यदाई संस्थाओं और कांस्ट्रक्शन कम्पनियों की मनमानी के चलते दिसंबर 2024 तक पचास फीसदी भी काम पूरा नहीं हो पाया है। परियोजनाओं का काम पूरा करने के लिए अब 31 मार्च डेट लाइन तय की गई है। गुरुवार को डी एम निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट में सभी एजेंसियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अस्सी फीसदी काम वाली परियोजनाओं को माह की समाप्ति तक पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन हेतु नामित तीन एजेंसियों क्रमशः मेसर्स वैलस्पन इंटरप्राइजेज, मेसर्स गायत्री-रैम्की तथा मेसर्स विंध्या टेलिलिंक्स-गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों से जनपद में संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ए0के0 राव ने बताया कि जनपद में कुल 487 परियोजनाएं संचालित की जानी है । जिनमें से 90 परियोजनाओं में सभी स्टेप पर कार्य पूर्ण करते हुए ओवरहेड टैंक के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, 115 परियोजनाओं में डायरेक्ट पंप के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, शेष परियोजनाओं पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए की सभी परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए सभी घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन से जोड़ा जाए कोई भी गांव, मजरा अथवा घर कनेक्शन से छूटने न पाए तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को शीघ्र अति शीघ्र रिपेयर किया जाए। सभी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा हेल्थ वेलनेस सेंटरों को भी पाइपलाइन से जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त हो रही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, डीपीआरओ मनोज त्यागी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, अधिशासी अभियंता जल निगम अनिल कुमार राय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो व बाइक की सीधी टक्कर में पति की मौत, पत्नी घायल



मृतक श्यामलाल की फाइल फोटो

**खड्डा की तरफ से आ रही एक बोलेरो ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी**

अवधनामा संवाददाता

**खड्डा कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भुजौली बुजुर्ग में स्वामी विवेकानंद विद्यालय के पास खड्डा से आ रही बोलेरो ने एक बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दिया। बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम सभा रुद्लापुर (बहेलिया गांव) निवासी श्यामलाल भारती उम्र लगभग 24 वर्ष अपने पत्नी के साथ घर से ससुराल जा रहा था। अभी वह भुजौली बुजुर्ग के पास पहुंचा ही था कि खड्डा की तरफ से आ रही एक बोलेरो ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी जिसमें मौके पर ही श्यामलाल भारती की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। बोलेरो मौके से फरार हो गया। आसपास लोगों ने घायल पत्नी अस्पताल भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि अभी युवक का तीन महीना पूर्व शादी हुई। मौके पर गांव के लोग व राहगीरों द्वारा एंबुलेंस से घायल पत्नी को अस्पताल भर्ती कराया गया। उधर युवक के मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# ग्राम भिलौरा बासु में आयोजित हुआ सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

अवधनामा संवाददाता

**बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए ग्रामीण**

**बहराइच।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किये जाने हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की पात्रता रखने वाले वंचित लोगों तथा विभिन्न योजनाओं से आच्छादित व्यक्तियों की अन्य समस्याओं का एक ही स्थान पर सुगमतापूर्वक समाधान कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर जिले में चलाये जाने वाले सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड फखरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय, भिलौरा बासू में वृहद शिविर का आयोजन किया गया। डीएम मोनिका रानी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मेगा शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागतगीत, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगा की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

डीएम मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ मेगा शिविर में लगाये गये सभी स्टालों का निरीक्षण कर लाभार्थी पंजीकरण एवं आवेदनों के निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिव्यांग विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने केवाईसी, आपूर्ति विभाग के स्टाल पर राशन कार्डो के संशोधन एवं अपडेशन, राजस्व के स्टाल पर वरासत, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों, पैमाइश, धारा-24 इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार कृषि, पंचायती राज के स्टालों फार्मर रजिस्ट्री कार्य, परिवार रजिस्टर की नकल, फैमली आईडी व शौचालय के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों, बेसिक शिक्षा के स्टाल पर डीएम ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीएसएनएल स्टाल के निरीक्षण के दौरान आधार




कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया।


शिविर को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित अधिकतर प्रक्रियाएं आनलाइन हो जाने से ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोगों को होने वाली असुविधा के निवारण हेतु सेवा से संतृप्तिकरण अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि मेगा शिविर के सफल आयोजन में अधीनस्थ अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए एक ही छत के नीचे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण, आवेदन भरने, स्वीकृति एवं वितरण जैसी कार्यवाही कर रहे हैं।

डीएम ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मंशा है कि शासन जनता के द्वार की पहुंच कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि सेवा से संतृप्तिकरण अभियान द्वारा दूर-दराज रहने वाले ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। डीएम ने मेगा शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए बच्चों को बहराइच महोत्सव में प्रदर्शन का अवसर देने का वादा किया। डीएम ने ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि निराश्रित पेंशन योजना की पात्रता रखने वाली महिलाओं का आवेदन कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने शिविर के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज तकनीकी युग में कुछ जागरूक किसान टेक्नालॉजी का सहारा लेकर कम ज़मीन पर जहां अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं वहीं ग्लोबल बाज़ार की जानकारी के माध्यम से अपनी उपज का अधिक मूल्य भी प्राप्त कर रहे हैं। श्री चन्द्र के कृषकों का आहवान किया कि तकनीक का उपयोग करते हुए वैज्ञानिक विधि से खेती कर अपनी आय गुणात्मक वृद्धि करें।

# वन माफियाओं के विरूद्ध कड़ी से कड़ी हुयी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद प्रभाग में वन कर्मियों के साथ वन माफियों द्वारा की गई मारपीट की घटना के क्रम में वन मंत्री उ0प्र0 सरकार तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशों के क्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आगरा जोन, आगरा एवं वन संरक्षक, आगरा वृत्त, आगरा द्वारा फिरोजाबाद के ट्रामा सेण्टर में भर्ती घायल वन कर्मियों से मिलकर उनके स्वास्थ्य का हाल चाल लिया गया तथा घटना के बारे में पूरी जानकारी ली गई। ट्रामा सेंण्टर के चिकित्सकों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी घायल वन कर्मी अब खतरे से बाहर हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना है। उक्त के सम्बन्ध अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आगरा जोन आगरा द्वारा निर्देश दिये गये कि इन वन कर्मियों का अच्छे से अच्छा इलाज कराया जाये। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से घटना में संलिप्त वन माफियायों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी कराते हुए वन माफियायों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये जिससे वन माफियायों के बढ़ते हौशलो को तोड़कर वन कर्मियों का मनोबल बढ सके। अवैध कटान की घटनाओं को रोकने के लिए वन कर्मियों की एक बड़ी टीम बनाई जाये तथा इस कार्य हेतु पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाये।

## जमात ए इस्लामी हिन्द हल्का उत्तर प्रदेश के ज़ेरे एहतमाम प्रारम्भ

**फ़िरोज़ाबाद।** फिरोजाबाद जमात ए इस्लामी हिन्द के मुकामी अमीर के नेतृत्व में पूरी तैयारी कर एक दिन पहले ही फ़िरोज़ाबाद की अधिकतर मस्जिद के आइम्मा हज़रात से मिल कर ख़िताब ए जुमा दे दिया गया। आज 40 से ज्यादा मस्जिद में नंशा से पाक हमारा समाज के ताल्लुक से खिताब कराया जाएगा। आज से नुक्कड़ सभा प्रारम्भ की जाएगी जो अलग-अलग मुहल्ला में 14 फ़रवरी से 23 फ़रवरी तक आयोजित की जाएगी। 22 फ़रवरी 2025 को एक रैली भी निकली जाएगी, जो डॉ नवेद की दुकान नलबन्द चौराहे से शुरू होकर सदर बाज़ार, इमामबाड़ा, घंटा घर, सेंट्रल चौराहे से होते हुए जलेसर रोड व सर्कुलर रोड से डाक खाना चौराहा, दुली चौराहे से होते हुए मोहल्ला हुसैनी के मस्जिद आगा साहब पर समाप्त होगी। साथ ही 5 स्कूल एवं कॉलेज में गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। शहर के सभी सम्मानित लोगों से गुजारिश है जमात ए इस्लामी की मुहिम-अभियान को सफल बनाने की ज़हमत करें।

# आधुनिक जिम के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के द्वारा दाऊ दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया गया, उन्होंने डेढ़ सौ मीटर लंबाई की बाउंड्री बॉल के अपग्रेडेशन कार्य, मिनी तरण ताल, आधुनिक जिम के निर्माणाधीन कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया, उन्होंने कार्यदाई संस्था यूपी सिडको के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि धीमी गति से निर्माण कार्य हो रहे हैं, कार्यो में तेजी लाएं और मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ससमय परियोजना को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, इसी के साथ यह भी निर्देश दिए कि स्टेडियम के मैदान में जो गड्ढे हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से ठीक कराऐं, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी, क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा आदि उपस्थित रहे, इसी के साथ बाबा नीम करौरी की जन्म भूमि नागऊ में पर्यटन विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक का लिया जायज़ा



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में 50 लाख से अधिक लागत की नवनिर्मित व निर्माणाधीन परियोंजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी, जिलाधिकारी ने टूण्डला में नवनिर्मित महाविद्यालय मार्च 2025 तक हैण्डओवर करने तथा समिति द्वारा इसकी गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए, इसी के साथ उन्होने कहा कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहे हैं, जिस पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या बढाकार कार्य को ससमय गुणवत्तापूर्ण करें, उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन कार्यदायी संस्था द्वारा 132 के.वी. उप केन्द्र फरिहा का समय से निर्माण कार्य न होने पर कार्यदायी संस्था पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए, इसी के साथ तहसील शिकोहाबाद के ग्राम सांथी में गौ संरक्षण केन्द्र की स्थापना का निर्माण का पूर्ण न होने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, उन्होने मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अन्तर्गत फिरोजाबाद के नगर निगम में स्थित रामचन्द्र पालिवाल ऑडिटोरियम का जीर्णोद्धार एवं आपूर्ति व अधिष्ठान का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# न्याय दिलाने हेतु महिला जनसुनवाई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** ''मिशन शक्ति 5.0'' के अन्तर्गत गीना कुमारी, सदस्या राज्य महिला आयोग उ0 प्र0 द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जागरूक करने तथा जनपद फिरोजाबाद में महिलाओं पर होनें वाली हिंसा, उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलओं को त्वरित न्याय दिलाये जानें हेतु महिला जन सुनवाई का आयोजन निरीक्षण भवन, निकट आयकर कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई फिरोजाबाद में समय अपरान्ह 12:00 बजे से किया गया। जिसमें विकल्प एस0डी0एम0, सिरसागंज (जे0), मिथलेश कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, आशीष पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद, निधि सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, चंचल त्यागी क्षेत्राधिकारी सदर,



सतीश कुमार पर्यवेक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी, नरेन्द्र मोहन जिला सूचना अधिकारी, रीना महिला निरीक्षक महिला सम्मान प्रकोष्ठ, प्रीति राय प्रभारी महिला थाना, अपर्णा कुलश्रेष्ठ संरक्षण अधिकारी, शिक्षा सारस्वत प्रभारी वन स्टॉप सेन्टर, विपिन मिश्रा आंकड़ा विश्लेषक, आदि उपस्थित रहे। महिला जन सुनवाई के दौरान 02 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही हेतु सदस्या द्वारा सी0ओ0 सदर फिरोजाबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरणों में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करायें। जिस पर सी0ओ0 सदर द्वारा तत्काल सम्बन्धित थानाध्यक्ष को फोन कर आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिये गये। साथ ही जन सुनवाई में उपस्थित प्रभारी महिला थाना फिरोजाबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरणों की मॉनीटरिंग करें तथा कृत कार्यवाही से 07 दिवस के अन्दर अवगत करायें। उक्त के बाद सदस्या द्वारा तहसील सिरसागंज सभागार में भी जनसुनवाई का आयोजन समय 02:00 बजे अपरान्ह से किया गया। जिसमें 02 वृद्धावस्था पेंशन, 02 फार्मर रजिस्ट्री, 01 राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन व राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ से सम्बन्धित 03 शिकायतों के निस्तारित हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर निस्तारित किये जानें तथा निस्तारित कर अवगत कराये जानें के निर्देश दिये गये। इसी कम में महिला फार्मर रजिस्ट्री सम्बन्धी 02 प्रकरणों के निस्तारण हेतु मौके पर मौजूद तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि तत्काल इनकी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करायें। साथ ही सदस्या द्वारा महिलाओं के लिये चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं कमशः निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना/मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के विषय में विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की गयी।

## महाकुंभ: तीर्थयात्रियों के लिए 10वें दिन भी जारी भंडारा



**सुल्तानपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा महाकुंभ जाने वाले और वहां से लौटने वाले तीर्थयात्रियों के लिए लगातार 10वें दिन भी भंडारा आयोजित किया गया। यह सेवा हालियापुर के कूरेभार मोड़ पर जारी है,जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।भंडारे के आयोजन में एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, अनिल श्रीवास्तव, दीपू उपाध्याय, श्याम प्रीत, वेद प्रकाश,जेई चंद्र नाथ पांडे, जेई एमआई आकाश सिंह, विजय सिंह, राजेश मौर्य, हरिभान सिंह समेत कई कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे लगातार श्रद्धालुओं को भोजन वितरण कर सेवा भाव का परिचय दे रहे हैं। भंडारे में श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस सेवा कार्य की सराहना की है।

# कर्मयोगी स्मृति वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ




अवधनामा संवाददाता

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर सुल्तानपुर में दो दिवसीय कर्मयोगी पंडित रामकिशोर त्रिपाठी स्मृति वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ। जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।क्रीडा प्रतियोगिता का प्रारंभ 200 मी महिला दौड़ से हुआ। जिसमें सुषमा पाल प्रथम, ज्योति गुप्ता द्वितीय और प्रतिभा तृतीय स्थान पर रही।तत्पश्चात 200 मी पुरुष दौड़ प्रतिस्पर्धा में अवनीश निषाद प्रथम, कृतेश पांडेय और अखिलेश वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष और महिला वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग में रिंसी पाल को प्रथम, दीपिका को द्वितीय तथा अंशिका पांडेय को तृतीय स्थान मिला। पुरुष वर्ग में ताहिर को प्रथम, अवनीश निषाद को द्वितीय और निखिल विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन तुलसी प्रतिमा व कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी जी की मूर्ति पर अतिथियों के माल्यार्पण व दीपार्चन के साथ हुआ। स्वस्ति वाचन व छात्राओं द्वारा शंख ध्वनि के बीच मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाते हुए संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कहा की शिक्षा जगत में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक होता है। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने खेल भावना के साथ अनुशासन में रह कर खेलने के लिए प्रेरित किया एवं प्राचार्य प्रो.आर एन सिंह व प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ गजेंद्र नारायण मिश्र ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

# बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार और बच्चा परिवार का राजा: शरद

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विद्या भारती शिशु वाटिका परिषद द्वारा शिशु नगरी मे बाल मेला लोगों के आकर्षण केंद्र बनी रही। शिशु नगरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार होता है। परिवार में बच्चा राजा होता है। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि बच्चे अपने माता-पिता के सामने जिद कर लेते हैं, परंतु वही अपने शिक्षक के पास जब जाते हैं तो उनके अनुसार उन्हें ढलना पड़ता है। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विवेकानंद नगर में छ-दिवसीय विद्या भारती शिशु वाटिका परिषद की अखिल भारतीय बैठक चल रही है। बैठक में देशभर से क्षेत्र प्रमुख, सह प्रमुख सहित 35 बहनों की टोली हिस्सा ले रही है। बैठक के पांचवें दिन शुक्रवार को शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतीय मार्गदर्शक गोविंद जी महंत एवं विद्या भारती अखिल भारतीय शिशु वाटिका की संयोजक सुश्री आशा बेन थानकी , विद्या भारती



के पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री हेमचंद्र ने किया। सुश्री आशा बेन ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि पर रामलला का जन्म हुआ था। आज छोटे-छोटे बच्चों के रूप में रामलला का रूप दिखाई दे रहा है। बच्चों को क्या अच्छा लगता है। शिशु वाटिका का सिद्धांत बच्चों को जहां अच्छा लगे वही आनंद आएगा। तीन से पांच वर्ष के बच्चे नींव के बच्चे हैं, इन बच्चों को सही शिक्षा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री हेमचंद ने बताया कि विद्या भारती शिशु वाटिका परिषद की अखिल भारतीय बैठक 10 फरवरी से 15 फरवरी इसी परिसर में चल रहा है। विद्या भारती ने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों का विकास कैसे हो, शिशु वाटिका की योजना रचना की गई है। खेल-कूद , कहानी के माध्यम से शिक्षण एवं संस्कार का अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। इसमे सत्र में 2024- 25 के कार्य की समीक्षा की गयी। सत्र 2025- 26 की कार्य योजना पर विचार विमर्श हो रहा है। शिशुओं के सर्वांगीण विकास में 12 व्यवस्थाओं पर आधारित क्रियाकलाप पर विस्तार से चर्चा हुई। बच्चों द्वारा शिशु नगरी मे बाल मेला का आयोजन किया गया, जो अभिभावकों, बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा। शिशु नगरी छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विज्ञान प्रयोगशाला, घर का स्वरूप ,बाल वाटिका ,खेल कूद आदि को आकर्षक रूप से सजाया गया ,जो बच्चों में भागों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी देखा।

# नि:शुल्क मेगा हैल्थ कैम्प का हुआ आयोजन


अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उ.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र जिला चिकित्सालय के तत्वाधान में श्री देवी मेला नुमाईश पण्डाल में निःशुल्क मेगा हैल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, हेल्थ कैंप का शुभारंम करते हुये मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हमें उन लोगों को एच.आई.वी. संक्रमण से बचाना है, जो ऐसे संक्रमित रोगियों के संपर्क में आते हैं या जिनके परिवार में कोई एच.आई.वी. से संक्रमित सदस्य मौजूद हो, हमें उन लोगों को भी एच.आई.वी. के संक्रमण से बचाना है जो सुई, इन्जेक्शन के माध्यम से नशा करते हैं या अपनी आदतों की वजह से एच.आईवी इन्फेक्शन के जोखिम में आते हैं। उन्होने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है, क्योंकि एच.आई.वी. संक्रमण वर्तमान में लाईलाज है, लेकिन इस बीमारी के के प्रति जागरूकता से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, कुछ



समय पूर्व यह बीमारी गंभीर थी लेकिन अब एच.आई.वी. की रोकथाम, निदान, प्रबंधन और देखभाल में प्रगति के साथ-साथ अवसरवादी संक्रमणों के लिए भी एच.आई.वी. से पीड़ित लोग लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. मदन लाल ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाईजेशन के दिशा-निर्देशन पर उ.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा जिला चिकित्सालय में एकीकृत परामर्श व उपचार केंद्र व यौनजनित संक्रमण क्लीनिक संचालित हैं, जिनमें लाभार्थियों की जांच पूरी गोपनीयता के साथ कि जाती है, सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में एक ही छत के नीचे एच.आई.वी., एड्स व यौनजनित संक्रमण से बचाव व उपचार से संबंधित सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रहीं हैं।


# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सतर्कता समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचने पर नोडल अधिकारी द्वारा खाद्यान्न का सत्यापन करने के पश्चात उचित दर विक्रेता द्वारा राशनकार्ड धारकों को गल्ले इत्यादि का वितरण किया जाय। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह वितरण समाप्ति के उपरान्त वितरण प्रमाण-पत्र तहसील स्तर पर एकत्रित किये जायें तथा सम्बन्धित एसडीएम द्वारा वितरण प्रमाण-पत्रों की समीक्षा भी की जाय। ई-केवाईसी प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अब तक 73.84 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। ई-केवाईसी में जनपद प्रदेश में 50वें स्थान पर है। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आधार अपडेशन सेन्टर का नियमित रूप से निरीक्षण कर अधिकाधिक कार्डधारकों के अपडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रगति में सुधार लाया जाय। अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शाप) निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-24 के 55 तथा वर्ष 2024-25 अन्तर्गत 01 भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष स्थानों पर भूमि का चिन्हांकन कर निर्माण कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिया कि जहां कहीं विवाद के कारण के अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य अनारम्भ की स्थिति में ऐसे स्थानों के लिए सम्बन्धित एसडीएम व बीडीओ को विवाद के समाधान हेतु पत्र प्रेषित कराया जाय ताकि अनारम्भ की स्थिति समाप्त हो सके। उचित दर दुकानों की समीक्षा में पाया गया कि जिले की 12 उचित दर दुकानें निलम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि निलम्बित दुकाने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय की कार्यवाही एक पक्ष के भीतर पूरी की जाय। जिले में रिक्त उचित दर दुकानों पर कोटेदार की नियुक्ति हेतु डीएम ने सम्बन्धित एसडीएम व बीडीओ को पत्र प्रेषित कराते हुए चयन की प्रक्रिया को एक माह पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी, पूर्ति निरीक्षक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# टूंडला सुभाष चौराहा से बेखौफ गुजर रहे ओवरलोड डंपर



अवधनामा संवाददाता

**डंपर मालिक आरएस उपाध्याय प्रशासन पर भारी**

**टूंडला।** नगर के सुभाष चौराहा से गुजरते ओवर लोड डंपरो का सिलसिला लगातार जारी है। बता दें आगरा से एटा की तरफटूंडला सुभाष चौराहा से होकर रोजाना दर्जनों रेत गिट्टी बालू के ओवर लोड डंपर गुजरते हैं, इन डंपरो पर आरएस उपाध्याय का साइन बोर्ड लगा हुआ है,जिन्हे रोकने की कोई प्रशासनिक अधिकारी हिम्मत नहीं करता रोजाना महीनों से ये ओवर लोड डंपर बेखौफहोकर गुजर रहे हैं। जबकि मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओवरलोड वाहनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। मीडिया द्वारा बार बार खबर प्रकाशित किए जाने के बावजूद परिवहन विभाग व अन्य कोई प्रशासनिक अधिकारी इन पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। जिससे प्रतीत होता है कि कहीं न कही डंपर मालिक की पहुंच बड़े सत्ता धारी राजनेताओं से है। इन ओवर लोड डंपरों में प्रेशर हॉर्न लगे हुए हैं जिससे छोटे वाहन चालक कई बार हड़बड़ाहट में एक्सीडेंट होकर चोटिल हुए हैं। वहीं इतनी बड़ी संख्या में रोजाना गुजर रहे इन डंपरों से सुभाष चौराहा पर जाम लग जाता है। आखिर कब लगेगी इन पर लगाम कब इन पर कार्यवाही की जाएगी यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई निर्माण मण्डल, बस्ती

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-04/अधी.अभि./2024-25**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.02.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 24.02.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 24.02.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल बस्ती के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, सरयू परियोजना-2, सिंचाई विभाग, उ0प्र0, गोण्डा के गठित समिति द्वारा ऑन लाइन खोली जायेंगी। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | संगठन का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) + स्टेशनरी चार्ज | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सरयू संगठन द्वितीय, गोण्डा | बस्ती शाखा के किमी0 124.080 से किमी0 125.300 के मध्य बॉयी पटरी पर सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 42.00 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.84 | 21 दिवस | 2496.00 | 'बी' या उच्च |
| 2 | | बस्ती शाखा के किमी0 135.200 से किमी0 136.450 के मध्य बॉयी पटरी पर सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 43.00 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.86 | 21 दिवस | 2508.00 | 'बी' या उच्च |
| 3 | | खलीलाबाद शाखा के किमी0 72.900 से किमी0 74.650 के मध्य बॉयी पटरी पर सेवा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 56.00 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 1.12 | 21 दिवस | 2661.00 | 'बी' या उच्च |

निविदा/बिड से संब ंधित समस्त विवरण/शर्ते आदि सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://up.gov.nic.in, http://information.up.nic.in, http://irrigation.up.nic.in एवं http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

UPID-228904 Dated-13-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई निर्माण मण्डल बस्ती

# परीक्षा को सकुशल एवं नकल विहीन संपन्न कराई जाए: डीएम

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं के संबंध में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा की परीक्षा को शकुशल एवं नकल विहीन संपन्न कराई जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा जो गलतियां पिछले वर्ष हुई वह इस वर्ष नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए एवं प्रत्येक कक्षा का कैमरा व रिकॉर्डर चालू रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र में खुद जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी बालिका परीक्षार्थी की तलाशी पुरुष द्वारा नहीं ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में रखे जायेंगे, जिसमें चार-डबल लौक अलमारी होंगी, जिसकी चाबी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश यदि दुबारा परीक्षा कराने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए चौथी डबल-लौक अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखे जाएंगे जिसकी चाबी संबंधित थाना अध्यक्ष के पास रहेगी।



डीएम, एस एस पी की अध्यक्षता में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं के संबंध में बैठक की गई

उन्होंने बताया कि परीक्षा की प्रथम पाली का समय 8:30 बजे से 11:45 व दूसरी पाली का समय 2:00 बजे से 5:15 तक है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम में नाइट विजन कैमरा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी त्रुटि उत्पन्न हो रहीं है उसका सुधार जल्द से जल्द परीक्षा से पूर्व कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 69 सैंटर हैं। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए कहा कि सभी डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाईव रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा का ऑडियो सहित रिकॉर्डिंग सुरक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की सभी गाइडलाइन्स को प्रिंट करके अपने ऑफिस में रखे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न कराई जाए। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

## आई.डी.बी.आई बैंक ने वंचित बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया

**सोनभद्र/दुद्धी।** आई.डी.बी.आई. बैंक रेणुकूट ने अपने सी. एस.आर.के माध्यम से सोनभद्र, ब्लाक- दुद्धी में स्थित प्राथमिक विद्यालय कटौली के बच्चों को पढ़ने लिखने में आत्मनिर्भर बनाने हेतु दिनांक 13 फरवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को आई.डी.बी.आई.बैंक द्वारा शहर से दूर सरकारी प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए अलमारी, कुर्सी ,ब्रेंच, वॉटर प्यूरीफायर, वाटर कूलर, ब्लैक बोर्ड तथा स्टेशनरी का सामान वितरित करवाया गया। देश के विकास में बच्चों की भागीदारी बहुत ही अहम होती है ऐसे में इनके पढ़ने लिखने तथा स्वालंबी बनाने वाली वस्तुएं प्रदान करना समाज तथा देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

## वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम हमीरपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन गीतांजलि गर्ग, अपर जिला जज /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आनंद सक्सेना चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, हरिनाम सिंह डिप्टी, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल व वृद्धाश्रम हमीरपुर के प्रबन्धक, जितेन्द्र सिंह, सहायक प्रबन्धक पूनम तिवारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर की पी.एल.वी. छाया उपस्थित रही। विधिक साक्षरता शिविर में करीब 120 महिला एवं पुरूष वृद्धजन उपस्थित पाये गये। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गीतांजलि गर्ग द्वारा वृद्धजनों को उनके अधिकारो के बारे जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चीफ व डिप्टी द्वारा वृद्धजनों की समस्या को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। वृद्धजनों द्वारा पेंशन न प्राप्त होने तथा चिकित्सा सम्बन्धी एवं पारिवारिक विवाद सम्बन्धी समस्याएँ बताई जिनका निराकरण करने हेतु छाया पी.एल.वी. को निर्देशित किया गया की उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें। जिससे वृद्धजनों की समस्या का निस्तारण हो सके। सभी वृद्धजनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर की ओर से बिस्कुट वितरित किये गये।

## राजकीय आश्रम पद्धति (बालिका) विद्यालय स्थल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण



निर्माण कार्य शुरू कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा आज राबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड नगवा के ग्राम पंचायत सियरिया में 48 करोड़ की लागत से 490 छात्राओं के आवासीय क्षमता की राजकीय आश्रम पद्धति (बालिका) विद्यालय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 के प्रतिनिधि व जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाये, ताकि निर्धारित समय में विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा कराया जा सके। उन्होंने निर्माण के कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये, ताकि इसकी मजबूती भविष्य में भी बनी रहें। इसमें प्रयोग की जानी वाली सामग्री की गुणवत्ता भी बेहतर हों, इसका भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जितना जल्दी पूरा होगा, यहां के आदिवासी बच्चों के पठन पाठन का कार्य भी शुरू कराया जा सके। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि लेखपाल के माध्यम से जल्द से जल्द सीमांकन का कार्य पूरा करा लिया जाये, जिससे निर्माण कार्य शुरू करने में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति, तहसीलदार सदर अमित कुमार, खण्ड विकास अधिकारी नगवां सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## खसरा रजिस्टर के प्रकाशन लिस्ट करने को सौंपा पत्र



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** राबट्सगंज नगर की सबसे बड़ी समस्या खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के लिए सदर विधायक भुपेश चौबे को शुक्रवार को उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने ज्ञापन सौपा जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि बर्षो से नगर पालिका परिषद सोनभद्र के खसरा रजिस्टर बनाने के लिए उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र संर्धषरत है अथक प्रयासों से पूरे नगर में सर्वे के बाद खसरा रजिस्टर बना लेकिन अभी तक प्रकाशन नहीं हो सका जिला प्रशासन से सम्पर्क करने पर जानकारी मिली कि खसरा रजिस्टर प्रकाशित करने के लिए नगर पालिका परिषद सोनभद्र को भेज दिया गया है साथ ही रामलीला मैदान परिसर में होने वाले आयोजनो में मांस मदिरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जिला महामंत्री राजेश बंसल ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के व्यापारियों नागरिको की बहुत बड़ी समस्या है जिला बरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल ने कहा की जनहित में खसरा रजिस्टर का प्रकाशन अबिल्मब कराया जाय जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल जिला युवा अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के बाद जमीनो से सम्बन्धी समस्याओं का समाधान हो सकेगा नगर अध्यक्ष आनन्द प्रकाश जायसवाल ने कहा कि आये दिन हो रहे विवादो पर अंकुश लगेगा।

## निराला नगर सीसी रोड का अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित वार्ड 23 निराला नगर 120 मीटर सड़क सीसी रोड का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा निरीक्षण कर किया गया लोकार्पण। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर तेजी गति दी गई है जिसके क्रम में आज वार्ड 23 निराला नगर 120 मीटर सीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदार के को दिशा निर्देशित किया गया की गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया गया जिस पर बताया कि आम जनमानस की शिकायत उपलब्ध न हो जिसके बाद लोकार्पण करते हुए कार्य शुभारंभ कराया। वहीं आपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 23 में पशु अस्पताल से प्राथमिक स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कर 15वां वित अनटाइड ग्रांट मद से सड़क निर्माण कार्य कराया गया।

## कार की टक्कर से वृद्धा की मौत, युवक गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में हुए दो अलग अलग हादसों में एक वृद्धा सहित दो लोग गंभीर रूप में घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।जहां पर वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला पूर्वी तरौस तकिया निवासी मूर्ति देवी (65) पत्नी महिपाल शुक्रवार सुबह घर के निकट धूप सेंक रही थी तभी मोहल्ले के युवक द्वारा फोर व्हीलर निकालते समय वृद्धा को टक्कर लग गई जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कस्बे के मराठीपुरा निवासी तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अमित कुमार (37)पुत्र मुकुंद बिहारी को गुरुवार देर शाम तहसील रोड में पुराने एचडीएफसी बैंक के सामने ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।दोनों घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से दोनों को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।दोनों के सर में गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।वहीं गंभीर चोंटों के चलते वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई जिसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही कोतवाली पुलिस द्वारा कराई जा रही है।

# एनटीपीसी विंध्याचल को आईपीएस 2025 समारोह में चार प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता को साबित करते हुए आईपीएस सम्मेलन 2025 में चार प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कारों पर कब्जा जमाया। इनमें ओ एंड एम उत्पादकता के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, मानव संसाधन प्रैक्टिसेस के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, स्वर्ण शक्ति पुरस्कार में कुल विजेता (ओवर आल) और बिजनेस एक्सीलेंस (बीई) के लिए चैंपियन और ओवरऑल एक्सीलेंस पुरस्कार शामिल हैं। इस तरह की सफलताओं का श्रेय एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख एवं कर्मचारियों की वचनबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य शैली तथा समर्पण को जाता है। एनटीपीसी विंध्याचल की यह सफलता उसकी ऑपरेशनल एक्सीलेंस की दिशा में लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है। उच्च गुणवत्ता वाले रखरखाव, कार्यकुशलता में सुधार और पर्यावरणीय स्थिरता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इसने पावर जनरेशन में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं और विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। इसके अलावा, एनटीपीसी विंध्याचल की सफलता के पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण उसका पीपुल्स फ़र्स्ट फिलोसोफी है। यह न केवल कर्मचारियों के लिए निरंतर सीखने और नेतृत्व विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि इसके मानव संसाधन प्रैक्टिसेस ने एक प्रेरित और समर्पित कार्यबल का निर्माण किया है। इन पहलों ने न केवल कर्मचारियों की भागीदारी और भलाई को बढ़ावा दिया है, बल्कि यह एनटीपीसी विंध्याचल को एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार कंपनी के रूप में स्थापित करने में भी सहायक रही हैं। इनकी सभी पहलों का समर्थन एनटीपीसी विंध्याचल की बिजनेस एक्सीलेंस यात्रा में होता है, जहाँ नवाचार, प्रक्रिया अनुकूलन और स्थिरता प्रमुख आधार हैं।यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) और सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) को प्राप्त हुआ।एनटीपीसी विंध्याचल की यह अभूतपूर्व जीत उसकी उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास और कर्मचारियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सफलता एनटीपीसी विंध्याचल को भारतीय पावर क्षेत्र में एक और मजबूत कदम बढ़ाने में मदद करेगी। एनटीपीसी विंध्याचल को विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राप्त अवार्डो पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने सभी परियोजना कर्मियों तथा विभिन्न यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए इसे आगे भी बनाए रखने पर बल दिया। इस पुरस्कार से एनटीपीसी विंध्याचल के सभी कर्मचारी प्रफुल्लित हैं।

## बांदा क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में बांदा किंग्स ने मारी बाजी

Bcl (बांदा क्रिकेट लीग)

कृष्णा सिंह बने मैन ऑफ द मैच

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** फाइनल मुकाबला बांदा चैलेंजर 1s बांदा किंग्स खेला गया। जिसमें बांदा किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया जिसमें चैलेंजर ने पहले बैटिंग करते हुए 16.2 ओवर में 96 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें गौरव यादव ने 21 रनो ओर युवराज ने 15 रन बनाए जिसमें लवलेश यादव ने 3 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए यदुवेन्द्र यादव ने 2 ओवर में 1 मेडन 1 विकेट लिया जिसके जवाब बैटिंग करने उसरी बांदा किंग्स ने महज लक्ष्य बांदा किंग्स की टीम 15.3 ओवर मे 6 विकेट से जीत हासिल किया । मैन ऑफ द मैच कृष्णा सिंह 58 रन बनाए और प्रकाश ने 19 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा सिंह को चन्द्र मौली भारद्वाज संजय मिश्रा राम किशोर राम मिलन गुप्ता और चंद मौली भारद्वाज रेहान खान और प्रदीप गुप्ता के हाथों से दिया गया। बांदा किंग ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया जिसमें प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन के साथ खिलाड़ियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र पांडे (विज्जुभाई ) ने खिलाड़ियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री चन्द्र मौली भारद्वाज ने सबका आभार व्यक्त किया। सीनियर खिलाड़ी अजय कुमार अबरार फारूकी दीपांक मेहरा क्रीड़ा सचिव राम मिलन गुप्ता, प्रदीप गुप्ताऔर संदीप नामदेव, सुनील सक्सेना, आदिल अहमद दुर्गेश भदौरिया विजय राय रेहान खान रामकिशन सोनी, मोहम्मद अहमद, अब्बास,रामकिशोर, स्कंद भारद्वाज अजय वर्मा, कुलदीप त्रिपाठी प्राचार्य डी आर पब्लिक स्कूल , पीयूष द्विवेदी, शैलेंद्र, अजहरअहमद ,विकास कुमार,कृष्णा सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को रॉबर्ट्सगंज स्थित आरएसएम इंटर कालेज मे शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बताया कि यह हमला न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक बड़ा आघात था। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद वास्तव में पूरी मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो निर्दोष लोगों की जान लेता है और समाज में भय और अस्थिरता फैलाता है। इसके खिलाफ एकजुट होना और सामूहिक रूप से लड़ना आवश्यक है।हमें उन जवानों की बहादुरी और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने अपनी जान देकर देश की रक्षा की। हमें उनकी स्मृति को सम्मानित करने और उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति दिखाने का प्रयास करना चाहिए। अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि आज, इस हमले को छह साल हो गए हैं, लेकिन शहीद जवानों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भूलेगा. हर साल 14 फरवरी को पूरे भारत में इन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है. पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दिया. यह दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए आतंकवाद पूरी मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरा विश्व इसके खिलाफ एकजुट है। श्रद्धांजलि सभा में आलोक रावत अनुराग रवि भारती कन्हैया कनौजिया संतोष सिंह राजेश पटेल शिवदास विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खनिज फॉउन्डेशन न्यास निधि के अन्तर्गत बैठक का आयोजन



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं जनप्रतिनिधियों विधायक सदर डॉ. मनोज प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी की उपस्थिति में जिला खनिज फॉउन्डेशन न्यास निधि के अन्तर्गत कार्य करने हेतु प्रस्ताव/आगणन के सम्बध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया। जिसमें खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा,स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों पर विकास कार्यो संबधी परियोजनाओं की स्वीकृत प्रदान की गयी जिसमें 200 स्कूलो में स्मार्ट क्लास बनाने, स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था तथा जिला चिकित्सालय में चिकित्सा उपकरण तथा खनन प्रभावी क्षेत्रों में सड़क निर्माण आदि के कार्य कराये जायेगे। इस अवसर पर खान अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छह वर्ष पूर्व पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** छह वर्ष पूर्व पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के सैनिकों को शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। श्री सत्य नारायण समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नुमाइश मैदान पर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर पुलवामा के बलिदानियों श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। संस्थान की सचिव डॉ. ज्योति वर्मा ने पुलवामा कायराना हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर मां भारती के प्रति अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर बलिदानी वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया। कहा कि राष्ट्र आपके अद्वितीय त्याग और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा। आपका यह बलिदान राष्ट्र सेवा के लिए आने वाली पीढियों को प्रेरित करता रहेगा। विनम्र श्रद्धांजलि। इस दौरान संस्थान की अध्यक्ष मनोरमा वर्मा, सदस्य मुकेश बाबू, गुलशन कुमार, प्रधानाचार्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरबिया टोला की प्रधानाध्यापिका शिखा पाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशांत दीक्षित, शालिनी वर्मा, राजेश वर्मा, प्रवक्ता योगेश वर्मा, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से सांस्कृतिक मंत्री मनोरमा वर्मा, डॉ श्रीकांत, इंजीनियर राजेश कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### फरियादी को 12 साल बाद मिला इन्साफ



**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकासखंड के पट्योरा गांव निवासी कल्याण सिंह पुत्र जयबहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की जनसुनवाई के दौरान उपस्थित होकर जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम समाज में 580 खाद के गड्डे और 585 बीहण ग्राम समाज की जमीन पर प्रभावशाली लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये हुए हैं। उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराये जाने हेतु वे पिछले 12 वर्षो से लम्बी लड़ाई लड़ने के बाद जिलाधिकारी के संज्ञान में जैसे ही यह बात प्रकाश में आई जनपद के लोकप्रिय जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल समस्या का निस्तारण करते हुए तत्काल एसडीएम सदर एवं पुलिस टीम द्वारा सुशासन एवं जनमानस के लिए सरकार की प्रतिबद्वता को बेहद सकारात्मक संदेश दिया है। जिनकी आम जन मानस में प्रसंशा हो रही है।

### चोरो ने कृषि कार्यालय का दरवाजा तोड़कर की चोरी

**राठ।** नगर के बारह खम्बा मे स्तिथ कृषि कार्यालय मे गुरुवार रात अज्ञात चोरो ने दरवाजा तोड़कर सरकारी कागजात सहित अन्य जरुरी सामान की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। कस्बे के बारहखम्बा स्थित कृषि कार्यलय मे कार्यरत राजेश कुमार ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया की परिचालक मुरारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल देव परिसर मे रहते हे। उन्होंने सुबह करीब पांच बजे फोनकर बताया की कार्यलय का मुख्य दरवाजा टूटा हे। जब वहां जाकर देखा की अंदर रखे जरुरी कागजात एवं अन्य सामान गायब हे। जिसकी लिखित सूचना थाने और सम्बंधित अधिकारियो को दी। कस्बे मे बढ़ रही चोरी की घटनाओ से कस्बे वासियो मे भय का माहौल बना हुआ हे। चोरी की घटनाओ का अनवरण न कर पाना पुलिस प्रशासन के लचर रवैया को उजागर करता हे। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी रामआसरे सरोज ने जाँच कर घटना का जल्द खुलासा करने की बात कही।

### अध्यापकों और छात्रों में विवाद, सौंपी गई तहरीरें

**मौदहा हमीरपुर।** इण्टर मीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा देने पहुंचे छात्र का किसी बात को लेकर अध्यापकों से विवाद हो गया जिसके बाद स्कूल की ओर से छात्र को पुलिस को सौंप दिया गया है और छात्र के साथियों के विरुद्ध शिकायती पत्र सौंपा गया है जबकि छात्र की ओर से भी अध्यापकों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौपा गया है। कस्बे के नेशनल इण्टर कालेज में इण्टर के संस्थागत छात्र मोहित का दूसरे छात्रों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया शिक्षकों का आरोप है कि मोहित ने बाहरी युवकों को बुलाकर उनके साथ अभद्रता और पत्थरबाजी की है जबकि छात्र मोहित ने अपने शिकायती पत्र में शिक्षकों पर सीसीटीवी कैमरे बंद कर लात घूसों से मारने का आरोप लगाया है। मामला कुछ भी हो लेकिन कालेज के अंदर शिक्षक और छात्र का विवाद गुरु शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने वाला है जिसपर गंभीरता से विचार करना होगा।

# नशा विरोधी अभियान: नशा समाज के लिए एक अभिशाप है: अफ्फान

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नशा समाज के लिए एक अभिशाप है, आजकल नशे के विभिन्न रूप जैसे शराब, ड्रग्स, गांजा, भांग आदि का प्रयोग दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। खासकर हमारे राज्य में शराब की खपत देश में सबसे ज्यादा है और युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है, यदि हमारे समाज में नशे की लत को नहीं रोका गया तो आगे चलकर इसके बहुत घातक परिणाम होंगे। उक्त विचार जमात-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम द्वारा व्यक्त किये गये। मौलाना अफ्फान मीर शमसी ने कहा कि हमारे समाज में कई बुराइयां फैल रही हैं जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं, उनमें नशे की बुराई सबसे घातक और चिंताजनक है, यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को नष्ट करता है बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन की जड़ों को भी कमजोर करता है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी ताकत और भविष्य खो रही है। इसके कारण अपराध, स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक तंगी जैसी कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। नशा सामाजिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बन रहा है, जिसे जड़ से खत्म करना होगा। इसकी गंभीरता को देखते हुए जमात-ए-इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश मगरेब ने ÷नशा मुक्त समाज हमारी प्रतिबद्धता÷शीर्षक के तहत नशा विरोधी अभियान मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि नशे का आदी व्यक्ति किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार रहता है। नशे की हालत में वह नैतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक शक्ति को नष्ट कर देता है। जिसके कारण उन्हें कई आर्थिक और सामाजिक समस्याएं घेर लेती हैं और उनके परिवार को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नशे की लत के कारण घरेलू हिंसा, व्यभिचार आदि जैसी गंभीर घटनाएं घटित होती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और धार्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और मजबूत समाज बनाने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ काम करना होगा। फिलहाल सरकार नशे पर रोक लगाने के लिए कोई गंभीर कदम नहीं उठा रही है। हर जिले में नशा मुक्ति केंद्र हैं और अन्य परियोजनाएं आ रही हैं लेकिन नशे की लत वालों की संख्या बढ़ रही है। ऐसी विकट परिस्थिति में बुद्धिजीवियों और धार्मिक नेताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बुराई को समाज के सामने रखें। नशे पर इस्लाम की शिक्षाएँ बहुत स्पष्ट हैं। इस्लाम अपने अनुयायियों को किसी भी परिस्थिति में नशा करने की इजाजत नहीं देता। साथ ही हम यह भी मानते हैं कि सांसारिक जीवन वास्तविक जीवन नहीं है। उसके बाद एक पुनर्जन्म होगा जिसमें मनुष्य अपने अच्छे और बुरे कर्मों का हिसाब देगा। ईश्वर के आदेश का पालन करने की अवधारणा के तहत मनुष्य बुरे कर्मों से बच सकता है। जमात-ए-इस्लामी हिंद एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहता है जहां शांति, शांति और न्याय हो और समाज का हर सदस्य हर स्तर पर हो बुराइयों को दूर करने का प्रयास करें। इस अभियान के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। संगोष्ठी, सार्वजनिक संबोधन, शुक्रवार के उपदेश, कोने की बैठकें, व्यक्तिगत और समूह की बैठकें, स्कूल और कॉलेज के व्याख्यान, मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार, महिलाओं, छात्रों और युवाओं के लिए अलग-अलग कार्यक्रम, सरकार और समाज के प्रभावशाली लोगों के साथ बैठकें और बैठकें, नशा मुक्ति केंद्रों का दौरा, नशा मुक्ति में शामिल। लोगों के साथ आसन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। हम सभी नागरिक राज्य से अपील करते हैं कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और नशा मुक्त समाज बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इस अवसर पर नाज़िमे ज़िला इल्तिमाश अहमद अमीरें मुक़ामी मज़हर उद्दीन साहब हाजी नसीम साहब ज़फ़र उद्दीन साहब एस आई ओ के ज़िम्मेदार हसन राईन ज़ैद उद्दीन मौजूद रहे।



# स्वच्छता के वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर बढ़ा महाकुम्भ

## 300 स्वच्छताकर्मियों ने एक साथ 3 अलग-अलग घाटों पर सफाई अभियान चलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड की दिशा में किया प्रयास



### 15 हजार स्वच्छताकर्मी एक साथ सफाई अभियान का बनाएंगे रिकॉर्ड

एक साथ नदी सफाई के वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब मेला प्राधिकरण शनिवार को भी एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाएगा। यह रिकॉर्ड सबसे बड़ी सिंक्रोनाइज्ड स्वीपिंग ड्राइव का होगा। इसके अंतर्गत, 15000 प्रतिभागियों द्वारा एक समन्वित सफाई गतिविधि को पूरा किया जाएगा। इस रिकॉर्ड का महत्व महाकुम्भ मेले के आंतरिक मूल्यों के रूप में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, जो प्रमुख स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के संदेश को मजबूत करेगा। इससे पहले मेला प्रशासन ने 2019 में 10 हजार प्रतिभागियों के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था, जिसे इस बार सुधारने की पहल की जा रही है।

### पूरी प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रयागराज में जारी महाकुम्भ की ग्लोबल इमेज को देखते हुए सरकार ने नदी की सफाई को लेकर जन जागरुकता अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान की वजह से महाकुम्भ में आ रहे करोड़ों श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पावन, निर्मल और स्वच्छ जल में स्नान कर रहे हैं। अब इसी अभियान को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में प्रमाणिकता मिलने जा रही है। मेला प्राधिकरण की विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आकांक्षा राना ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सबसे बड़ी नदी सफाई अभियान के रिकॉर्ड्स की स्थापना का लक्ष्य रखा गया था, जिसे आज पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण किया गया है। इसके तहत गंगा नदी पर बने तीन घाटों (राम घाट, भारद्वाज घाट और गंगेश्वर घाट) पर एक साथ गंगा सफाई अभियान चलाया गया। आधे घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान के माध्यम से नदी और घाटों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता का भी प्रसार किया गया। इस सफाई अभियान में कुल 300 से ज्यादा सफाई कर्मी शामिल हुए। इस तरह का अभियान पहली बार बनाया गया है।

■ आई विटनेसेज के सामने चली प्रक्रिया

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती न केवल भव्य महाकुम्भ-2025 के रूप में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षात्कार कर रही है, बल्कि संगमनगरी ऐतिहासिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की भी साक्षी बन रही है। 50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान के वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही तीर्थराज ने शुक्रवार को स्वच्छता की दिशा में भी एक अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। इसके तहत, 300 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने एक साथ अलग-अलग घाटों पर गंगा की सफाई कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से सभी निर्धारित प्रक्रिया को अपनाया गया। अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि इस पूरी प्रक्रिया को वेरिफाई करेंगे और इस रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के बाद इसका सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद यह अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड होगा, जहां एक साथ इतने सफाई कर्मियों ने अलग-अलग घाटों पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक नदी की सफाई का अभियान चलाया।

आकांक्षा राना ने बताया कि इस अभियान को देखने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। साथ ही, इस प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए आई विटनेसेज के रूप में इनवॉयरमेंटलिस्ट और एमएनआईटी के प्रोफेसर्स भी मौजूद थे। अब इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई, जिसे देखने और वेरीफाई करने के बाद इस रिकॉर्ड को मान्यता दी जाएगी। इस रिकॉर्ड का उद्देश्य न केवल विश्व रिकॉर्ड हासिल करना है, बल्कि पवित्र नदियों के संरक्षण के लिए महाकुम्भ के समर्पण को भी उजागर करना है। इसके माध्यम से पारिस्थितिक संरक्षण और प्राकृतिक पर्यावरण के साथ आध्यात्मिक संबंध के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

# जल कलश के माध्यम से हरित महाकुम्भ में सहयोग

■ 20 हजार से अधिक प्लास्टिक की बोतलें जुटाई

■ महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना है अरैल घाट पर स्थित जल कलश



महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कई अनूठे प्रयोग किए गए हैं। इसी कड़ी में जल कलश पहल महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी स्थापना अरैल घाट सेक्टर 24 निषाद राज मार्ग में की गई है। जल कलश में कुम्भ क्षेत्र में प्रयोग की गई पानी की बोतलों को इकठ्ठा किया गया है और इन बोतलों को रिसाइकिल करके उपयोग में लाया जायेगा, जिससे प्रकृति में इन प्लास्टिक की बोतलों का दुष्प्रभाव न पड़ सके।अभियान के दौरान 20,000 से अधिक प्लास्टिक की बोतलें एकत्र की गई हैं। नमामि गंगे मिशन के पूर्व महानिदेशक जी अशोक कुमार के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से जल कलश पहल को शुरू किया गया है। जल कलश पहल 1 फरवरी से 20 फरवरी, 2025 तक एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित 20-दिवसीय अभियान है। स्थानीय स्तर पर आदर्श सेवा समिति व मंगल भूमि फाउंडेशन इस पहल में सहयोग कर रही हैं। जी अशोक कुमार कहते हैं कि महाकुम्भ को हरित महाकुम्भ बनाने की दृष्टि से कुंभ क्षेत्र में उपयोग की गई प्लास्टिक की बोतलों को कलेक्ट करके हमने छोटा सा प्रयास हरित कुम्भ की ओर किया है। इस कुंभ क्षेत्र में जल कलश की स्थापना कर यह संदेश दिया गया है कि मां गंगा की अविरलता और निर्मलता में यह प्लास्टिक बाधा है। इन प्लास्टिक की बोतलों को एक कलश में रखकर यह दर्शाने की कोशिश की गई है कि प्लास्टिक को गंगा और गंगा के क्षेत्र में नहीं जाने देना है, जिससे हमारी गंगा अविरल और निर्मल रहे। पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता रामबाबू तिवारी बताते हैं कि मां गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए समाज को अलग-अलग तरीके से प्रयास करने होंगे। जिस प्रकार से इस बार कुम्भ में एक थाली एक थैला अभियान के माध्यम से गंगा में प्रदूषण होने से बचाया गया, इस प्रकार से जल कलश के माध्यम से भी गंगा को प्रदूषण होने से रोका गया है। अलग-अलग प्रकार की संस्थाएं अलग-अलग तरीके से अपनी हरित कुम्भ की ओर अग्रसर हैं, उसमें डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स और एचसीएल फाउंडेशन द्वारा किया गया यह पहल बहुत ही सराहनीय है। जल कलश पहल में प्रमुख रूप से मीरा देवी, अरुण कुमार, राज, ऋषिका, यशी, सतीश समेत बहुत सारे स्वयं सेवक हिस्सा ले रहे हैं।

# महाकुम्भ को बदनाम करने वालों पर पुलिस सख्त



■ 54 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

■ भ्रामक और फर्जी वीडियो पोस्ट करके सोशल मीडिया पर फैला रहे थे अफवाह

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025की जहां एक तरफ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे तत्व भी कम नहीं है, जो सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट कर के सनातन धर्म के इस सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यूपी पुलिस ऐसे कुत्सित प्रयास करने वालों से सख्ती बरत रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस सोशल मीडिया पर 24X7 पैनी नजर रख रही है। इसी क्रम में पुलिस ने अबतक 54 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए जनता में अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे।

### दो प्रमुख भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर हुई कार्रवाई

13 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान दो वीडियो को पुलिस ने विशेष संज्ञान में लिया, जिन्हें महाकुम्भ से जोड़कर भ्रामक रूप से प्रस्तुत किया गया था। इनमें मिस्र के अग्निकांड को महाकुम्भ की आग बताते हुए पोस्ट किया गया था। यह वीडियो मिस्र में वर्ष 2020 में हुई एक तेल पाइपलाइन दुर्घटना का था, जिसे यह कहकर प्रसारित किया गया कि महाकुम्भ बस स्टैंड में आग लगी, 40-50 गाड़ियां जलकर राख हो गईं। इस अफवाह को फैलाने वाले सात सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कोतवाली कुम्भ मेला में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरे वीडियो में पटना की घटना को महाकुम्भ से जोड़ा गया। यह वीडियो बिहार में एक फिल्म प्रमोशन इवेंट के दौरान हुई अव्यवस्था का था, जिसे महाकुम्भ से जोड़कर यह अफवाह फैलाई गई कि कुम्भ में राष्ट्रवादी लोगों ने आर्मी जवानों पर चप्पलें फेंकी। इस पोस्ट के लिए 15 सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

### मिस्र की घटना को महाकुम्भ 2025 से जोड़ने वाले इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर हुई कार्रवाई

1- India With Congress (@UWCforYouth) एक्स (ट्विटर)
2- Harindra Kumar Rao (@kumar.harindra.rao) इंस्टाग्राम
3- Anil Patel (@_v_y_x_anil_patel) इंस्टाग्राम
4- Vishal Babu (@a.v.r_rider_®) इंस्टाग्राम
5- Nemi Chand (@nemichand.kumawat.w®ww) इंस्टाग्राम
6- Sifa Bhadoriya (@bhadoriya{w}z) इंस्टाग्राम
7- Hello prayagraj (@Hello_Prayagraj) यू-ट्यूब

**पटना की घटना को महाकुम्भ का बताने वाले इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर हुई कार्रवाई**

1- Inderjeet Barak (@inderjeetbarak) एक्स (ट्विटर)
2- SUNIL (@sunilv~~|_) एक्स (ट्विटर)
3- Nihal Shaikh @mr_nihal_sheikh एक्स (ट्विटर)
4- Dimple (@Dimple77806999) एक्स (ट्विटर)
5- Sat Sewa (@lalitjawla76) एक्स (ट्विटर)
6- Sandesh Vatak News (@Sandeshvataksv) एक्स (ट्विटर)
7- lokesh meena (@LOKESHMEEN46402) एक्स (ट्विटर)
8- राज सिंह चौधरी @RajSingh_Jakhar एक्स (ट्विटर)
9- Yunus Alam (Facebook account)
10- Aminuddin Siddiqui (Facebook account)
11- अरविंद सिंह यादव अहीरवाल (Facebook account)
12- Shivam Kumar Kushwaha (Facebook account)
13- Jain Renu (Facebook account)
14- Amit Kumar II (Facebook account)
15- मेहत्तर एक योद्धा बलिया (Facebook account)

**इससे पहले भी हो चुकी है फेक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई**

बता दें कि विगत एक माह में महाकुम्भ मेले को बदनाम करने वाले विभिन्न प्रकार के भ्रामक पोस्ट और वीडियो वायरल किए गए, जिनमें से प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं-

13 जनवरी 2025 : एक ट्विटर अकाउंट ने फायर सर्विस की मॉक ड्रिल का वीडियो पोस्ट कर इसे वास्तविक आग की घटना बताया।

02 फरवरी 2025 : नेपाल के पुराने वीडियो को महाकुम्भ की भगदड़ का वीडियो बताकर पोस्ट करने पर सात अकाउंट पर कार्रवाई।

07 फरवरी 2025 : संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ को भगदड़ के रूप में दिखाने वाले एक फेसबुक अकाउंट पर एफआईआर।

09 फरवरी 2025 : झारखंड के धनबाद की घटना को महाकुम्भ से जोड़ने वाले 14 ट्विटर अकाउंट के विरुद्ध मुकदमा।

12 फरवरी 2025 : वर्ष 2021 में गाजीपुर में मिले शवों की तस्वीरों को महाकुम्भ से जोड़ने वाले सात अकाउंट पर कार्रवाई।

**महाकुम्भ के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपनाई है विशेष रणनीति**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर पेट्रोलिंग की व्यापक रणनीति तैयार की है।

# युवा पीढ़ी अपनी क्षमता का श्रेष्ठतम योगदान देश को आगे बढ़ाने में लगाये: जयवीर सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**



■ पर्यटन मंत्री ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 के आयोजन के अंतर्गत क्विज तथा रील मेकिंग कम्पटीशन में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में युवाओं की बड़ी भूमिका है। एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी इनके कंधों पर है। इसलिए इन्हें जीवन के हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश एवं देश को ऊंचाईयों तक पहुंचाने में इन्हें अपनी क्षमता एवं पराक्रम का श्रेष्ठतम योगदान देने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को क्विज का आयोजन किया गया था। विजेता विद्यार्थियों को आज मीटिंग से पहले मंत्री ने सम्मानित किया। प्रथम विजेता एलपीएस जानकीपुरम, लखनऊ की टीम को 50,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसमें तीन छात्र श्रेयस दीक्षित, दिव्या आर्यन और राज आर्यन गौतम शामिल हैं। द्वितीय विजेता आर्मी पब्लिक स्कूल नेहरू रोड लखनऊ की टीम को 30,000 रुपए का चेक दिया गया। इसमें अंशिका दुबे, आयाशी यादव, अवनी यादव शामिल हैं। इसके साथ ही तृतीय पुरस्कार एसकेडी एकेडमी वृंदावन योजना की टीम लखनऊ को 20,000 रुपए दिया गया। इस टीम में अनामिका, मुदित सिंह और निकुंज सिंह हैं। पर्यटन दिवस पर मिलेनियम माइंड एवं फन क्रू के सहयोग से रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सर्वाधिक लाइक्स के आधार पर चयनित सितांशु सागर, शैलजा शर्मा, आदित्य जायसवाल और हर्ष त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। गौरतलब है, कि राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न जनपदों में युवा पर्यटन क्लबों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसमें लगभग 4000 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रथमा विजेता को एचएमडी मोबाइल कंपनी की ओर से टैबलेट देकर सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन सुईशा प्रिया, प्रबंध निदेशक उ0प्र0 पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा, पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र, पर्यटन सलाहकार जे0पी0 सिंह, उपनिदेशक दिनेश एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बसपा के पूर्व काआर्डिनेटर ने अपने साथियों के साथ थामा कांग्रेस का दामन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जनहित के मुद्दों पर किये जा रहे संघर्ष से प्रेरित होकर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व कोआर्डिनेटर नवीन सक्सेना ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नवीन कुमार सक्सेना पूर्व में बसपा के मोहनलालगंज और उन्नाव कोआर्डिनेटर व जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व लखनऊ के शहर अध्यक्ष रहे हैं। श्री सक्सेना भारतीय बेरोजगार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। प्रदेश कांग्रेस ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने नवीन सक्सेना व समर्थकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। नवीन सक्सेना के साथ माया सिंह, प्रज्ञा निगम, ममता सक्सेना, शाहिद इजहार हुसैन, विनय दीक्षित सहित अन्य ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर कांग्रेस को मजबूत करने और कांग्रेस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

## प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा मंत्री और यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के उपगवर्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 'उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में बनेगा वैश्विक स्तर का उत्पादक राज्य'

■ जापानी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सहयोग का दिया आश्वासन

■ जापान की यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी उत्पादन, आपूर्ति, बिक्री व अन्य सेवाओं में करेगी सहयोगः




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, तकनीकी विकास, सेन्टर आफ एक्सीलेंस व आपूर्ति के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, निवेश प्रोत्साहन, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति तथा आपसी समन्वय के लिए 23 दिसम्बर, 2024 को उ0प्र0 सरकार तथा यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के बीच समझौता ज्ञापन हुआ था। इस समझौते ज्ञापन के तहत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा तथा जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर (प्रांत) के उप गवर्नर को ओसादा की मौजूदगी में गुरुवार को लखनऊ के ताज होटल में चर्चा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी यूपी नोएडा अनुपम शुक्ला, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर आईआईटी कॉलेज के प्रोफेसर तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार के सलाहकार मिव नीरेंद्र उपाध्याय तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार में अंतर्राष्ट्रीय रणनीति क्षेत्र के निदेशक कोईची फुरुया उपस्थित रहें।ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा और जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर प्रांत के उप गवर्नर की अध्यक्षता में गुरुवार को लखनऊ के ताज होटल के मुलाकात कॉन्फ्रेंस हॉल में देर शाम जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी यूपीनेडा द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और अभी तक प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

# मदनी मस्जिद ध्वस्तीकरण, योगी सरकार की घृणास्पद नीति का विस्तार है

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राज्यपाल को पत्र लिख कर कुशीनगर के हाटा स्थित मदनी मस्जिद के हिस्से को ध्वस्त किये पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्पष्टीकरण मांगने के साथ ही केन्द्र सरकार को योगी सरकार की द्वेषपूर्ण कार्रवाई से अवगत कराने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हाटा में वर्ष 1999 में स्थापित मदनी मस्जिद के हिस्से का ध्वंस योगी सरकार की घृणास्पद साम्प्रदायिक नीति का विस्तार है। 26 साल पहले मस्जिद का निर्माण हुआ था, जिसके लिए भवन के नक्शे की मंजूरी भी ली गयी थी। सरकारी नोटिस के बाद मस्जिद के पक्षकारों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी और 8 फरवरी तक स्थगनादेश प्राप्त किया था, लेकिन स्थगनादेश की तिथि खत्म होने के अगले ही दिन 9 फरवरी को मस्जिद के हिस्सों को ढहाने की कार्रवाई कर दी गयी। राज्यपाल को लिखे पत्र में श्री राय ने कहा कि प्रकरण से साफ है कि योगी सरकार प्रदेश में घृणास्पद साम्प्रदायिक आधार पर नागरिकों के पूजा स्थलों के अस्तित्व को मिटाने पर आमादा है।

# वक्फ को खत्म करने की हो रही साजिश : मौलाना कल्बे जवाद

**अवधनामा ब्यूरो**

■ जगदम्बिका पाल ने असंबंधित व्यक्तियों को महत्व दिया

■ वक्फ बिल में 14 धाराएं हैं जो सभी वक्फ के खिलाफ हैं : मालाना कल्बे जवाद



**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने केन्द्र सरकार के संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह वक्फ संशोधन बिल नहीं वक्फ खत्म करो बिल है। बिल में 14 धाराएं हैं जो सभी वक्फ के खिलाफ हैं। मौलाना ने कहा सरकार औकाफ पर कब्जा कर उन्हें सरकारी इस्तेमाल में लेना चाहती है। शुक्रवार को आसिफी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मौलाना ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के व्यवहार को असंवैधानिक बताया। मौलाना ने कहा कि जेपीसी ने जिस तरह बिल को राज्यसभा में पेश किया वह अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। जगदम्बिका पाल ने असंबंधित व्यक्तियों को महत्व दिया और संबंधित लोगों की राय हटा दी। मौलाना ने कहा कि हम हमेशा कहते हैं कि यह कमेटी सिर्फ धोखा देने के लिए बनाई गयी थी और अब यह साबित हो गया है। मौलाना ने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों के दस्तावेज केवल मुसलमानों से ही क्यों मांगे जा रहे हैं। सरकारी और वक्फ जमीनों पर हैं हजारों मंदिर क्या हिन्दुस्तान में केवल मुसलमानों के ही औकाफ हैं। हजारों की संख्या में मंदिर सरकारी जमीनों पर बने हैं और कुछ मंदिर तो वक्फ सम्पत्ति पर भी हैं। क्या सरकार उनसे दस्तावेज मांगेगी। कितनी सरकारी इमारतें वक्फ की जमीन पर हैं जिनके दस्तावेज भी मौजूद हैं। आखिर यह इमारतें कब मुसलमानों को सौंपी जाएंगी। सरकार कह रही है कि हम जनता और देश की भलाई के लिए वक्फ बिल ला रहे हैं तो क्या मुसलमानों के वक्फ पर कब्जा करने से ही जनता और देश का विकास संभव होगा। अन्य धर्मों के वक्फ भी अरबों रुपयों के हैं। उन्हें इस दायरे में क्यों नहीं लाया जा रहा है। देश की भलाई के लिए बाहर निकालें मंदिरों का सोना-चांदी मौलाना ने कहा कि मंदिरों में बेशुमार धन-सम्पत्ति, सोना-चांदी को देश की भलाई के लिए बाहर निकाला जाना चाहिए, ताकि देश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि हम बिल को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और पर्सनल लॉ बोर्ड के रुख का समर्थन करते हैं। मौलाना ने कहा कि जल्द ही बिल के खिलाफ संगठित आंदोलन शुरू होगा। वॉकआउट नहीं वोटिंग से रोकें बिल मौलाना ने कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे राजनेताओं को बिल का विरोध करना चाहिए। अगर बिहार और आंध्र प्रदेश सरकारें बिल का रिववोध करती हैं तो इसे पास होने से रोका जा सकता है। मौलाना ने कहा कि विपक्ष को बिल के खिलाफ व्यवस्थित कार्ययोजना अपनानी होगी और एकजुट होकर बिल के खिलाफ वोट करना होगा। विपक्ष के वॉकआउट से काम नहीं चलेगा, बल्कि बिल को रोकने के लिए वोटिंग में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। कब्रें बेचने का आरोप साबित करें मंत्री नहीं तो दें इस्तीफा मौलाना ने प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के बयान की निंदा की जिसमें उन्होंने कहा था विधेयक का विरोध कब्रों की जमीन 5-5 लाख में बेचने वाले कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि मंत्री आरोप साबित करें नहीं तो पद से इस्तीफा दें या मुख्यमंत्री योगी उन्हें बर्खास्त करें। मौलाना ने कहा कि अगर वे अपने आरोप साबित कर दें तो हर पद से इस्तीफा देने को तैयार हूं। मौलाना ने कहा कि जो लोग पद और व्यक्तिगत लाभ के लिए बिल का समर्थन कर रहे हैं वह न सिर्फ कौम के गद् दार हैं बल्कि इमामे जमाना के भी गद्दार हैं, क्योंकि औकाफ इमाम की सम्पत्ति होती है।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ऑनोरिस कॉज़ा (डी.लिट.) की उपाधि से होंगे सम्मानित

■ इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ सोलहवां दीक्षांत समारोह 17 फरवरी को

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी अपने सोलहवें वार्षिक दीक्षांत समारोह को अत्यंत गौरव और उल्लास के साथ 17 फरवरी, 2025 को आयोजित करने जा रही है। यह महत्वपूर्ण अवसर शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व और नवाचार को सम्मानित करने के लिए समर्पित होगा। इस भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के माननीय सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अपनी दूरदर्शी सोच और नीति-निर्माण में प्रभावशाली योगदान के लिए विख्यात मानवेंद्र सिंह जी की उपस्थिति स्नातकों को प्रेरित करेगी। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय जी इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, जिससे यह कार्यक्रम और अधिक गरिमामय हो जाएगा। समारोह का एक अत्यंत प्रतिष्ठित क्षण तब होगा जब इंटीग्रल यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी को ऑनोरिस कॉज़ा (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित करेगी। यह सम्मान उन्हें कानून, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं एक कुशल नेता के रूप में पाठक जी ने विधायी, न्यायिक और ग्रामीण विकास क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. अरुण मैरा, जोकि एक प्रख्यात विचारक, भारत सरकार के पूर्व योजना आयोग के सदस्य, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति रह चुके हैं, दीक्षांत व्याख्यान देंगे। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी सभी स्नातकों और पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई देती है, जिन्होंने अपने संकल्प, परिश्रम और समर्पण से यह उपलब्धि प्राप्त की है। यह दीक्षांत समारोह केवल उनकी उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि उनके एक नए सफर की शुरुआत भी है, जहाँ वे समाज के नेतृत्वकर्ता, नवप्रवर्तक और परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में उभरेंगे।